रांची, शुक्रवार
30-10-2026
वर्ष : 01, अंक : 166
पृष्ट : 12
मूल्य 04 रू, मात्र
रांची से प्रकाशित

रफ़्तार मीडिया

RANCHI , चैत्र कृष्ण पक्ष-12 ₹04 RNI NO. - JHHIN/26/A3481 www.raftaarmedia.com

डिजिटल अरेस्ट पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- बैंक की लापरवाही से ठगी हुई तो पीड़ित को पूरा मुआवजा देना होगा

नई दिल्ली। देशभर में तेजी से बढ़ रहे डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने कहा कि वह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा प्रस्तावित एंटी-साइबर फ्रॉड नियमों को नोटिफाई करने की अनुमति देने से पहले उनकी समीक्षा करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि इन नियमों में यह प्रावधान अनिवार्य रूप से होना चाहिए कि यदि किसी वित्तीय संस्थान की लापरवाही के कारण धोखाधड़ी होती है तो संस्थान पीड़ित को हुए नुकसान की पूरी भरपाई करे। कोर्ट ने कहा कि कई मामलों में बैंकों की निष्क्रियता और कर्मचारियों की भूमिका के कारण ठग आसानी से लोगों के खातों से पैसा निकाल ले जाते हैं।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने टिप्पणी की कि डिजिटल अरेस्ट के मामलों में बैंकों की जवाबदेही तय करना बेहद जरूरी है। ऐसी व्यवस्था बननी चाहिए जिसमें पीड़ित के खाते से निकाली गई रकम की भरपाई सीधे बैंक करे, ताकि आम नागरिक को दर-दर भटकना न पड़े। कोर्ट ने कहा कि

आरबीआई के प्रस्तावित नियमों में यह अनिवार्य किया जाना चाहिए कि अगर वित्तीय संस्थान द्वारा जरूरी जांच-पड़ताल और केवाईसी जैसी प्रक्रियाओं में लापरवाही बरती गई है, जिसके कारण डिजिटल अरेस्ट या साइबर ठगी हुई है, तो वह वित्तीय संस्थान पीड़ित को कम से कम ठगी गई पूरी रकम का मुआवजा दे।

अदालत की सख्ती को देखते हुए केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए अटॉर्नी जनरल ने भरोसा दिलाया कि डिजिटल अरेस्ट से ठगी के मामले में जिस भी कर्मचारी की लापरवाही सामने आएगी, उसकी व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाएगी और उस पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि सरकार और आरबीआई मिलकर एक मजबूत फ्रेमवर्क बना रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक और अहम पहलू पर ध्यान दिलाया। कोर्ट ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट की लगभग सभी घटनाओं में व्हाट्सएप के दुरुपयोग की बात सामने आई है। ठग व्हाट्सएप कॉल और वीडियो कॉल के जरिए खुद को पुलिस अधिकारी, सीबीआई या ईडी का अफसर बताकर लोगों को डराते हैं और उन्हें डिजिटल रूप से गिरफ्तार करने का दावा करते हैं।

इंडिया ब्लॉक में शामिल हो सकती है सीजेपी

कार्यकर्ताओं से फीडबैक मांगा, 1 नवंबर की रैली को समर्थन; राहुल बोले- छात्र संगठन भी मार्च में आएं

□ एजेंसी नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी ने इंडिया ब्लॉक की 1 नवंबर की रैली का समर्थन किया है। सीजेपी नेता आशुतोष रांका ने कहा कि पार्टी समर्थक रामलीला मैदान में होने वाली रैली में शामिल हो सकते हैं। सीजेपी ने इंडिया ब्लॉक में शामिल होने के संकेत भी दिए हैं। इस पर कार्यकर्ताओं से फीडबैक मांगा है।

वहीं, राहुल गांधी ने गुरुवार को छात्र संगठनों से भी 1 नवंबर के दिल्ली चलो मार्च में आने की अपील की है। उन्होंने एक्स पर वीडियो जारी कर कहा कि पुलिस-लाठीचार्ज की चिंता नहीं करें। घबराने की जरूरत नहीं है।

इस रैली की तैयारियों को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पर इंडिया ब्लॉक की बैठक हुई। इसमें प्रियंका गांधी समेत गठबंधन के कई नेता पहुंचे।

इंडिया ब्लॉक और सीजेपी दोनों ही स्ट्रक्रऔर वोटरों के नाम काटे जाने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पर गुरुवार को इंडिया ब्लॉक के नेताओं की बैठक हुई। इसमें प्रियंका गांधी समेत कई नेता पहुंचे।

मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पर गुरुवार को इंडिया ब्लॉक के नेताओं की बैठक हुई। इसमें प्रियंका गांधी समेत कई नेता पहुंचे।

> जो लोग पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और CEC ज्ञानेश कुमार से परेशान हैं तो वे इस मार्च में शामिल हों। सभी छात्र संगठनों को भी इसमें आना चाहिए।
>
> **राहुल गांधी**
> कांग्रेस सांसद

विपक्ष की एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ 6 बैठकें-प्रदर्शन

इंडिया ब्लॉक के नेता सीजेपी और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर 6 से 13 अक्टूबर के बीच 8 बार प्रदर्शन कर चुके हैं। कॉकरोच जनता पार्टी और लेफ्ट ने भी 10 अक्टूबर को इसी मुद्दे पर प्रदर्शन बुलाया था, लेकिन दिल्ली पुलिस ने इसकी इजाजत नहीं दी। इस दौरान शहर में बैरिकेडिंग की गई थी, 45 मेट्रो स्टेशन बंद रहे और 7 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया।

राहुल बोले- ये किसी राजनीतिक पार्टी का मार्च नहीं

राहुल ने कहा कि यह किसी एक राजनीतिक पार्टी का मार्च नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को बचाने का मार्च है। यह मार्च भारतीय संविधान और राष्ट्र की रक्षा के लिए है। एक नवंबर का मार्च लोकतंत्र बचाने, वोट चोरी रोकने और संविधान की रक्षा के लिए है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को लगता है कि देश के लोकतंत्र, संविधान, विचारों और अपनी बात रखने की आजादी पर हमला हो रहा है तो उसे इस मार्च में शामिल होना चाहिए।

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ पब्लिक महाभियोग कार्यक्रम

विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक शुक्रवार को ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दिल्ली में पब्लिक महाभियोग प्रोग्राम करेगा। इसमें राहुल गांधी समेत विपक्षी नेा शामिल होंगे। दूसरी जगह पर परमिशन नहीं मिलने के बाद अब यह कार्य म दोपहर 3:30 बजे 10 राजाजी मार्ग पर होगा। ये कार्यक्रम विपक्ष की 1 नवंबर को रामलीला मैदान पर होने वाली रैली से पहले होगा। पब्लिक महाभियोग में जनता या राजनीतिक दल किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ विरोध जताते हैं।

ट्रांसजेंडर एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस

सर्जरी से महिला बने व्यक्ति को महिला अधिकार देने पर सवाल ; केंद्र ने 7 साल पहले कानून बनाया था

□ एजेंसी नई दिल्ली

क्या बायोलॉजिकल तौर पर पुरुष जन्मा व्यक्ति, सर्जरी करवाने के बाद महिला के लिए आरक्षित अधिकारों का दावा कर सकता हैज इस सवाल को लेकर एक महिला संगठन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

विमेंस डिक्लेरेशन इंटरनेशनल इंडिया ने बायोलॉजिक मेल को सर्जरी के बाद सरकारी दस्तावेजों में महिला दर्ज करने की व्यवस्था को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता संगठन विमेंस डिक्लेरेशन इंटरनेशनल इंडिया ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 की धारा 7और नियम 7 को चुनौती दी है।

याचिका के मुताबिक, यह प्रावधान बायोलॉजिकल पुरुषों को सर्जरी के बाद सरकारी दस्तावेजों में खुद को महिला के तौर पर दर्ज कराने की अनुमति देता है।

याचिका में 2014 के नालसा जजमेंट पर भी पुनर्विचार की मांग की गई है, जिसमें ट्रांसजेंडर लोगों को अपनी जेंडर पहचान की कानूनी मान्यता का अधिकार दिया गया था। 28 अक्टूबर को हुई सुनवाई के दौरान बेंच ने बताया - जन्म से पुरुष लेकिन महिला के रूप में पहचान रखने वाले ट्रांस व्यक्ति को बायोलॉजिकल महिला

के समान दर्जा नहीं मिलना चाहिए।

याचिकाकर्ता बोले- सर्जरी से जैविक क्रोमोसोम-जेनेटिक्स नहीं बदलते: याचिकाकर्ता संगठन के मुताबिक, जेंडर आइडेंटिटी के आधार पर जैविक महिलाओं के लिए बने संवैधानिक और कानूनी अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। मौजूदा व्यवस्था जेंडर आइडेंटिटी को जैविक सेक्स का आधार मानती है। इससे जन्म के समय पुरुष दर्ज व्यक्ति सरकारी दस्तावेजों में महिला पहचान हासिल कर सकते हैं। याचिका में दावा है कि इससे जैविक महिलाओं के लिए बने संवैधानिक और कानूनी संरक्षण तथा लाभ प्रभावित होते हैं। याचिका में कहा गया।

कोलकाता पुलिस बोली- कपड़े-मेकअप बचाने के चक्कर में भगदड़ मची

महिलाएं बारिश से बचने के लिए गेट पर जमा हुईं; दुर्गा पंडाल में 19 की मौत

□ एजेंसी कोलकाता

कोलकाता पुलिस ने कहा है कि चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल में बारिश के दौरान कपड़े और मेकअप बचाने के लिए महिलाएं बाहर निकलने वाले गेट पर जमा हो गई थीं। भीड़ बढ़ने से धक्का-मुक्की हुई और लोग एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे, जिससे भगदड़ मची।

यह घटना 17 अक्टूबर की शाम करीब 7:30 बजे हुई थी। भगदड़ में 19 लोगों की मौत हुई। पुलिस अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें दो पर पंडाल का एक हिस्सा गिरने की घोषणा कर अफरा-तफरी फैलाने का आरोप है।

गेट से करीब 11 फीट दूर गिरा पहला व्यक्ति

पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक, गेट से करीब 11 फीट दूर पहला व्यक्ति गिरा था। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि पंडाल में महिला वॉलंटियर और पुलिसकर्मी पर्याप्त संख्या में तैनात थे या नहीं।

पंडाल बनाने वाले आर्टिस्ट से भी पूछताछ

पुलिस ने बताया कि पंडाल का एक हिस्सा गिरने की घोषणा कर अफरा-तफरी फैलाने के आरोप में गिरफ्तार दो लोगों की आवाज के सैंपल लेने के लिए अदालत से अनुमति मांगी जा सकती है। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान पंडाल के आर्टिस्ट से भी पूछताछ की है।

सुरक्षा एजेंसी के रेडियो की जांच

पुलिस यह भी जांच कर रही है कि भीड़ बढ़ने की जानकारी प्रशासन तक पहुंचने में देरी तो नहीं हुई। पंडाल के आयोजकों ने सुरक्षा के लिए एक निजी एजेंसी रखी थी। उसके कर्मचारियों के पास 'मैनपैक' नाम के पोर्टेबल रेडियो थे।

केरलम मर्सिडीज केस, जज की गिरफ्तारी पर रोक

केरलम। केरलम हाईकोर्ट ने कोच्चि के मर्सिडीज हादसे में 17 साल के नाबालिग आरोपी के पिता और एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि जज न्यायिक अधिकारी हैं और जांच में सहयोग कर चुके हैं। वे पूछताछ के लिए भी पेश हुए थे। यह हादसा 24 अक्टूबर की देर रात कोच्चि के चेरानल्लूर इलाके में हुआ था। आरोप है कि जज का नाबालिग बेटा तेज रफ्तार मर्सिडीज चला रहा था। उसने स्कूटर सवार 55 साल के जयबालकृष्णन को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। कार जज के नाम पर रजिस्टर्ड है। हाईकोर्ट के फैसले पर मृतक की बेटी भद्रकीर्ति ने कहा कि जज होने की वजह से आरोपी के परिवार को विशेष राहत मिल रही है।

तूफान आंध्र प्रदेश में रेलवे पुल डूबा ; एमपी-राजस्थान सहित 15 राज्यों में बारिश-ठंड बढ़ेगी

ओडिशा में साइक्लोन से बाढ़, 300 गांवों में लोग फंसे

जयपुर/लखनऊ/भोपाल/पटना। बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान अर्नब भले ही कमजोर पड़ गया है लेकिन देश भर में इसका असर जारी है। चक्रवात ने सबसे ज्यादा ओडिशा और आंध्र प्रदेश में तबाही मचाई है। दोनों राज्यों में करीब 6 लोगों की मौत हुई है।

ओडिशा के गंजाम जिले में लगातार 4 दिनों से भारी बारिश हो रही है। करीब 300 गांवों में बाढ़ आ गई है। राज्य सरकार इन इलाकों में फंसे लोगों को हेलिकॉप्टर से निकालने की तैयारी कर रही है। राज्य में अब तक करीब 30 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

वहीं, आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में एक रेलवे पुल पानी में डूब गया है, जिसके चलते दोनों ओर से ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई है। प्रशासन

फंसे यात्रियों को सड़क के रास्ते निकालने की तैयारी कर रहा है। ओडिशा और आंध्र प्रदेश के कई इलाकों में हजारों पेड़ गिर गए हैं। कई पुल और सड़कें भी बह गई हैं।

चक्रवात के असर से मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश समेत 15 राज्यों में भी बुधवार रात से बारिश हो रही है। इन राज्यों में अगले दो दिन बारिश जारी रह सकती है। तेज बारिश की आशंका को देखते हुए छत्तीसगढ़ के 12 और ओडिशा के 16 जिलों में गुरुवार को स्कूल बंद रखे गए हैं।

चक्रवात अब डीप डिप्रेशन में बदला

चक्रवात अर्नब मंगलवार देर रात करीब 3:30 बजे आंध्र प्रदेश के तट से टकराया था। इस दौरान 125 से 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, चक्रवात अर्नब कमजोर होकर डीप डिप्रेशन में बदल गया है। गुरुवार सुबह तक इसके डिप्रेशन और शाम तक कम दबाव वाले क्षेत्र में बदलने की संभावना है। चक्रवात अर्नब के असर से मध्य प्रदेश में बारिश का दौर जारी है।

स्ट्रीट डांस, निबंध, वाद-विवाद और पेंटिंग प्रतियोगिताओं के जरिए चलाया जाएगा जन-जागरूकता अभियान

झारखंड स्थापना दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर होंगे भव्य आयोजन

11 नवंबर से रवाना होगी एलईडी जागरूकता वैन, सरकारी योजनाओं का होगा प्रचार-प्रसार

रफ्तार मीडिया संवाददाता

धनबाद : झारखंड राज्य की 26वीं वर्षगांठ और भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले 'झारखंड स्थापना दिवस' को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। इसे लेकर उप विकास आयुक्त सन्नी राज की अध्यक्षता में डीएमएफटी सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला स्तरीय अधिकारियों और कार्यपालक अभियंताओं के साथ कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।

मोरहाबादी की तर्ज पर जिले में भी होंगे विविध कार्यक्रम

बैठक में उप विकास आयुक्त ने जानकारी दी कि राज्य स्तर पर मुख्य समारोह रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होगा, जबकि धनबाद जिला मुख्यालय स्तर पर भी कई आकर्षक और भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों की शुरूआत आगामी 11 नवंबर को एलईडी जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर की जाएगी। यह वैन 29 नवंबर तक पूरे जिले में भ्रमण कर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुँचाएगी। इसके अलावा, जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए स्थानीय कलाकारों और सांस्कृतिक दलों के माध्यम से शहर के लगभग 10 प्रमुख स्थानों पर स्ट्रीट डांस (नुक्कड़ नाटक/नृत्य) का आयोजन किया जाएगा।

स्कूली बच्चों और कलाकारों के लिए प्रतियोगिताएं

युवाओं और स्कूली बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर वाद-विवाद और निबंध प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी। साथ ही, स्थानीय कलाकारों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रमों के तहत 15 नवंबर और 29 नवंबर को जिला स्तर पर विशेष आयोजन किए जाएंगे, जबकि मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भी विभिन्न खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। डीडीसी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों और कार्यपालक अभियंताओं को अपनी-अपनी कार्ययोजना समय पर तैयार करने के सख्त निर्देश दिए हैं। इस उच्चस्तरीय बैठक में उप विकास आयुक्त सन्नी राज के अलावा अपर समाहर्ता प्रदीप कुमार शुक्ला, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार ओझा, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रामनारायण खालको, जिला आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेहा कश्यप और डीएसई शालिनी डुंगडुंग सहित कई अन्य विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

समाचार सार

पर्वतपुर जेएसडब्ल्यू प्रबंधन के खिलाफ रैयतों का धरना चौथे दिन भी जारी, 29 अक्टूबर को मुख्य गेट जाम करने की चेतावनी

बोकारो : जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड के पर्वतपुर कोल ब्लॉक में रैयतों और मजदूरों का आंदोलन तेज होता जा रहा है। नियोजन, रोजगार समेत अन्य मांगों को लेकर कोल ब्लॉक के मुख्य द्वार के समीप चल रहा धरना गुरुवार को चौथे दिन भी जारी रहा। आंदोलनरत रैयतों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। रैयतों ने अब आर-पार की लड़ाई लड़ने का ऐलान करते हुए 29 अक्टूबर को कोल ब्लॉक का मुख्य गेट जाम करने की चेतावनी दी है। हालांकि मुख्य गेट से 50 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।

अपराधियों व उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का एसपी ने दिया निर्देश

बोकारो : अब अपराधियों और उपद्रवियों की खैर नहीं रहेगी। बोकारो एसपी ने दुर्गापूजा , लोक आस्था का पर्व छठ पूजा को लेकर सख्त निर्देश दिया है। इसको लेकर जिला प्रशासन संयुक्त कार्रवाई करेगी। एसपी नाथू सिंह मीना ने कहा कि पूजा के दौरान किसी भी कीमत पर हुल्लड़बाजी बर्दाश्त नहीं होगी।अपराधियों को गिरफ्तार करने, फरार वारंटियों को गिरफ्तार करने, जरूरी हो तो बीएनएस की धारा 163 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। एसपी ने कहा कि विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश सभी डीएसपी, थाना प्रभारी एवं एसडीएम को दिया गया है। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में पूजा सम्पन्न कराने की अपील किया है, आम जनों की सुरक्षा के लिए सख्त निर्देश दिया है।

जेएसडब्ल्यू पर्वतपुर कोल ब्लॉक के मुख्य द्वार के 50 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू

बोकारो : जेएसडब्ल्यू (पर्वतपुर कोल ब्लॉक) प्रबंधन द्वारा रैयतों को नियोजन नहीं दिए जाने के विरोध में 29 अक्टूबर 2026 को मुख्य द्वार अनिश्चितकालीन बंद करने की सूचना के मद्देनजर अनुमंडल दंडाधिकारी, चास प्रांजल ढांडा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की है।यह आदेश 29 अक्टूबर 2026 को पूर्वाह्न 5 बजे से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। मुख्य द्वार के 50 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की गई है। निषेधाज्ञा के तहत प्रतिबंधित क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, भीड़ लगाने, जुलूस, रैली, सभा, धरना एवं प्रदर्शन करने पर रोक रहेगी। इसके अलावा आग्नेयास्त्र, पारंपरिक हथियार तथा कुदाल, गैता जैसे खुदाई के उपकरण लेकर चलने पर भी प्रतिबंध रहेगा। मुख्य द्वार के आसपास ऐसी किसी भी गतिविधि की अनुमति नहीं होगी, जिससे औद्योगिक कार्य, सार्वजनिक आवागमन अथवा विधि-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका हो। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल को छोड़कर अन्य व्यक्तियों के अनधिकृत प्रवेश एवं आवागमन पर भी रोक रहेगी। अनुमंडल दंडाधिकारी ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निषेधाज्ञा का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

जेटेट परीक्षा के सफल संचालन को लेकर प्रतिबंधित वस्तुओं एवं मोबाइल उपयोग पर सख्ती

परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व जांच अनिवार्य, वीक्षकों को भी मोबाइल जमा करना होगा

केंद्राधीक्षक एवं स्थैतिक दंडाधिकारी ही निर्धारित निदेर्शों के तहत कर सकेंगे मोबाइल का उपयोग

रफ्तार मीडिया संवाददाता

बोकारो : आगामी 01 नवंबर 2026 को प्रस्तावित झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट)-2026 के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था के अनुपालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।इस क्रम में निम्नलिखित निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पूर्व सभी परीक्षार्थियों की निर्धारित प्रक्रिया के तहत जांच की जाएगी। इसका उद्देश्य परीक्षा की शुचिता बनाए रखना एवं प्रतिबंधित वस्तुओं के प्रवेश पर रोक लगाना है परीक्षार्थियों को मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन, स्मार्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, कैलकुलेटर, पेजर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा पुस्तक, नोटबुक, लॉगबुक, बैग, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट एवं टोपी जैसी प्रतिबंधित वस्तुएं भी ले जाना वर्जित रहेगा। परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पूर्व सभी वीक्षक अपना मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण केंद्राधीक्षक अथवा उनके द्वारा अधिकृत कर्मी के पास जमा करेंगे। किसी भी वीक्षक को मोबाइल फोन लेकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा संचालन के दौरान केवल केंद्राधीक्षक एवं स्थैतिक दंडाधिकारी ही निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुरूप मोबाइल फोन का उपयोग कर सकेंगे। अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मोबाइल उपयोग से संबंधित प्रतिबंधों का सख्ती से अनुपालन करना होगा। जिला प्रशासन ने परीक्षा से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित दिशा-निदेर्शों का गंभीरता से अनुपालन सुनिश्चित करें। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने तथा कदाचारमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी सतर्कता के साथ करें।

सिंघानी ओवरब्रिज के पास झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय और फागू बेसरा का जोरदार स्वागत

सुनील शर्मा के नेतृत्व में जुटे पार्टी नेता और कार्यकर्ता, फूल-मालाओं से किया अभिनंदन

रफ्तार मीडिया संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह केंद्रीय प्रवक्ता विनोद पांडेय एवं केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा का गुरुवार को हजारीबाग में जोरदार स्वागत किया गया। रांची से गिरिडीह जाने के क्रम में दोनों वरिष्ठ नेताओं के सिंघानी ओवरब्रिज के पास पहुंचने पर झामुमो नेताओं और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व झामुमो के केंद्रीय सदस्य सुनील शर्मा ने किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। संगठन की एकजुटता का दिया संदेश स्वागत कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय सदस्य सुनील शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रंजीत मेहता एवं जिला प्रवक्ता कुणाल यादव सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने दोनों केंद्रीय महासचिवों का स्वागत करते हुए उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। नेताओं के आगमन पर सिंघानी ओवरब्रिज के समीप बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की जुटान हुई। इस दौरान पार्टी के प्रति एकजुटता और संगठनात्मक सक्रियता देखने को मिली। कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आपसी समन्वय एवं संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। वरिष्ठ नेताओं के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। इस मौके पर उपस्थित रोहित कुमार, आकाश चौधरी, बबलू सिंह, मयंक सिंह, संदीप कुशवाह, मनोज मेहता, मंजीत साव, मुखिया मनोज मेहता, जय प्रकाश मेहता, अनिकेत कुमार, सौरव कुमार, विशाल कुमार, राजेश मेहता, दीपक मेहता, आकाश पासवान, रवि पासवान, मंटू शर्मा, दिलीप उपाध्याय, मनु मांझी, नरेश मांझी, गौरव कुमार, विवेक कुमार, प्रियांशु राज, साहिल, उत्कर्ष, हैपी, विनोद टुडू, सुधीर यादव, प्रवीण मेहता, रवि शंकर, संजय मेहता, अशोक पासवान, अनिल ठाकुर, तुलसी यादव, कपिल देव बैठा, कैलाश राम, मुकेश राम, रेणु देवी, रेखा देवी, मंजू देवी, गुंडवा देवी, जिलानी अंसारी, नारायण गोप, प्रमोद गुप्ता, अजय गुप्त, संतु यादव, राजू साव और मन्नू गुप्ता समेत सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

देवी मंदिर रेम्बा में छठ पूजा समिति का गठन धूमधाम से छठ महापर्व मनाने का निर्णय

रेम्बा में छठ पूजा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन पर बनी सहमति

रफ्तार मीडिया संवाददाता

रेम्बा /गिरिडीह। छठ महापर्व को धूमधाम से मनाने तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारियों को लेकर गुरुवार, 29 अक्टूबर 2026 को देवी मंदिर परिसर, रेम्बा में ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में छठ पूजा समिति का गठन किया गया और पर्व को बेहतर ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां सर्वसम्मति से सौंपी गईं। बैठक में सर्वसम्मति से प्रदीप पंडित को अध्यक्ष, सुजीत कुमार राम को सचिव, दिनेश राम को सह सचिव तथा मनोज मोदी को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं, पवन कुमार राम, राहुल कुमार सुनील राम एवं शंकर राम को संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में छठ महापर्व के दौरान धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन, साफ-सफाई, साज-सज्जा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। उपस्थित ग्रामीणों ने एक स्वर में छठ पूजा को पूरे उत्साह, श्रद्धा और आपसी सहयोग के साथ मनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर जितेंद्र राम, रणजीत राम, सिकंदर राम, विकेंद्र राम, दिलीप राम, सोनू राम गणेश राम सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

सभी ने छठ पूजा को सफल बनाने के लिए तन-मन से सहयोग करने तथा आयोजन को यादगार बनाने का संकल्प लिया। बैठक में लिए गए निर्णय से रेम्बा में छठ महापर्व को लेकर उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि सामूहिक सहयोग से इस वर्ष पूजा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा।

थाना प्रभारी के सामने युवक की पिटाई का आरोप मुख्य आरोपी अब भी फरार, एसपी से मिले भाजपा नेता

बोकारो एसपी ने बेरमो एसडीपीओ को त्वरित कार्रवाई का दिया निर्देश

कसमार में सामाजिक कार्यकर्ता अजय भारती के साथ मारपीट का मामला

रफ्तार मीडिया संवाददाता

बोकारो : बोकारो के कसमार थाना क्षेत्र में सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अजय भारती के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। अजय भारती ने सुमित वर्धन उर्फ हनी समेत अन्य लोगों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि घटना के समय कसमार थाना प्रभारी कुंदन कुमार भी मौके पर मौजूद थे, लेकिन उनके सामने ही उनके साथ मारपीट की गई। मामले को लेकर भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने बोकारो एसपी से मुलाकात कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। अजय भारती के अनुसार, वह अपने ससुराल आए हुए थे। इसी दौरान सुमित वर्धन उर्फ हनी ने फोन कर उन्हें बुलाया।

पहले से धमकी मिलने के कारण उन्हें हमले की आशंका थी। उन्होंने इसकी सूचना थाना प्रभारी को फोन पर दी। संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने पर एसपी को जानकारी दी गई। इसके बाद थाना प्रभारी सादे कपड़ों में मौके पर पहुंचे और अजय को घर से बाहर बुलाया। अजय का आरोप है कि जैसे ही वह गेट खोलकर बाहर निकले, 8-10 लोगों ने उन पर हमला कर दिया। मारपीट में उनके माथे पर चोट लगी। अजय ने पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि थाने में दर्ज कराई गई शिकायत में उनकी ओर से बताई गई सभी बातें शामिल नहीं की गईं।

उन्होंने यह भी दावा किया कि मुख्य आरोपी समेत कुछ लोगों को छोड़ दिया गया, जबकि एक आरोपी को जेल भेजा गया। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। अजय भारती ने कहा कि वह क्षेत्र में कथित अवैध कारोबार और जमीन पर कब्जे से जुड़े मामलों के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। उनका आरोप है कि इसी वजह से उन्हें निशाना बनाया गया। वहीं, भाजपा नेताओं ने एसपी से मुख्य आरोपी सुमित वर्धन उर्फ हनी और उसके साथियों को गिरफ्तार करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार, एसपी ने बेरमो एसडीपीओ को मामले में त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया है। नेताओं का दावा है कि फिलहाल एक आरोपी गिरफ्तार हुआ है, जबकि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस का आधिकारिक पक्ष और मामले की विस्तृत जानकारी सामने आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

राजधनवार के एतिहासिक राजघाट छठ मेले की तैयारी शुरू

रफ्तार मीडिया संवाददाता



राजधनवार (गिरिडीह): राजधनवार के ऐतिहासिक राज छठ घाट पर इस वर्ष भी आलौकिक सजावट की झलक दिखेगी। छठ महापर्व पर यहां आयोजित होने वाले तीन दिवसीय छठ मेले को लेकर भव्य सजावट की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। बंगाल और झारखंड से आए कारीगर दिन-रात आकर्षक पंडाल और कलाकृतियां बनाने में जुटे हैं। यहां छठ पूजा के अवसर पर तीन दिवसीय मेले का भी आयोजन होता है, जिसमें राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस बार राज छठ घाट पर राजस्थान के एक मंदिर की तर्ज पर भव्य सूर्य मंदिर बनाया जा रहा है। नदी पर लकड़ी के पुल को काल्पनिक मंदिर का रूप दिया जाएगा। वहीं राज परिवार के आवास के सामने वृंदावन धाम की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का दर्शन होगा। इसके अलावा आकर्षक विद्युत सज्जा, तोरणद्वार और विभिन्न कलाकृतियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनेंगी। मेले को भव्य रूप देने के लिए मीना बाजार और इलेक्ट्रिक झूले भी लगाए जा रहे हैं। छठ महापर्व के अवसर पर राजधनवार बाजार के प्रमुख मार्गों को भी आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया जाएगा।

खरना से पारण तक पूरा बाजार रोशनी से जगमगाएगा और दुल्हन की तरह सजा नजर आएगा। सजावट और तैयारियों को समय पर पूरा करने के लिए छठ पूजा समिति के संरक्षक अनुप संथालिया सहित बालेश्वर मोदी, जयप्रकाश गुप्ता, पंकज वर्णवाल, सुधीर अग्रवाल, अशोक साव, मुन्ना साव, अनमोल कुमार, राहुल कुमार, शुभम कुमार, विरेन्द्र कुमार साव, राजेन्द्र मोदी, मुकेश कुमार समेत समिति के अन्य सदस्य दिन-रात जुटे हुए हैं।

झमाझम बारिश के बीच विधायक कल्पना सोरेन ने किया क्षेत्र का दौरा, छठ घाटों का लिया जायजा

नदी में डूबे बच्चों के परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस, आर्थिक मदद का दिया भरोसा

विभिन्न गांवों में चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

रफ्तार मीडिया संवाददाता

गांडेय : गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन अपने विधानसभा क्षेत्र और गिरिडीह के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान लगातार हो रही झमाझम बारिश के बीच उन्होंने कई इलाकों का दौरा किया, विकास योजनाओं की समीक्षा की और ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया।

छठ घाटों पर व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

आगामी लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ दासडीह और प्रखंड मुख्यालय स्थित विभिन्न छठ घाटों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को घाटों की समुचित साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध और पहुंच पथ को समय रहते दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए, ताकि छठव्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

दिन मे चौपाल लगाकर सुनीं जनसमस्याएं

दौरे के क्रम में विधायक ने पंडरी पंचायत के नावाटांड़ व मुस्लिम टोला, पर्वतपुर पंचायत के सिमराकुंदर और उदयपुर पंचायत के द्योबना गांव में ग्रामीणों व प्रबुद्धजनों के साथ बैठकें कीं। उन्होंने ग्रामीणों की बिजली, पानी, सड़क व अन्य बुनियादी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश देते हुए ग्रामीणों को आश्वस्त किया।

शोक संतप्त परिजनों से मिलकर दिया सांत्वना

विधायक ने बीते पखवाड़े गांडेय के गांधीनगर के नदी में डूबने से जान गंवाने वाले तीन मासूम बच्चों के घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया, गहरी संवेदना व्यक्त की और अपनी ओर से हरसंभव सहयोग व आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा जनता की सेवा और क्षेत्र का समग्र विकास ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। छठ महापर्व में श्रद्धालुओं को हर सुविधा मिले, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। दुख की घड़ी में हम पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं। मौके पर मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद, झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह, राजकुमार पाठक उर्फ छोटे, मो. आलम, अकबर अंसारी, केंद्रीय सदस्य दिलीप मंडल, चिह्नित आंदोलनकारी बैजनाथ राणा, भैरो वर्मा, अरुण पाठक समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

समाचार सार

फुसरो में डिवाइडर से टकराया ट्रक, अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त, चालक की तलाश

बोकारो (रफ्तार मीडिया संवाददाता) : बेरमो थाना क्षेत्र में डुमरी-जैनामोड़ मुख्य मार्ग पर फुसरो से ओवरब्रिज की ओर जाने वाले रास्ते में देर रात एक ट्रक डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, हादसे में चालक के घायल होने की सूचना नहीं है। दुर्घटना के बाद चालक मौके से चला गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त ट्रक का पंजीकरण नंबर जेएच 05 डीएम-5501 है। ट्रक फुसरो से ओवरब्रिज की ओर जा रहा था। इसी दौरान चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और ट्रक डिवाइडर से जा टकराया। हादसे में वाहन के अगले हिस्से को काफी नुकसान पहुंचा। दुर्घटना के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन बाधित रहा। घटना की सूचना मिलने पर बेरमो पुलिस मौके पर पहुंची और जाम हटाने की कार्रवाई की। इसके बाद सड़क पर यातायात बहाल कराया गया। फिलहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। चालक के मौके से चले जाने के बाद उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस की जांच के बाद ही हादसे की परिस्थितियों के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने आ सकेगी।

डायन प्रथा सामाजिक कलंक, अंधविश्वास के खिलाफ छात्राओं ने ली शपथ

लातेहार (रफ्तार मीडिया संवाददाता)। जिले के सदर प्रखंड स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में गुरुवार को डायन के नाम पर महिला उत्पीड़न–एक सामाजिक कलंक विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को डायन प्रथा जैसी कुप्रथा, अंधविश्वास और महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन ने कहा कि डायन प्रथा मानवता पर कलंक और गंभीर सामाजिक अपराध है। समाज में डायन जैसी कोई चीज नहीं होती। किसी व्यक्ति के बीमार पड़ने या किसी अनहोनी के पीछे वैज्ञानिक कारण होते हैं, न कि किसी महिला का जादू-टोना। उन्होंने कहा कि इस तरह की सोच अंधविश्वास पर आधारित है, जिसे समाज से दूर करना आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को बताया कि किसी महिला को डायन बताकर प्रताड़ित करना, उसके साथ मारपीट करना या सार्वजनिक रूप से अपमानित करना दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना होगा। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने छात्राओं से अपील की कि वे समाज में बदलाव की वाहक बनें। यदि कहीं किसी महिला को डायन के नाम पर प्रताड़ित किया जाता है, तो इसकी सूचना तत्काल ग्राम प्रधान, पुलिस या जिला प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में चुप रहने के बजाय पीड़ित महिला की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। छात्राओं ने लिया अंधविश्वास मुक्त समाज बनाने का संकल्पकार्यक्रम के अंत में विद्यालय की सभी छात्राओं को डायन प्रथा के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। छात्राओं ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक समानता के प्रति जागरूक रहने तथा अंधविश्वास मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय की वार्डेन पिंकी कुमारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा जिला जनसंपर्क विभाग के सूर्यतनय सिंह, राकेश कुमार मिश्रा, दीपक कुमार, मुर्शीद अंसारी, संतोष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

4 नवंबर को लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ मार्च/रैली

मेदिनीनगर(रफ्तार मीडिया संवाददाता): मेदिनीनगर जिला कार्यालय में हुई संगठात्मक बैठक को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद श्री आदित्य साहू ने कहा कि बूथ स्तर से जिला स्तर तक के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं नेता मोदी सरकार के 12 वर्षों के जनकल्याण और विकास एवं उपलब्धियां को घर-घर गांव गांव तक पहुचाने के कार्य में जुट जाए ताकि अधिक से अधिक लोग लाभवांवित हो सके। पिछले 7 वर्षों से झारखंड की भ्रष्ट लूट खसोट वाली हेमंत सरकार के कारनामे भी लोगों को बताएं कि किस तरह गांव गरीब किसान महिला युवा दलित आदिवासी मजदूर का हेमंत सरकार शोषण कर रही है। सरकार में बिचौलिए एवं माफिया का दबदबा है गरीबों का हक मारा जा रहा है एवं राज्य का विकास कार्य पूरी तरह चरमरा गया है। कार्यकर्ता सजग रहे लोकतांत्रिक ढंग से आंदोलनत्मक रहे। प्रदेश संगठन महामंत्री श्री पवन साय ने कहा कि संगठन का विस्तार बूथ स्तर तक सुदृढ़ होगा। सभी प्रमुख एवं सक्रिय कार्यकर्ता एवं नेता गांव पंचायत प्रखंड स्तर तक प्रवास करेंगे। राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्यकर्ता एवं नेता समाज एवं देश की सेवा करने में जुटे रहे। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि मोदी सरकार का सपना विकसित भारत बनाना है उसके लिए पिछले 12 साल से विकास की गति निरंतर आगे बढ़ रही है हर क्षेत्र में विकास एवं जन कल्याण के लिए कार्य किया जा रहे हैं जिससे विपक्ष पूरी तरह हताश है और अराजकता फैलाने का कार्य कर रही है जिस देश की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेंगी। बैठक को सांसद विष्णु दयाल राम विधायक आलोक चौरसिया विधायक शशि भूषण मेहता ने भी संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने किया एवं संचालन जिला महामंत्री अजय सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद साहब प्रदेश महामंत्री अमर बावरी एवं मनोज सिंह प्रदेश मंत्री सरोज सिंह पलामू जिला प्रभारी शशि भूषण भगत पूर्व विधायक कमलेश सिंह एवं पुष्पा देवी महापौर अरुणा शंकर पूर्व सांसद मनोज कुमार एवं कुरान राम वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे विपिन बिहारी सिंह नरेंद्र पांडे विजय आनंद पाठक शिवकुमार मिश्र अरविंद सिंह सुनील पासवान मधु लता रानी लाल यादव रेणु देवी सुजाता देवी प्रिया रंजन शर्मा शुभम प्रसाद श्वेताम गर्ग अजय तिवारी दुर्गा जौहरी कामेश्वर कुशवाहा विजय कुशवाहा सतीश पासवान रीना किशन शंकर गुप्ता विपुल गुप्ता मनोज विश्वकर्मा सुनीता सिंह ललित सहाय प्रिया सिंह अरविंद गुप्ता कृष्लय तिवारी साधु माझी ईश्वरी पांडे भोला पांडे सरवन गुप्ता छोटू सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं नेता मौजूद थे।

राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह के लिए झारखंड के राज्यपाल को दिया गया निमंत्रण

रफ्तार मीडिया संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस 2026 एवं भगवान बिरसा मुंडा राष्ट्रीय सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए झारखंड के राज्यपाल को आमंत्रित किया गया। आधुनिक इंडिया फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें राष्ट्रीय समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। आधुनिक इंडिया फाउंडेशन की ओर से आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा राष्ट्रीय सम्मान समारोह 15 नवंबर 2026, रविवार को नई दिल्ली स्थित लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के स्वर्ण जयंती सभागार में सुबह 9:30 बजे से आयोजित होगा। समारोह में देशभर से जनजातीय समाज के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, विशिष्ट अतिथियों और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों के शामिल होने की संभावना है। समारोह का मुख्य उद्देश्य भारत की समृद्ध जनजातीय विरासत, संस्कृति, परंपराओं और राष्ट्र निर्माण में जनजातीय समाज के योगदान को सम्मान देना है। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, साहस, स्वाभिमान और स्वशासन के विचारों को याद किया जाएगा। भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए आदिवासी समाज के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनका जीवन और संघर्ष आज भी जनजातीय समाज के साथ-साथ पूरे देश के लोगों को प्रेरित करता है। आधुनिक इंडिया फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, कौशल विकास, संस्कृति और सामुदायिक सशक्तीकरण के क्षेत्र में कार्य करने के उद्देश्य से सक्रिय है। राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित यह समारोह जनजातीय समाज की पहचान, सम्मान और उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर सामने लाने का एक प्रयास है। मुलाकात करने वालों में आधुनिक इंडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीके चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद उरांव, रांची की महिला नेत्री निरंजना हेरेंज टोप्पो, सीआरपीएफ के पूर्व आईजी वीरेंद्र टोप्पो, समाजसेवी राजश्री रानी भगत, सामाजिक कार्यकर्ता बबलू उरांव और सामाजिक कार्यकर्ता कमलचंद किस्पोट्टा शामिल थे।

पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्युत शवदाहगृह का संचालन जरूरी : संजय अग्रवाल

जामताड़ा में वर्ष 2019 से बंद विद्युत शवदाहगृह चालू कराने की मांग को लेकर चैंबर के अध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को सौंपा पत्र

रफ्तार मीडिया संवाददाता

जामताड़ा। जामताड़ा चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं सदस्य विजय भगत ने गुरुवार को कोर्ट रोड स्थित राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सह कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी के आवास पर मुलाकात कर सतसाल स्थित अजय नदी घाट की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने मंत्री को पत्र सौंपकर वर्ष 2019 से बंद पड़े विद्युत शवदाहगृह को अविलंब चालू कराने तथा पारंपरिक श्मशान घाट के जीर्णोद्धार की मांग की। पत्र में कहा गया है कि अजय नदी घाट जामताड़ा शहर सहित पूरे जिले के लोगों के लिए अंतिम संस्कार का प्रमुख एवं पवित्र स्थल है। यहां लाखों लोगों की धार्मिक और सामाजिक भावनाएं जुड़ी हुई हैं। इसके बावजूद विद्युत शवदाहगृह वर्षों से बंद पड़ा है। लकड़ियों की कमी के कारण मृतकों के परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। विद्युत शवदाहगृह चालू होने से लोगों को राहत मिलने के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने अजय नदी के प्रथम छोर पर स्थित पारंपरिक श्मशान घाट की जर्जर स्थिति पर भी चिंता जताई। घाट तक जाने वाले रास्ते की मरम्मत, पर्याप्त शेड निर्माण, बैठने की व्यवस्था, पेयजल और प्रकाश की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई। विशेषकर बरसात और गर्मी के मौसम में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है क्या कहते हैं चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय अग्रवाल अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील परिस्थिति में लोगों को मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परेशानी उठानी पड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है। वर्षों से बंद विद्युत शवदाहगृह को चालू कराने और श्मशान घाट का समुचित विकास कराने के लिए प्रशासन को गंभीरता से पहल करनी चाहिए। वही चैंबर ऑफ कॉमर्स के सभी सदस्यों ने उम्मीद जताई कि जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण मामले में शीघ्र कार्रवाई होगी, ताकि जिलेवासियों को अंतिम संस्कार के दौरान होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके। मौके पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य विजय भगत, कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपिका बेसरा, कांग्रेस नेता सुभाष सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली के लिए 13 बसों से दिल्ली रवाना हुए समर्थक, बंधु तिर्की व शिल्पी नेहा तिर्की ने दिखाई झंडी

1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में जुटेंगे झारखंड के समर्थक, मोरहाबादी स्थित आवास से बंधु तिर्की ने 13 बसों को किया रवाना

रफ्तार मीडिया संवाददाता

रांची : दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली में शामिल होने के लिए झारखंड से समर्थकों का जत्था गुरुवार को दिल्ली के लिए रवाना हुआ। रांची के मोरहाबादी स्थित कांग्रेस नेता बंधु तिर्की के आवास से 13 बसों में सवार समर्थकों को बंधु तिर्की और विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान समर्थकों में महारैली में शामिल होने को लेकर उत्साह देखने को मिला। रवाना कार्यक्रम के दौरान समर्थकों ने दिल्ली पहुंचकर महारैली में भाग लेने की तैयारी की।

13 बसों के माध्यम से समर्थकों को दिल्ली भेजने की व्यवस्था की गई, ताकि वे रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हो सकें। इस मौके पर लोकतंत्र की रक्षा और मताधिकार के महत्व से जुड़े मुद्दों को लेकर महारैली में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

बंधु तिर्की ने कहा कि 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का मंच है। उन्होंने समर्थकों से बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचकर महारैली में भाग लेने और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने की अपील की। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक के वोट का महत्वपूर्ण स्थान है। मताधिकार की सुरक्षा और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए जनजागरूकता जरूरी है।

उन्होंने समर्थकों से एकजुट होकर महारैली में भाग लेने तथा इसके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मोरहाबादी स्थित आवास से 13 बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया जाना महारैली में झारखंड की भागीदारी की तैयारियों का अहम हिस्सा रहा। दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को आयोजित होने वाली इस महारैली में शामिल होकर समर्थक 'वोट बचाओ, देश बचाओ' के संदेश को बुलंद करेंगे।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत भाजपा की प्रेस वार्ता, बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

4 नवंबर को हजारीबाग में निकाली जाएगी पदयात्रा, मतदाता सूची पुनरीक्षण को बताया आवश्यक

रफ्तार मीडिया संवाददाता

हजारीबाग। भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत हजारीबाग स्थित परिसदन भवन में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को लेकर भ्रम फैलाने और जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले राजनीतिक दलों को जनता के बीच जाकर अपना पक्ष रखना चाहिए और चुनाव में जनादेश प्राप्त करना चाहिए। प्रेस वार्ता में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल, बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद तथा भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने विषय प्रवेश कराया और मंच संचालन किया। कार्यक्रम के संयोजक जय नारायण प्रसाद कुशवाहा तथा सह-संयोजक सुमित कुमार लाहेरी थे। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में एनडीए सरकार बनने के बाद से कांग्रेस और उसके नेता लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर देश में भ्रम और अराजकता का माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पहले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर सवाल उठाती रही, फिर मतदाता सूची में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया और अब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया आवश्यक है। मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करना चुनाव व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मृत, स्थानांतरित, दोहरे और अपात्र मतदाताओं के नामों की जांच कर सूची को शुद्ध एवं पारदर्शी बनाना है।

इस प्रक्रिया में बूथ लेवल अधिकारियों के साथ-साथ मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट भी सहयोग करते हैं।उन्होंने कहा कि यदि किसी योग्य मतदाता का नाम सूची से छूट गया है, तो संबंधित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को नियमानुसार लिखित दावा और आपत्ति दर्ज करानी चाहिए। केवल प्रेस वार्ता और सार्वजनिक बयानबाजी के माध्यम से जनता को भ्रमित करना उचित नहीं है। बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस जनता का विश्वास हासिल करने के बजाय आंदोलन और भ्रामक प्रचार के माध्यम से देश में अस्थिरता पैदा करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली राजनीतिक पार्टियों को जनता के बीच जाकर चुनाव लड़ना चाहिए और जनादेश का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं और आम जनता से लोकतंत्र, संविधान, शांति तथा विकास के प्रति प्रतिबद्ध रहने और इनके विरोध में काम करने वाली ताकतों के प्रति सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति और कथित तौर पर अराजकता फैलाने के प्रयासों को उजागर करेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान बाबूलाल मरांडी ने घोषणा की कि लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत 4 नवंबर को हजारीबाग में पदयात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं और आम जनता से इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश मंत्री अमरदीप यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील शिव प्रसाद मेहता, शिवलाल महतो, शैफाली गुप्ता, जय नारायण प्रसाद कुशवाहा, कुणाल किशोर दुबे, सुमित कुमार लाहेरी, विवेक सिंह, उमेश दांगी, विशाल वाल्मीकि सहित अन्य भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

मेला देखकर लौट रहे व्यक्ति की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत, क्षेत्र में पसरा मातम

रफ्तार मीडिया, दुमका

दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर-साहेबगंज हाईवे पर गुरुवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। मसलिया थाना क्षेत्र स्थित गोलबंधा छाता मेला देखकर अपने परिवार के साथ घर लौट रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।

मेला देखकर लौट रहा था परिवार प्राप्त जानकारी के अनुसार, जामा थाना क्षेत्र के निश्चितपुर गांव निवासी बाबूजन हेंब्रम अपनी पत्नी मैरियम मुर्मू और पुत्री उरसीला हेंब्रम के साथ मसलिया क्षेत्र के गोलबंधा में आयोजित छाता मेला देखने गए थे। गुरुवार सुबह करीब 5:00 बजे पूरा परिवार एक साथ अपने घर निश्चितपुर लौट रहा था। इसी दौरान गोविंदपुर-साहेबगंज हाईवे पर जामा थाना क्षेत्र के निश्चितपुर और हेमंतपुर के बीच तीखे मोड़ पर जामताड़ा की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने बाबूजन हेंब्रम को जोरदार ठोकर मार दी। अस्पताल में डॉक्टरों ने घोषित किया मृत हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर दुमका की ओर तेजी से फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद बदहवास परिजनों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जामा थाना पुलिस बल मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल बाबूजन हेंब्रम को तत्काल इलाज के लिए फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका ले गई। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद बाबूजन को मृत घोषित कर दिया। परिजनों में कोहराम, पुलिस जांच में जुटी घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। जामा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है तथा दुर्घटना के बाद फरार हुए अज्ञात वाहन व चालक की तलाश में जुट गई है।

अवैध मोरम खनन के खिलाफ छापेमारी, पांच वाहन जब्त

◈ दो जेसीबी, एक ट्रक और दो बाइक शामिल

रफ्तार मीडिया संवाददाता

राजधनवारः अनुमंडल क्षेत्र में अवैध मोरम खनन एवं परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार को खोरीमहुआ अनुमंडल पदाधिकारी समीर रेनियर खलखो के नेतृत्व में धनवार थाना क्षेत्र के करगाली में अवैध मोरम खनन एवं परिवहन के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान स्थल पर मोरम के अवैध खनन एवं परिवहन से संबंधित गतिविधियाँ पाए गए। खनन स्थल से दो जेसीबी, एक ट्रक और दो बाइक सहित कुल पांच वाहन जब्त किए गए।जब्त सभी वाहनों को धनवार थाना में थाना प्रभारी की अभिरक्षा में रखा गया है। वहीं, जिला खनन पदाधिकारी को पत्र भेजकर संबंधित अधिनियमों एवं नियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी गिरिडीह, के निर्देश पर अवैध खनन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन में संलिप्त लोगों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए अनुमंडल क्षेत्र में निगरानी और छापेमारी अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

मांडर में ऑटो और टैंकर की टक्कर, युवक गंभीर

मांडर। मांडर थाना क्षेत्र के रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग (एनएच-39) पर कंदरी स्थित तिग्गा पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार शाम करीब सात बजे ऑटो और टैंकर के बीच टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो सवार बुढ़मू थाना क्षेत्र निवासी 18 वर्षीय सूरज उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सूरज ऑटो लेकर जा रहा था। इसी दौरान रांची की ओर से आ रहे एक टैंकर ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद प्रशासन और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल को इलाज के लिए मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

अत्याधुनिक शिबू सोरेन डिजिटल लाइब्रेरी का हुआ लोकार्पण, विद्यार्थियों को मिलेंगी प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर सुविधाएं

रफ्तार मीडिया, दुमका

दुमका | झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन और जिला प्रशासन, दुमका की एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल के तहत कचहरी परिसर स्थित पुराने सरकारी भवन को आधुनिक और आकर्षक रूप देकर तैयार किए गए शिबू सोरेन डिजिटल लाइब्रेरी का भव्य लोकार्पण किया गया। इस नए डिजिटल पुस्तकालय के शुरू होने से जिले के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए एक उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आधुनिक संसाधन उपलब्ध होंगे।

उपायुक्त ने छात्र-छात्राओं से किया सीधा संवाद

लोकार्पण के अवसर पर दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने लाइब्रेरी पहुंचे छात्र-छात्राओं के साथ आत्मीय संवाद किया और उन्हें उनकी पढ़ाई व करियर के संबंध में बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया। उपायुक्त ने बच्चों से बातचीत करते हुए कहा कि वे यहां शांत और अनुकूल माहौल में उपलब्ध पुस्तकों, डिजिटल लाइब्रेरी और डिजिटल लर्निंग लैब का भरपूर उपयोग करें। उन्होंने बच्चों से उनके सपनों और भविष्य के लक्ष्यों के बारे में भी पूछा, जिस पर विद्यार्थियों में दिख रही सजगता को देखकर उन्होंने प्रसन्नता जताई।

उपायुक्त ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में बड़ा लक्ष्य हासिल करने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन और सीखने की आदत बेहद जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस लाइब्रेरी का उद्देश्य बच्चों को बेहतर अवसर प्रदान करना है ताकि संसाधनों की कमी उनके सपनों के आड़े न आए।

नीट, जेईई और यूपीएससी की तैयारी के लिए हाई-टेक सुविधाएं

इस डिजिटल लाइब्रेरी में साहित्य, विज्ञान, इतिहास, दर्शन समेत विभिन्न विषयों की मानक पुस्तकें तो उपलब्ध कराई ही गई हैं, साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी अध्ययन सामग्री भी रखी गई है। लाइब्रेरी परिसर में विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए आधुनिक फर्नीचर, हाई-स्पीड निःशुल्क वाई-फाई और शुद्ध पेयजल जैसी तमाम बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।

पुस्तकालय की सबसे बड़ी विशेषता यहाँ स्थापित डिजिटल लर्निंग लैब है, जिसके जरिए विद्यार्थी देश के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों की ऑनलाइन कक्षाओं से जुड़कर नीट, जेईई, यूपीएससी और अन्य राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी आसानी से कर सकेंगे। इसके माध्यम से छात्र एआई आधारित टूल्स और नई तकनीकी जानकारियों से भी रूबरू हो सकेंगे।

जेसोवा और जिला प्रशासन की यह संयुक्त पहल दुमका के युवाओं के लिए एक वरदान साबित होगी, जो उन्हें अपने सपनों को नई उड़ान देने और भविष्य की हर चुनौती के लिए खुद को तैयार करने का एक सशक्त मंच प्रदान करेगी।

अरनब तूफान और बारिश का कहर, किसानों के चेहरे पर छाई चिंता की लकीरें

रफ्तार मीडिया,दुमका

दुमका जिला के मसलिया प्रखंड क्षेत्र समेत रानीश्वर, शिकारीपाड़ा के आलावे विभिन्न इलाकों में मौसम ने अचानक करवट ली है। बुधवार देर शाम हल्की बूंदाबांदी के साथ आए अरनब तूफान ने दस्तक दी, जिसके बाद गुरुवार की सुबह ठंडी हवा और झमाझम बारिश के साथ हुई। इस बेमौसम बारिश और तूफान का असर पूरे दिन देखने को मिला, जिससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई और ठंड का अहसास अचानक बढ़ गया है। यह वेला किसानों के लिए राहत और आफत—दोनों रूप में सामने आई है। एक तरफ जहां यह बारिश रबी फसलों और सब्जियों के लिए वरदान साबित हो रही है, वहीं दूसरी तरफ धान की खेती करने वाले किसानों के लिए यह किसी कहर से कम नहीं है।

कृषि जानकारों और स्थानीय किसानों के अनुसार, यह बारिश सरसों, आलू, टमाटर, मूली और अन्य रबी एवं सब्जी फसलों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। इससे इन फसलों की वृद्धि को एक नया जीवन मिला है।

लेकिन, दूसरी ओर खेतों में पककर तैयार खड़े, कट चुके और खलिहानों में रखे गए धान की फसलों के लिए यह बारिश भारी नुकसान लेकर आई है। किसान काजल रजक, किंकर महतो, अर्जुन सिंह, मधुसूदन सिंह और उत्तम यादव ने दुख जताते हुए बताया कि ठीक पिछले साल भी इसी 'अरनब तूफान' ने किसानों की कमर तोड़ दी थी और इस बार भी इसका आगमन बिल्कुल वैसा ही विनाशकारी साबित हो रहा है। खेतों में कटे हुए धान पूरी तरह भीग चुके हैं। यदि बारिश का यह दौर अगले दो-तीन दिनों तक और जारी रहा, तो भीगे हुए धान में अंकुर फूटने और उनके सड़ने का खतरा काफी बढ़ जाएगा, जिससे अन्नदाताओं को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ सकती है।लगातार हो रही बारिश और तेज ठंडी हवाओं के कारण आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। स्थिति यह रही कि लोग अपनी रोजमर्रा की जरूरी चीजों की खरीदारी के लिए भी बाजारों तक नहीं पहुंच सके। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और लोग ठंड से बचने के लिए अपने-अपने घरों में दुबके नजर आए।

दुमका में एक नवंबर को आयोजित होगी जेटेट परीक्षा, डीसी और एसपी ने की संयुक्त बैठक

रफ्तार मीडिया, दुमका

दुमका- झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। इसी कड़ी में समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा और पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार की संयुक्त अध्यक्षता में गुरुवार को प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था और विधि-व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश दिए गए।

◈ जिले के 55 केंद्रों पर दो पालियों में होगी परीक्षा

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगामी एक नवंबर को दुमका जिले के कुल 55 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में जेटेट-2026 की परीक्षा संपन्न होगी।

प्रथम पालीः उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) के लिए सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक।

द्वितीय पालीः प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) के लिए दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक।

उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने सभी केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया है कि वे परीक्षा केंद्रों पर साफ-सफाई, निर्बाध बिजली, पर्याप्त रोशनी और सीसीटीवी कैमरों की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह क्रियाशील होने चाहिए। साथ ही, सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट को अपने आवंटित केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कदाचारमुक्त और पारदर्शी संचालन पर जोर परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने को कहा गया है। परीक्षा केंद्रों के भीतर मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उपायुक्त ने चेतावनी दी है कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नीलाम पत्र पदाधिकारी ने असर्फी अस्पताल प्रबंधन को जारी किया नोटिस

◈ 3.27 करोड़ रुपये से अधिक की बकाये राशि के भुगतान का निर्देश

◈ बिहार एवं उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई, 13 नवंबर 2026 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश

गोवर्धन रजक रफ्तार धनबादः

धनबाद जिले में राजस्व और बकाये की राशि की वसूली को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के सख्त निर्देशों के अनुपालन में, नीलाम पत्र पदाधिकारी राम नारायण खालको के न्यायालय द्वारा असर्फी अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरेंद्र सिंह को नोटिस जारी किया गया है। इस नोटिस के माध्यम से 3 करोड़ 27 लाख 64 हजार 750 रुपये और उस पर देय ब्याज की राशि के भुगतान का निर्देश दिया गया है।क्या है पूरा मामला?

यह पूरी कानूनी कार्रवाई नगर आयुक्त, धनबाद (पावनेदार) की ओर से दायर याचिका के आधार पर 'बिहार एवं उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम, 1914' की धारा 7 के तहत 'असर्फी अस्पताल' (देनदार) के खिलाफ की गई है। अस्पताल प्रबंधन पर नगर निगम का भारी-भरकम बकाया लंबित है। जारी किए गए नोटिस के अनुसार, देनदार को नोटिस तामिल होने के 30 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति या लिखित जवाब न्यायालय में दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, अस्पताल प्रबंधन को आगामी 13 नवंबर 2026 को न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपने पक्ष में आवश्यक साक्ष्य और प्रमाण प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है।

संपत्तियों के हस्तांतरण पर रोक और कुर्की की चेतावनी

प्रशासन की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित प्रावधानों के तहत देनदार अस्पताल प्रबंधन अपनी किसी भी अचल संपत्ति (प्रॉपर्टी) के विक्रय, दान, बंधक अथवा किसी अन्य रूप से हस्तांतरण (ट्रांसफर) नहीं कर सकेगा। यदि समय पर बकाये राशि का भुगतान या संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है, तो अधिनियम के तहत कुर्की-जब्ती और वसूली प्रमाण-पत्र जारी करने की कड़ी कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

जिला प्रशासन ने यह साफ कर दिया है कि नगर निगम और सरकारी बकायों की वसूली में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा नियमों के तहत सख्त कदम उठाए जाते रहेंगे।

आईआईटी आईएसएम में एसएसपी प्रभात कुमार ने लगाई 'साइबर सेफ्टी' की पाठशाला

ऑनलाइन ठगी और धोखाधड़ी से बचने के बताए गुर

◈ संस्थान में चल रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम, छात्रों और शिक्षकों को किया गया जागरूक

◈ क्विज़ प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न देकर किया गया सम्मानित, रजिस्ट्रार और अन्य अधिकारी रहे मौजूद

गोवर्धन रजक रफ्तार मीडिया संवाददाता

धनबादः डिजिटल दौर में बढ़ते साइबर अपराधों से लोगों को सुरक्षित रखने और जागरूक करने के उद्देश्य से धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी आईएसएम) में छात्रों और फैकल्टी सदस्यों के साथ साइबर सुरक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन ठगी के नए तौर-तरीकों, सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और सभी को सतर्क रहने की सलाह दी।साइबर अपराधियों के खिलाफ धनबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई

आईआईटी आईएसएम में गत 26 अक्टूबर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में साइबर सुरक्षा पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। एसएसपी प्रभात कुमार ने इस दौरान बताया कि पिछले तीन महीनों से जिले में लगातार साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धनबाद के निरसा और टुंडी क्षेत्रों में साइबर ठगों के विरुद्ध बड़ी और व्यापक कार्रवाई की गई है। धनबाद पुलिस की टीम ने साइबर अपराध से निपटने में खासी दक्षता हासिल की है, जिसके चलते दिल्ली, राजस्थान और गोवा जैसे राज्यों की पुलिस भी धनबाद आकर सहायता ले चुकी है। कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राओं ने कहा कि एसएसपी के इस मार्गदर्शन से उन्हें साइबर सुरक्षा को लेकर काफी नई और उपयोगी बातें सीखने को मिली हैं।

मांडर में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल

◈ बोलेरो की टक्कर से ऑटो सवार महिला घायल, कंदरी चौक के पास बाइक सवार भी जख्मी; दोनों रिम्स रेफर

रफ्तार मीडिया

मांडर। मांडर थाना क्षेत्र में गुरुवार को दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहली घटना दोपहर 2 बजे बास्की नदी के समीप हुई, जहां ऑटो और बोलेरो के बीच टक्कर हो गई। हादसे में बोंडो गांव निवासी 45 वर्षीय निर्मला उरांव गंभीर रूप से घायल हो गईं। बताया जाता है कि निर्मला उरांव बास्की गांव में मेहमान आई थीं। वह ऑटो से वापस लौट रही थीं। इसी दौरान बास्की नदी के समीप एक बोलेरो ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। ऑटो की आगे वाली सीट पर बैठी निर्मला टक्कर के बाद नीचे गिर गईं, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

वहीं, दूसरी घटना रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग (एनएच-39) पर कंदरी चौक के समीप दोपहर करीब तीन बजे हुई। इस हादसे में कुडू थाना क्षेत्र के बेतर गांव निवासी 27 वर्षीय मोटरसाइकिल सवार उमेश उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घटनाओं के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को इलाज के लिए मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

डीएवी ऊर्जानगर की छात्राओं ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में बढ़ाया मान, विद्यालय पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

रफ्तार मीडिया संवाददाता | गोड्डा

गोड्डा जिले के ईसीएल ऊर्जानगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटी छात्राओं का विद्यालय परिसर में फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान विद्यालय में उत्साह और खुशी का माहौल रहा।राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, मेहनत, अनुशासन और खेल भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया। अंडर-19 बालिका वर्ग की ट्रिपल जंप स्पर्धा में कांस्य पदक, अंडर-17 बालिका वर्ग की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में रजत पदक, अंडर-19 बालिका वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक तथा अंडर-19 बालिका वर्ग की ताइक्वांडो स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

इस सफलता में खेल शिक्षक राजेश कुमार तिवारी एवं विवेक कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार श्रीवास्तव ने सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छात्राओं ने मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और खेलकूद में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

संक्षिप्त ख़बरें

आनंदी-झीरी में श्री श्री काली पूजा समिति का गठन, दुर्गा चरण साहु बने अध्यक्ष

ओरमांझी। आनंदी-झीरी स्थित वीर टोली में श्री श्री काली पूजा के सफल आयोजन को लेकर श्री श्री काली पूजा समिति एवं श्री श्री काली पूजा महिला समिति का गठन किया गया। दोनों समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चयन कर पूजा की तैयारियों और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। श्री श्री काली पूजा समिति के संरक्षक मंडल में अजीत कुमार साहु, मदन लाल महतो, तुलसी साहु और चांद बाबू मुंडा को शामिल किया गया। वहीं, दुर्गा चरण साहु को अध्यक्ष, संजय कुमार महतो को उपाध्यक्ष, बनवारी लाल साहु को सचिव, विक्की महतो को कोषाध्यक्ष तथा अमित मिश्र और उपेन्द्र कुमार महतो को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा 11 सदस्यीय कार्यसमिति का भी गठन किया गया। इसी क्रम में श्री श्री काली पूजा महिला समिति के संरक्षिका मंडल में मुखिया पार्वती देवी, लक्ष्मी देवी, मीना देवी, गीता देवी, आलखो देवी, सावित्री देवी, मीनू देवी और अनिता देवी को शामिल किया गया। महिला समिति के अध्यक्ष पद पर शशि मिश्रा, उपाध्यक्ष पद पर बबीता देवी तथा सचिव पद पर माधुरी देवी का चयन किया गया। वहीं, गीता देवी को उप सचिव और सुनीता देवी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अतिरिक्त 31 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। पूजा समिति का संयोजक प्रो. शैलेन्द्र मिश्र को बनाया गया है। वे सभी समितियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पूजा के आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। समिति के गठन से पूजा की तैयारियों, व्यवस्थाओं और आयोजन को लेकर सदस्यों में उत्साह देखा जा रहा है।

2 नवंबर को मोरहाबादी पहुंचेंगे भाजपा कार्यकर्ता

संवाददाता- बबलु मुश्ताक ..

अनगड़ाः भाजपा जोन्हा मंडल कार्यालय में गुरुवार को मंडल अध्यक्ष बसंत कुमार सुंडी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें 2 नवंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होने का संकल्प लिया। झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह बैठक प्रभारी रणधीर कुमार चौधरी ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि संगठन से ही संगठन मजबूत होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ संगठन के लिए काम करने का आह्वान किया। बैठक में जोन्हा मंडल प्रभारी सह अनगड़ा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा और रांची जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके अलावा उपाध्यक्ष रामदास बेदिया, मंडल मीडिया प्रभारी मनोज कुमार बेदिया, विनोद भोक्ता, कोषाध्यक्ष भानु भोक्ता, लालू उरांव, महामंत्री महेंद्र महतो, उपाध्यक्ष बाबूलाल बड़ाईक, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ से रतनलाल दूबे और राकेश दूबे, जीतूराम महतो, जियालाल बेदिया, नेपाल बेदिया, उमाशंकर बेदिया, आनंद कुमार प्रजापति, बलराम स्वर्णकार और प्रभुनाथ शर्मा सहित मंडल के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।अंत में रामदास बेदिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके साथ ही बैठक का समापन हुआ।

फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को बोकारो पुलिस का विशेष अभियान, 19 गिरफ्तार

◈ __73 पुलिस टीमों ने 143 ठिकानों पर की छापेमारी, 37 वारंट और एनबीडब्ल्यू का भी हुआ निष्पादन

रफ्तार ब्यूरो

बोकारोः जिले में अपराध नियंत्रण और लंबित कांडों के निष्पादन को लेकर बोकारो पुलिस ने विशेष समकालीन अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 28 अक्टूबर की रात जिले के सभी थाना क्षेत्रों में फरार अभियुक्तों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए व्यापक छापेमारी की गई। अभियान के दौरान 73 पुलिस टीमों में 240 पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल रहे। टीमों ने चिह्नित वारंटियों और वांछित अभियुक्तों के संभावित 143 ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान 28 थाना एवं ओपी क्षेत्रों से 18 वारंटियों और विभिन्न कांडों में वांछित एक अभियुक्त समेत कुल 19 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसके अलावा, 37 रिकॉल के आधार पर एनबीडब्ल्यू का निष्पादन किया

कुजू डायवर्शन के पास भीषण सड़क हादसा, अर्टिगा कार ने कमांडर जीप को मारी टक्कर, एक दर्जन लोग घायल

आशीष कुमार मुखर्जी/रफ्तार मीडिया

कुजू/रामगढ़। रामगढ़ जिले के कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत एनएच-33 रांची-पटना मुख्य मार्ग स्थित कुजू डायवर्शन के पास गुरुवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। पीछे से आ रही एक अर्टिगा कार ने कमांडर जीप को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों वाहनों में सवार करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकांश महिलाएं शामिल हैं। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कमांडर जीप संख्या जेएच 01 एच 8258 रामगढ़ से हजारीबाग की ओर जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही अर्टिगा कार संख्या बीआर 02 सीसी 3648 ने जीप को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कमांडर जीप अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। वहीं, अर्टिगा कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

बताया जाता है कि अर्टिगा कार में सवार लोग रजरप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद बिहार के गया जिले के गुरारू लौट रहे थे। इसी दौरान कुजू डायवर्शन के पास यह हादसा हो गया। दुर्घटना में दोनों वाहनों में सवार करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक बताई जा रही है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों की मदद की। सूचना मिलने पर कुजू ओपी के पुलिस अवर निरीक्षक ओंकार पाल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। इस दौरान स्थानीय युवक आकाश सिंह और राहुल कुमार सहित कई अन्य लोगों ने भी घायलों की सहायता करने और उन्हें अस्पताल पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

घटना के बाद पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के लंबित कार्य 12 नवंबर तक पूरे करने का निर्देश

◈ शिक्षा विभाग की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी, समय-सीमा का पालन करने को कहा

रफ्तार मीडिया | गयाजी

प्रभात सिन्हा

गया जी :: सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की अद्यतन स्थिति, निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध उपलब्धियों और लंबित कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागों के पदाधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के अंतर्गत सभी लंबित एवं निर्धारित कार्यों को 12 नवंबर 2026 तक हर हाल में पूरा किया जाए। इसके लिए कार्यों में तेजी लाने और लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने को कहा गया।

जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है, ताकि आम लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। इसके लिए सभी विभागों को गंभीरता, तत्परता और जवाबदेही के साथ काम करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की अनावश्यक लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में शिक्षा विभाग के कार्यों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों में अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं है।

पर्यावरणीय चुनौतियों और जनस्वास्थ्य पर सीयूएसबी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

◈ वैज्ञानिक ज्ञान, पारंपरिक बुद्धिमत्ता और सामुदायिक सहभागिता से पर्यावरण संरक्षण पर जोर

रफ्तार मीडिया/गयाजी

प्रभात सिन्हा

गया जी :: दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) गया जी में पर्यावरणीय चुनौतियों और जनस्वास्थ्य पर उनके प्रभावों को लेकर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग की ओर से 'स्वस्थ पर्यावरण, स्वस्थ जनसमुदाय, सुदृढ़ भविष्य' विषयवस्तु के अंतर्गत आयोजित इस सम्मेलन में देश-विदेश के शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों, नीति-निर्माताओं और उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन में पर्यावरण संरक्षण, जनस्वास्थ्य और सतत विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जा रही है।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि विज्ञान भारती (विभा) के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. शिव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरणीय चुनौतियों का स्थायी समाधान वैज्ञानिक ज्ञान, पारंपरिक बुद्धिमत्ता और सामुदायिक सहभागिता के समन्वय से संभव है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कल्याण में भारतीय वैदिक ज्ञान की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों में आज की कई पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान के सूत्र मौजूद हैं। उन्होंने वैज्ञानिक समुदाय और समाज से केवल चर्चा तक सीमित रहने के बजाय व्यावहारिक समाधान लागू करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के छोटे-छोटे प्रयास सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने 'एक स्वास्थ्य' दृष्टिकोण की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मानव स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी तंत्र के बीच गहरा संबंध है। पशुधन और मधुमक्खियों जैसे जीवों की आबादी का संरक्षण पर्यावरणीय संतुलन के लिए आवश्यक है। उन्होंने मानव स्वास्थ्य में सुधार और पारिस्थितिकीय स्थिरता के लिए स्वदेशी एवं क्षेत्रीय फसल प्रजातियों के महत्व को भी रेखांकित किया। डॉ. सिंह ने पर्यावरणीय और जनस्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान में पर्यावरण शिक्षा, वैज्ञानिक नवाचार तथा संस्थागत सहयोग को महत्वपूर्ण बताया।

वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार, भेजा दुमका जेल

रफ्तार मीडिया

दुमका जिला के मसलिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने कानून व्यवस्था को कड़ा करते हुए एक फरार आरोपी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार को पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में दुमका केंद्रीय कारा भेज दिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुखदेव पुजहर के रूप में हुई है, जो नयासार पलासी का रहने वाला है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था, जिसके बाद से पुलिस लगातार उसकी टोह ले रही थी।मामले की पुष्टि करते हुए मसलिया थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू वारंट के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सुखदेव पुजहर को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस दबिश से क्षेत्र के अन्य फरार वारंटियों और अपराधियों में भी हड़कंप मच गया है। थाना प्रभारी ने दो टूक शब्दों में कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कानून का राज बनाए रखने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा फरार चल रहे अन्य आरोपियों को भी जल्द ही कानून के दायरे में लाया जाएगा।

महाबोधि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का अधिकारियों ने लिया जायजा

पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतने का निर्देश

रफ्तार मीडिया / गयाजी

प्रभात सिन्हा

गया जीः अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक गया जी, सुशील कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक, गया जी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बोधगया ने संयुक्त रूप से महाबोधि मंदिर की सुरक्षा में प्रतिनियुक्त पुलिस बल तथा विभिन्न चेक पोस्टों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं का अवलोकन किया और मौके पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों से आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने प्रतिनियुक्त पुलिस बल को मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सतर्कता बनाए रखने, नियमित निगरानी करने तथा सुरक्षा से संबंधित सभी निर्धारित दिशा-निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने चेक पोस्टों पर तैनात पुलिसकर्मियों को विशेष रूप से मुस्तैद रहने और अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं तत्परता के साथ करने को कहा। साथ ही, सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने तथा अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थलों पर लगातार सतर्क रहकर निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। पुलिस पदाधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का भी निर्देश दिया गया। महाबोधि मंदिर बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए प्रमुख आस्था का केंद्र होने के साथ-साथ विश्व प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल भी है। यहां देश के विभिन्न हिस्सों के अलावा विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु, बौद्ध भिक्षु और पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की सुरक्षा पुलिस प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

दुमका में आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मियों का अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी, बकाया वेतन और न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर हड़ताल पर डटे कर्मी

रफ्तार मीडिया,दुमका

दुमका जिले में आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मियों का आंदोलन लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। बकाया वेतन भुगतान, न्यूनतम मजदूरी लागू करने और ईपीएफ-ईएसआईसी जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर जिलेभर के स्वास्थ्य कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। पारामेडिकल स्टाफ एसोसिएशन के नेतृत्व में ये स्वास्थ्य कर्मी 17 अक्टूबर 2026 से लगातार आंदोलनरत हैं। एसोसिएशन ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक यह अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा। आरोप एसोसिएशन के अनुसार, इस हड़ताल में काठीकुंड, सरैयाहाट, गोपीकांदर, शिकारीपाड़ा और रामगढ़ समेत विभिन्न प्रखंडों और स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मी शामिल हैं। ये सभी कर्मचारी शिवा प्रोटेक्शन फोर्स, बालाजी डिटेक्टिव फोर्स, कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स, बिरसा सिक्योरिटी एंड सर्विस सेटलमेंट तथा बीएमआर सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड जैसी विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। एसोसिएशन ने इन सभी एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके माध्यम से कर्मचारियों का लगातार आर्थिक शोषण किया जा रहा है। प्रदर्शन कर रहे कर्मियों की मुख्य मांग है कि सभी आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मियों को हर महीने की 1 से 10 तारीख के बीच नियमित रूप से वेतन का भुगतान किया जाए। इसके अलावा, महीनों से लंबित बकाया वेतन का भुगतान, ईपीएफ, ईएसआईसी और बोनस से जुड़ी विसंगतियों को दूर करने तथा श्रम कानूनों के तहत उचित छुट्टियां दिए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है। एसोसिएशन द्वारा जारी आंकड़ों में चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया गया है कि सरकार द्वारा निर्धारित वेतन और जमीनी स्तर पर मिलने वाले मानदेय में जमीन-आसमान का अंतर है। उदाहरण के तौर पर, लैब टेक्नीशियन, ओटी टेक्नीशियन, ईसीजी टेक्नीशियन और नेत्र सहायकों के लिए निर्धारित 20,107.75 रुपये के मुकाबले मात्र 13,000 रुपये का भुगतान किया जा रहा है। इसी प्रकार फार्मासिस्टों के लिए निर्धारित 23,040 रुपये के स्थान पर सिर्फ 13,000 रुपये दिए जाने का दावा किया गया है।

संपादकीय

अब भी अपनी गिरेहबान में नहीं झांकेंगे राहुल ?

अभिमत

विधान परिषद चुनावों के नतीजे ने दिखा दिया है कि कांग्रेस के एसआईआर से लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त तक के खिलाफ वाले आंदोलन के तिल में कितना तेल है। यह यदि पंजे वाली पार्टी की दुर्गति का एक और प्रतीक है तो इसमें यह संदेश भी छिपा हुआ है कि एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने जा रही कांग्रेस की रैली को देश की जनता ने न के बराबर तवज्जो दी है। विधान परिषद के ये चुनाव मतपत्र से हुए और इनमें भी कांग्रेस की लुटिया डूब गई। इसके बावजूद यह सोचना नितांत नादानी का परिचायक ही होगा कि राहुल गांधी इस पराजय से कोई सबक लेंगे। बल्कि उनकी सियासी स्क्रिप्ट लिखने वाले ज्ञात-अज्ञात 'सलीम-जावेद' इस पराजय के लिए भी आयोग सहित केंद्र सरकार को ही दोषी ठहरा देंगे। क्योंकि गांधी का राजनीति में पदार्पण के बाद से अब तक का अतीत यह साफ चुगली करता है कि उनके पास भले ही सियासी नौटंकी के लिए भरपूर वक्त हो, लेकिन खुद के गिरेहबान में झांककर देखने के लिए उनके पास जरा-भी समय नहीं रहता है। देश के सबसे बूढ़े राजनीतिक दल का दुर्भाग्य यह भी कि अनंत ऐसे कारनामों के बाद भी इस पार्टी में आज भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो राहुल में अपना और दल का सुनहरा भविष्य देखने में मगन हैं। बिचारी कांग्रेस अपने लोगों के इस दिवास्वपन की चुभन से बेहाल हुई जा रही है। इसी दल ने लंबे समय से यह मांग उठा रखी है कि देश के सभी चुनाव मतपत्र के जरिए कराए जाएं। अब जब इसी पद्धति से हुए इन चुनावों में भी कांग्रेस का दम निकल गया है, तब क्या वह और उसके सुर में सुर मिलाने वाले विपक्षी दल यह मांग करने लगेंगे कि देश से लोकतंत्र को खत्म कर वह राजतंत्र स्थापित कर दिया जाए, जिसकी कमान सदैव-सदैव के लिए राहुल गांधी के हाथ में हो और इंडी गठबंधन को ही सच्चा भारत भाग्य विधाता घोषित कर दिया जाए?

सच तो यह कि देश का अधिसंख्य मतदाता कांग्रेस और उसके समर्थक दलों की बेतुकी दलीलों से उकता चुका है। वह इस बात को भली-भांति समझ गया है कि इस गठबंधन के पास किसी ठोस कार्यक्रम की जगह केवल और केवल बचकाने आरोपों वाली पूंजी ही बची है। किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सजग और सशक्त विपक्ष की बहुत बड़ी अनिवार्यता होती है। मगर दुर्भाग्य कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में विपक्ष केवल शोकतंत्र का परिचायक बन कर रह गया है। याद कीजिए कि पिछली बार कब आपने विपक्ष के किसी प्रमुख चेहरे को देश और इसके रहवासियों के लिए पुख्ता सोचा और ईमानदार कार्यक्रम के साथ सुना था। यकीनन इस सवाल के जवाब में आप सिर खुजाते रह जाएंगे और अंत में आपकी स्थिति वही हो जाएगी, जो भूसे के ढेर में सुई की तलाश करने वाले की होती है। आज का विपक्ष किसी भी करके सत्ता पर काबिज होना चाहता है। इस बात की तरफ जैसे कि उसका ध्यान ही नहीं जा रहा कि जनता की उससे जुड़ी उम्मीदें पतझड़ के शिकार किसी वृक्ष की तरह अपनी हरियाली खोती चली जा रही हैं।

इतिहास

क्या-क्या हुआ

- ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना (1851): 29 अक्टूबर 1851 को बंगाल में 'ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन' का गठन किया गया था, जिसने भारत में शुरूआती राजनीतिक चेतना और अधिकारों की मांग को आगे बढ़ाया।
- जामिया मिलिया इस्लामिया की नींव (1920): असहयोग आंदोलन के दौरान राष्ट्रवादी भावना के साथ अलीगढ़ में इस ऐतिहासिक केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी, जिसे बाद में दिल्ली स्थानांतरित किया गया।
- महान मुक्केबाज विजेंद्र सिंह का जन्म (1985): बीजिंग ओलंपिक (2008) में भारत के लिए मुक्केबाजी (बॉक्सिंग) में पहला कांस्य पदक जीतने वाले मुक्केबाज विजेंद्र सिंह का जन्म आज ही के दिन हरियाणा में हुआ था।
- ओडिशा का विनाशकारी सुपर साइक्लोन (1999): भारत के आधुनिक इतिहास का सबसे भीषण चक्रवात 29 अक्टूबर 1999 को ओडिशा के तट से टकराया था, जिसमें लगभग 10,000 लोगों की जान चली गई थी।
- दिल्ली सीरियल बम धमाके (2005): दिवाली और धनतेरस के त्योहार से ठीक पहले दिल्ली के व्यस्त बाजारों (सरोजिनी नगर और पहाड़गंज) में सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे, जिनमें 60 से अधिक लोगों की मौत हुई थी।
- असम बम विस्फोट (2008): असम के गुवाहाटी और आसपास के इलाकों में हुए भीषण आतंकी बम धमाकों में कम से कम 69 लोग मारे गए थे और सैकड़ों घायल हुए थे।
- पंकज आडवाणी का वर्ल्ड बिलियर्ड्स खिताब (2012): भारत के दिग्गज खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने 29 अक्टूबर 2012 को इंग्लैंड के मिक रसेल को हराकर अपना 7वां वर्ल्ड बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब जीता था।
- साइरस द ग्रेट का बेबीलोन में प्रवेश (539 ईसा पूर्व): फारस के राजा साइरस द ग्रेट ने बेबीलोन पर विजय प्राप्त कर वहां बंदी बनाए गए यहूदियों को रिहा किया, जिसे इतिहास में मानवाधिकारों की शुरूआती घोषणा माना जाता है।
- सर वाल्टर रेले को मृत्युदंड (1618): इंग्लैंड के मशहूर खोजी, लेखक और दरबारी सर वाल्टर रेले को राजद्रोह के आरोप में लंदन में मार दिया गया था।
- रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना (1863): जिनेवा में हुए एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के बाद मानवीय सहायता और युद्ध पीड़ितों की मदद के लिए आज ही के दिन रेड क्रॉस की नींव रखी गई थी।
- तुर्की एक गणतंत्र बना (1923): ओटोमन साम्राज्य (उस्मानी सल्तनत) के पतन के बाद मुस्तफा कमाल अतातुर्क के नेतृत्व में आधिकारिक तौर पर तुर्की को एक संप्रभु गणराज्य घोषित किया गया और वे इसके पहले राष्ट्रपति बने।

कविता

करवा चौथ का त्योहार

सच्ची खुशियों का संगम करवा चौथ का त्योहार,
बरसाना हम बच्चों पर माता अपनी अमृत धार ।

करें प्रार्थना करवा माता से सुहागिनें सारी,
सदा सलामत रखना ये जोड़ी हे मात ! हमारी,
श्रद्धा से निर्जल व्रत कर चरणों में धरा है शीश,
पति की दीर्घायु का माँगती हूँ आपसे आशीष,
बढें हमेशा इस जीवन में निश्छल निरंतर प्यार,
बरसाना हम बच्चों पर माता अपनी अमृत धार ।

सुखद "आनंद" वैवाहिक जीवन का प्यारा उत्सव,
सप्तपदी के पावन बंधन का है सुहाना पर्व,
प्रीत से खिली है कितनी सुंदर तन-मन की क्यारी,
सोलह श्रृंगार में सजी सुहागिन लगे बड़ी प्यारी,
निभाएं समर्पण से रिश्ता सपने करें साकार,
बरसाना हम बच्चों पर माता अपनी अमृत धार ।

बनाकर चाँद को साक्षी प्रेम का पूरी की रीत,
सुख समृद्धि प्रेम से सम्पन्न जिंदगी आशातीत,
आँखों में झलके हमारी पुनीत प्रेम का सबूत,
सच्चे जीवन साथी सुख-दुख के हो पकड़ मजबूत,
चहकता रहें खुशियों से यूँ सदाबहार संसार,
बरसाना हम बच्चों पर माता अपनी अमृत धार ।

मोनिका डागा
लेखक

लोक मुद्दा

करवा चौथ का व्रत पति की लम्बी उम्र के लिए करती है महिलाएं

करवाचौथ के दिन यह व्रत रखने पर सुबह उषाकाल से पहले उठकर कुछ खाना तथा पीना चाहिए। यदि आप उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड से संबंधित क्षेत्र से हैं तो आप उषाकाल से पहले शक्कर और दूध के साथ सूत फेनी लेने का प्रचलन है। इस मिश्रण के सेवन से अगले दिन बिना पानी पीये रहने में मदद मिलती है। दिल्ली और हरियाणा में मीठा खाजा , रसमलाई एवं रबड़ी , मध्यप्रदेश में सरगी में फैनी और रबड़ी, राजस्थान में मीठी कचौरी और दूध रबड़ी, पंजाब में उषाकाल से पहले लिए गए अन्न में सरगी का एक महत्वपूर्ण स्थान है। परंपरा के अनुसार सरगी सास द्वारा अपनी बहु को करवाचौथ पर दिया जाने वाला बहुमूल्य उपहार है जिसमें काजू बादाम, मीठी मट्ठी और सुहाग की निशानियाँ होती है।

डॉ.नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी

करवा चौथ का व्रत कार्तिक कृष्ण पक्ष के चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। यह व्रत सुहागिन स्त्रियाँ अपने पति की लम्बी उम्र के लिये करती हैं। करवाचौथ के दिन यह व्रत रखने पर सुबह उषाकाल से पहले उठकर कुछ खाना तथा पीना चाहिए। यदि आप उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड से संबंधित क्षेत्र से हैं तो आप उषाकाल से पहले शक्कर और दूध के साथ सूत फेनी लेने का प्रचलन है। इस मिश्रण के सेवन से अगले दिन बिना पानी पीये रहने में मदद मिलती है। दिल्ली और हरियाणा में मीठा खाजा , रसमलाई एवं रबड़ी , मध्यप्रदेश में सरगी में फैनी और रबड़ी, राजस्थान में मीठी कचौरी और दूध रबड़ी, पंजाब में उषाकाल से पहले लिए गए अन्न में सरगी का एक महत्वपूर्ण स्थान है।

परंपरा के अनुसार सरगी सास द्वारा अपनी बहु को करवाचौथ पर दिया जाने वाला बहुमूल्य उपहार है जिसमें काजू बादाम, मीठी मट्ठी और सुहाग की निशानियाँ होती है।

करवा चौथ विधि एवं सामग्री: करवाचौथ का व्रत और पूजन पूरे विधि-विधान के साथ होता है। इस महत्वपूर्ण लेख में दर्शाई गई सामग्री और विधि द्वारा करवाचौथ की पूजा की जाती है।

पूजन सामग्री: मिट्टी, ताम्बा अथवा पीतल के दो करवे, दूध, जल, धुप, सुपारी, मौलि, अक्षत, दीप, कपूर, सिंदूर, काजल, पुष्प एवं पुष्पमाला, जल के लिए तीन पात्र, नैवेध्य के लिए पूर्ण फल, मेवा या मिठाई, इत्यादि।

इस व्रत में पीसी हुई चावल के घोल से दीवाल पर सबसे ऊपर चन्द्रमा बनते हैं उसके नीचे शिव, गणपति और कार्तिकेय का चित्र बनाया जाता है। फिर पीली मिट्टी से माता गौरी बनायी जाती हैं, जिनकी गोद में गणपति को बैठाया जाता है। गौरी को चौकी पर बिठाकर सभी सुहाग चिन्हों से उन्हें सजाया जाता है और उनकी पूजा की जाती है। एक पुष्प को नन्दीश्वर स्वरुप मानकर स्थान दिया जाता है।

करवा में रक्षासूत्र बांधें, तथा हल्दी और आटे के सम्मिश्रण से एक स्वास्तिक बनाएं। एक करवे में जल भरें तथा दुसरे करवे में दूध भरें और इसमें ताम्बे या चांदी का सिक्का डालें। आचमन के लिए छोटे पात्र में जल भर कर रखें तथा साथ में एक चम्मच भी रखें।

पूजा के लिए मंत्र: 'ॐ शिवायै नमः' से पार्वती का, 'ॐ नमः शिवाय'से शिव का, 'ॐ षण्मुखाय नमः' से स्वामी कार्तिकेय का, 'ॐ गणेशाय नमः' से गणेश का तथा 'ॐ सोमाय नमः' से चंद्रमा का पूजन करें।

सब तैयारी हो जाने के बाद करवाचौथ की कथा सुनें और फिर चन्द्रमा निकलते ही श्री चन्द्रदेव को अर्ध्य दीजिये। अपने पति को तिलक करें तथा छलनी में चांद के साथ पति को देखें। पति के पैर छूकर उनका आशिर्वाद ले तथा करवे में भरे जल से अपना व्रत खोलें। इसके पश्चात सात्विक तरीके से बना हुआ भोजन ग्रहण करें।

करवाचौथ की कथा: कथा के अनुसार, एक साहूकार के घर उसकी बेटी ससुराल से आई। शाम को सब लोग भोजन कर रहे थे। करवा चतुर्थी होने के कारण बेटी ने सबके साथ भोजन करने से इंकार कर दिया। जब उसे कहा गया कि भोजन करो तो बेटी ने इंकार कर दिया और हठ करने लगी कि चंद्रमा देखने के बाद ही भोजन करूंगी। अपनी बहन का ये हठ उपवास एक भाई से सहन नहीं हुआ क्योंकि उसकी बहन भूख-प्यास से बहुत व्याकुल थी। भूख की वजह से तड़प रही थी। कमजोर हो रही थी। तब भाई ने एक दीपक जलाकर छत पर रख दिया और अपनी बहन से झूठ बोला कि चांद निकल आया है, उसके दर्शन करो और भोजन करो। बहन ने इसे सच मानकर भोजन कर लिया। ऐसा करने के बाद अचानक बहन को पति के निधन की खबर मिली। उसके बाद महिला ने अपनी पति के शव को पास रखकर एक साल तक कठोर उपवास किया जिसके फलस्वरूप करवा देवी प्रसन्न होकर महिला के समक्ष प्रकट हुईं। करवा देवी ने एक खास तरीके से महिला के पति को जिंदा कर दिया। करवा देवी उस महिला के भाई की पत्नी के पास गईं। तब भाई की पत्नी करवा देवी को कसकर पकड़ लेती हैं ताकि करवा देवी उसकी ननद के पति को जिंदा कर दें। भाई की पत्नी करवा देवी को तब तक पकड़े रहती है जब तक करवा देवी ननद के पति को जीवित नहीं कर देती। करवा देवी इनका तप देखकर प्रसन्न होती हैं और ननद के पति को जीवित कर देती है।

ऐसी महिलाएं ना करें करवाचौथ: करवाचौथ के पर्व पर गर्भवती महिलाएं बिना डॉक्टर की सलाह के करवाचौथ का कठोर उपवास ना करें। करवाचौथ के दिन सूर्य उदय से पूर्व खाया जाता है। उसके बाद दिनभर भूखे-प्यासे रहने का असर गर्भ पर पड़ सकता है। करवाचौथ के व्रत में जल भी ग्रहण नहीं किया जाता है। यदि आप बीमार हैं तो भी डॉक्टर की सलाह के बिना करवाचौथ का कठोर व्रत ना करें।

बहुत सी महिलाओं को करवाचौथ के दिन भी दिनभर काम करना पड़ता है तो इसका असर आपकी सेहत पर भी पड़ सकता है। ऐसे में किसी एक वस्तु का सेवन कर सकते हैं।

लोक विचार

यूरोप में यूपी के 'योगी मॉडल' पर अमल के अंतरराष्ट्रीय निहितार्थ

कमलेश पांडेय

यूरोप में कानून-व्यवस्था, हिंसक प्रदर्शनों, संगठित अपराध और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाने की घटनाओं के संदर्भ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शासन-शैली पर चर्चा एक महत्त्वपूर्ण राजनीतिक और नीतिगत विषय है। लेकिन इसका विश्लेषण करते समय एक बुनियादी सवाल समझना आवश्यक है कि क्या यूरोप को यूपी के 'योगी मॉडल' की सख्ती अपनाने की जरूरत है, या उसे उस मॉडल के कुछ चुनिंदा प्रशासनिक उपायों से सीख लेनी चाहिए ?

क्या यूरोप को यूपी के 'योगी मॉडल' की सख्ती अपनाने की जरूरत है, या उसे उस मॉडल के कुछ चुनिंदा प्रशासनिक उपायों से सीख लेनी चाहिए? यहां पर यह बुनियादी सवाल इसलिए ज्यादा महत्वपूर्ण है, क्योंकि वर्ष 2017 के बाद अमेरिका-यूरोप ने योगी मॉडल की आलोचना की थी!

लिहाजा, इस प्रश्न का उत्तर यूरोप की राजनीतिक व्यवस्था, मानवाधिकार संबंधी प्रतिबद्धताओं और उत्तर प्रदेश में अपनाई गई नीतियों के वास्तविक परिणामों को साथ रखकर ही दिया जा सकता है लेकिन जब 'इस्लामिक अतिवादी' स्थानीय असंतुष्ट लोगों के साथ मिलकर यूरोप का इस्लामीकरण पर उतारू हों और ईरान का परोक्ष बरदहस्त उन्हें प्राप्त हो तो अमेरिका के बाद यूरोपीय विवशता समझी जा सकती है।

सबसे पहला सवाल यह है की 'योगी मॉडल'से हमारा आपका क्या आशय है? तो माकूल जवाब यही होगा कि राजनीतिक विमर्श में 'योगी मॉडल' का प्रयोग मुख्यतः उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता देने, अपराधियों के विरुद्ध पुलिस कार्रवाई, संगठित अपराध पर नियंत्रण, प्रशासनिक सख्ती और अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई जैसी नीतियों के लिए किया जाता है।

हालाँकि, इन सभी उपायों को एक ही श्रेणी में रखना उचित नहीं है। अपराध की जाँच, दोषसिद्धि, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखना और संपत्ति संबंधी विवादों का निपटारा अलग-अलग कानूनी प्रक्रियाएँ हैं। चूंकि यूपी में बेलगाम अल्पसंख्यक अपराधियों, सत्ता संरक्षित बाहुबलियों, इनसे जुड़े मनबढ़ युवाओं और शातिर अपराधियों के इशारे पर अपराध कर रहे बहुसंख्यक अपराधियों को नियंत्रित करने में यूपी के योगी मॉडल ने आशातीत सफलता प्राप्त की है, इसलिए चारो तरफ से जल रहे फ्रांस, इटली जैसे यूरोपीय देशों के पास कोई दूसरा चारा भी नहीं है।

सर्वप्रथम इटली की प्रमुख और मोदी की मित्र जॉर्जिया मेलोनी ने यूपी के योगी मॉडल पर अमल करने की घोषणा की, तत्पश्चात मोदी के दूसरे मित्र फ्रांस के प्रमुख मैक्रो ने जब यूपी के योगी मॉडल की अच्छी नीतियों पर अमल करना शुरू किया तो अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार 'गैंग' सक्रिय हो गया और यूरोपीय देशों को उस नकारा लोकतंत्र की दुहाई देने लगा, जहां के बेलगाम लोग 'जुल्मी पूंजीवादी अड्डों' को फूंकने के बजाय अपने देश के सार्वजनिक जगहों, नागरिक सुविधाओं और ठिकानों को ही फूंक रहे हैं!

यूरोप में इस मॉडल की चर्चा के तीन संभावित कारण हैं:-

1) कानून का प्रभावी प्रवर्तनः हिंसा, लूटपाट और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाने वालों के विरुद्ध त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई करना।

2) प्रशासनिक जवाबदेहीः पुलिस और स्थानीय प्रशासन की तैयारी, समन्वय तथा निर्णय लेने की क्षमता में सुधार करना।

3) राज्य की विश्वसनीयताः नागरिकों को यह भरोसा दिलाना कि शांतिपूर्ण जीवन, सार्वजनिक परिवहन और व्यापारिक गतिविधियों की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन किसी मॉडल का प्रभाव उसके नाम या राजनीतिक लोकप्रियता से नहीं, बल्कि उसके परिणामों और कानूनी प्रक्रियाओं के पालन से मापा जाना चाहिए।

दूसरा प्रासंगिक सवाल यह है कि यूरोप के लिए इसके क्या अंतरराष्ट्रीय निहितार्थ हो सकते हैं? -

एक, कानून-व्यवस्था की बहस में बदलावः यदि यूरोपीय देश उत्तर प्रदेश की तरह अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गति, पुलिस-प्रशासन के समन्वय और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा पर अधिक ध्यान देते हैं, तो उनकी आंतरिक सुरक्षा नीतियों में बदलाव आ सकता है। इससे भारत के प्रशासनिक अनुभवों में अंतरराष्ट्रीय रुचि बढ़ सकती है।

2) भारत की सॉफ्ट पावर और नीतिगत प्रतिष्ठाः भारत के किसी राज्य की प्रशासनिक नीति पर यूरोप में गंभीर चर्चा होना भारतीय संघीय व्यवस्था के अनुभवों को आंतरिक सुरक्षा नीतियों में बदलाव आ सकता है। इससे भारत के प्रशासनिक अनुभवों में अंतरराष्ट्रीय रुचि बढ़ सकती है।

3) मानवाधिकार और कानून के शासन पर बहसः यूरोप में पुलिस कार्रवाई के साथ नागरिक स्वतंत्रता, शांतिपूर्ण प्रदर्शन और न्यायिक समीक्षा का विशेष महत्त्व है। यूरोप की परिषद ने 23 अक्टूबर 2026 के आसपास जारी अपने हालिया वक्तव्य में भी शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों और हिंसा करने वाले व्यक्तियों के बीच अंतर करने तथा पुलिस बल के कानूनी और आनुपातिक इस्तेमाल पर जोर दिया है।

4) भारत-यूरोप संबंधों में नई चर्चाः यदि यूरोपीय सरकारें भारतीय राज्यों के पुलिस प्रशिक्षण, डिजिटल निगरानी के कानूनी ढाँचे या प्रशासनिक समन्वय जैसे क्षेत्रों में उपयोगी अनुभव पाती हैं, तो तकनीकी सहयोग और नीतिगत संवाद के अवसर बन सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिज्ञ बताते हैं कि इसे अभी एक संभावित दिशा समझना चाहिए, न कि यूरोप द्वारा योगी मॉडल स्वीकार कर लेने का प्रमाण!

कोरा सवाल है कि क्या योगी मॉडल यूरोप के लिए नया प्रशासनिक विकल्प बन सकता है? तो जवाब होगा कि इस प्रश्न पर गंभीर अंतरराष्ट्रीय चर्चा संभव है, क्योंकि यूरोप ने उत्तर प्रदेश के योगी मॉडल को अपना लिया है। मुख्य बात यह है कि कठोर शासन और प्रभावी शासन एक ही चीज नहीं हैं। प्रभावी शासन वह है जो हिंसा और अपराध पर नियंत्रण रखे, नागरिकों को सुरक्षित बनाए, कानून का निष्पक्ष पालन करे और प्रशासन को भी कानून के प्रति जवाबदेह रखे।

यदि उत्तर प्रदेश की किसी विशिष्ट नीति के सकारात्मक परिणाम स्वतंत्र आँकड़ों से प्रमाणित होते हैं, तो यूरोपीय देश उसकी उपयोगिता पर विचार कर सकते हैं। लेकिन नीतियों को उनके नाम या राजनीतिक छवि के आधार पर नहीं, बल्कि प्रमाण, लागत, परिणाम और मानवाधिकारों पर उनके प्रभाव के आधार पर परखना चाहिए। यही वह दृष्टिकोण है जिसके तहत 'योगी मॉडल' पर बहस भारत की आंतरिक राजनीति से आगे बढ़कर कानून-व्यवस्था, लोकतंत्र और अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक सहयोग के व्यापक प्रश्नों तक पहुँच सकती है।

बर्फ की सफेद चादर में लिपटी बाबा केदार की नगरी

केदारनाथ धाम में आज बृहस्पतिवार सुबह को बर्फबारी से बाबा केदार की नगरी बर्फ की सफेद चादर में लिपट गई। बर्फबारी के अद्भुत नजारे को देखकर श्रद्धालु उत्साहित नजर आए। कोई बर्फ से ढके धाम के नजारे को कैमरे में कैद करता दिखा, तो कोई सेल्फी लेकर इस खूबसूरत पल को यादगार बनाता रहा। हालांकि, बर्फबारी के साथ ही धाम में ठंड भी बढ़ गई है। वहीं, जनपद के निचले इलाकों में भी मौसम का मिजाज बदला रहा। जिला मुख्यालय समेत उखीमठ, गुप्तकाशी, जखोली और बसुकेदार क्षेत्र में सुबह से बादल छाए रहे और हल्की बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए 11 नवंबर को बंद होने हैं। ऐसे में कपाट बंद होने से पहले बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। बर्फबारी और ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह बना हुआ है। धाम में मौसम के इस बदले रूप के बीच बाबा के दर्शन के लिए भक्तों की आवाजाही जारी है।

न्यूज ट्रेक

अलवर में नकली सोना बेचकर जायरीनों से ठगी, 10 आरोपी गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले में जरीली थाना पुलिस ने नकली सोने की ईंटें बेचकर जायरीनों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन पिता-पुत्र की जोड़ियां भी शामिल हैं। आरोपी अजमेर दरगाह आने वाले जायरीनों को घर या मकान की नींव की खुदाई में सोने की ईंटें मिलने की झूठी कहानी सुनाकर अपने जाल में फंसाते थे। इसके बाद पीतल की ईंट पर असली सोने का टुकड़ा लगाकर उसे सोना बताकर बेच देते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से ठगी के सात लाख रुपये नकद, पीतल की चार ईंटें, एक बोलेरो और एक कार बरामद की है। भिवाड़ी पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के अनुसार, यह गिरोह 'टटलूबाजी' के जरिए आंध्र प्रदेश और गुजरात के लोगों को निशाना बनाता था। आरोपी सस्ती कीमत पर सोने की ईंटें देने का लालच देकर लोगों से मोटी रकम ऐंठते थे। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

पटना में फिर से दरोगा अभ्यर्थियों का प्रदर्शन, सीएम हाउस घेरने की योजना

पटना। पटना में दरोगा भर्ती की मुख्य परीक्षा रद्द किए जाने के विरोध में अभ्यर्थी एक बार फिर प्रदर्शन कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने फैसले को वापस लेने और भर्ती प्रक्रिया को लेकर अपनी मांगें उठाने के लिए सड़क पर उतरने का एलान किया है। कई अभ्यर्थी गांधी मैदान पहुंच चुके हैं। इधर, प्रदर्शन को देखते हुए पटना पुलिस सतर्क है। गांधी मैदान से लेकर जेपी गोलंबर और डाक बंगला चौराहे तक सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। प्रदर्शनकारियों के मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने की योजना को देखते हुए प्रमुख रास्तों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। पटना की पुलिस की अलग अलग टीम चप्पे चप्पे पर तैनात है। दरोगा अभ्यर्थी गांधी मैदान से मार्च शुरू कर जेपी गोलंबर की ओर बढ़ने की तैयारी में हैं। इसके बाद डाक बंगला चौराहे के रास्ते मुख्यमंत्री आवास की ओर जाने की योजना है।

कुरुक्षेत्र : हाईकोर्ट ने फांसी का फैसला पलटा, 30 साल कठोर कैद की सजा

कुरुक्षेत्र (हरियाणा)। सेक्टर 13 में डॉ विनिता अरोड़ा की हत्या व डकैती मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने स्थानीय अदालत का फैसला पलट दिया है। अदालत ने चार दोषियों को फांसी की सजा को 30 साल कठोर कारावास में बदला है जबकि पूर्व नौकरानी को बरी कर दिया गया है। वारदात को नौ जनवरी 2023 में अंजाम दिया गया था। जस्टिस विनोद एस भारद्वाज और जस्टिस रवींद्र मलिक की पीठ ने सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया। स्थानीय अदालत ने पिछले वर्ष 15 दिसंबर को विक्रमजीत उर्फ बिट्टू, सुनील कुमार, मनीष कुमार, विक्रम उर्फ विक्की और पूनम को दोषी ठहराया था जबकि पांच दिन बाद 20 दिसंबर को फांसी की सजा सुनाई थी। सेक्टर 13 में डॉ अतुल अरोड़ा की पत्नी अपने घर पर ही केक बनाने का भी अपने शौक के चलते काम करती थी। केक का ऑर्डर देने के बहाने उन्होंने वारदात को अंजाम दिया और जाते समय लाखों के जेवरात भी ले गए थे।

स्पेन के ट्रेन हादसे में 68 मौतों के बाद हिंसा

मैड्रिड में परिवहन मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन, पुलिस पर बोतलें-पटाखे फेंके

मैड्रिड। एजेंसी

स्पेन में बुधवार दो हाईस्पीड ट्रेनों की टक्कर में 68 लोगों की मौत के बाद लोगों का गुस्सा भड़क गया है। सैकड़ों लोगों ने राजधानी मैड्रिड में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते के इस्तीफे की मांग की है। कुछ लोगों ने उन्हें 'मौत का मंत्री' तक कहा। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी हुई। लोगों ने पुलिस पर बोतलें और पटाखे फेंके। वहीं पुलिस ने भी प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए बल का प्रयोग किया।

रेल सुरक्षा सिस्टम में खराबी आई थी

शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक रेल सुरक्षा सिस्टम में खराबी आई थी जिसके बाद कंट्रोल सेंटर ने एक ट्रेन को दोबारा चलने की इजाजत दी। आगे पटरी पर खड़ी दूसरी ट्रेन से उसकी टक्कर हो गई। लेकिन सिग्नल सिस्टम की खराबी ही हादसे की असली वजह थी या नहीं, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही होगी। परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने भी कहा है कि जांच के बाद हादसे की असली वजह सामने आएगी और जिम्मेदारी तय हो सकेगी। हादसे के बाद देश की रेल व्यवस्था और यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। इस साल स्पेन में हुआ यह दूसरा बड़ा रेल हादसा है।

रात भर चला रेस्क्यू, लोगों की तलाश जारी

हादसे के बाद राहत और बचाव दल रातभर मलबे में फंसे लोगों की तलाश करते रहे। क्षतिग्रस्त ट्रेनों से शवों को निकालने के लिए क्रेन की मदद ली गई। बचावकर्मी हादसे की जगह पर लगातार काम करते रहे। स्पेन के प्रधानमंत्री पेद्रो सांचेज ने हादसे की जगह के पास से टीवी पर देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ है। उन्होंने हादसे पर दुख जताया और मामले की जांच कराने का भरोसा दिया। सांचेज ने कहा कि जांच में अगर किसी की लापरवाही या सुरक्षा में कमी सामने आती है, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी और कमियों को दूर किया जाएगा।

कनेक्टिविटी, स्पीड और स्केल के मंत्र ने बदली यूपी की तस्वीर: सीएम योगी

लखनऊ। एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिये प्रदेशवासियों को 2017 के पश्चात सड़क, रेल, मेट्रो व एयर कनेक्टिविटी की अभूतपूर्व बढ़ोतरी से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि स्पीड, स्केल और कनेक्टिविटी के मंत्र ने उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल दी है।

मुख्यमंत्री ने लिखा कि सड़क, रेल और हवाई संपर्क केवल दूरियां नहीं घटाते, बल्कि ये सुविधा, समय की बचत और समृद्धि की नई संभावनाएं लेकर आते हैं, लेकिन वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में विकास की इन जीवन रेखाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने स्पीड, स्केल और कनेक्टिविटी के मंत्र से इस तस्वीर को बदला है। भाजपा की डबल इंजन सरकार बनने से पहले देश की सबसे बड़ी आबादी वाले प्रदेश में मात्र डेढ़ एक्सप्रेस-वे थे। आज प्रदेश में 10 एक्सप्रेस-वे संचालित हैं। तब हवाई सेवाएं चुनिंदा शहरों तक सिमटी थीं, लेकिन आज 12 घरेलू और 05 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों से प्रदेश की उड़ान नई ऊंचाइयों पर है। तब प्रदेश के एक भी शहर में मेट्रो नहीं चलती थी। वहीं, आज 07 शहरों में मेट्रो जनजीवन को नई गति दे रही है।

हाईकोर्ट: सोरेन की याचिका पर केंद्र को जवाब दाखिल करने समय दिया

रांची। एजेंसी

झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति मनोज प्रसाद की खंडपीठ ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों को चुनौती देने और विशेष अदालत में मुकदमे की प्रक्रिया रोकने की मांग करने वाली हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान केंद्र सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा गया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। उच्च न्यायालय ने इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख 19 नवंबर निर्धारित की है। उच्च न्यायालय में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार का पक्ष प्रस्तुत करने के लिए

समय की मांग की गई। केंद्र सरकार ने बताया कि वह इस संबंध में अपना विस्तृत जवाब तैयार कर दाखिल करेगी। पीठ ने इस आग्रह को स्वीकार करते हुए सुनवाई स्थगित कर दी। हेमंत सोरेन ने अपनी याचिका के माध्यम से पीएमएलए कानून की धारा 44 (1) (2) को चुनौती दी है। चूंकि यह कानून केंद्र सरकार द्वारा निर्मित है, इसलिए पिछली सुनवाई के समय अदालत ने केंद्र सरकार को मामले में प्रतिवादी बनाते हुए अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था।

दिनदहाड़े वारदात: लाहौरी गेट में बंदूक की नोक पर 2.30 करोड़ की लूट

नई दिल्ली। दिल्ली में दिनदहाड़े 2.30 करोड़ रुपये की बड़ी लूट हुई है। यह वारदात लाहौरी गेट इलाके के एक कार्यालय में हुई। चर्च मिशन पुलिस पोस्ट के अधिकार क्षेत्र में चार हथियारबंद बदमाशों ने लूट को अंजाम दिया। बदमाशों ने कार्यालय में घुसकर एक कर्मचारी को बंदूक की नोक पर धमकाया और अलमारी में रखी नकदी बैगों में भर ली। लूटी गई कुल रकम 2.30 करोड़ रुपये बताई जा रही है। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। वे ओल्ड दिल्ली रेलवे स्टेशन के ठीक सामने पहले से खड़ी एक कार में बैठकर भागे। इस मामले में लाहौरी गेट पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है।

अगले महीने राहुल पिथौरागढ़ प्रियंका पौड़ी में करेंगी जनसभा एक नवंबर को तय होगी तिथि

देहरादून। एजेंसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी अगले महीने पिथौरागढ़ के धारचूला में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पौड़ी जिले में जनसभा करेंगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने बताया कि जनसभाओं की तिथि एक नवंबर को दिल्ली में राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ होने वाली बैठक में तय होगी। राहुल गांधी की धारचूला में प्रस्तावित जनसभा को सीमांत क्षेत्र के लिहाज से अहम माना जा रहा है। वहीं, प्रियंका गांधी की पौड़ी में प्रस्तावित सभा के जरिये कांग्रेस पहाड़ से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की तैयारी में है। पार्टी नेताओं के मुताबिक दोनों नेताओं की सभाओं में अंकिता हत्याकांड, बेरोजगारी, पलायन, भूमि और मूल निवास सहित प्रदेश से जुड़े अन्य मुद्दे उठाए जा सकते हैं।

जम्मू: डोडा में वन विभाग की नर्सरी में लगी आग जंगल में उठी लपटें

जम्मू। नलवा में घाट रोड के पास वन विभाग की एक नर्सरी में आग लग गई है। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं और आग पर काबू पाने की कोशिशें की जा रही हैं। डोडा के फायर स्टेशन प्रभारी ने बताया कि यह जंगल में लगी आग थी। हमारी टीम आग पर काबू पाने के लिए काम कर रही है। कोई हताहत नहीं हुआ है। आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चला है।

प्रभाव

भीषण गर्मी से अगले 5 महीनों में होगी साढ़े 3 लाख से ज्यादा लोगों की मौत, भारत में भी असर

रिपोर्ट का दावा : विश्वभर में खतरनाक साबित होगा 'अल नीनो'

नई दिल्ली। एजेंसी

सुपर अल नीनो का खतरा काफी बढ़ता जा रहा है। भारत ही नहीं, बल्कि कई देश इसकी चपेट में हैं। 'क्लाइमेट इम्पैक्ट लैब' ने अल नीनो के बढ़ते प्रभाव को लेकर एक ऐसा नक्शा जारी किया है, जो पूरी दुनिया के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकता है। 'क्लाइमेट इम्पैक्ट लैब' के नक्शे में यह बताया गया है कि प्रशांत महासागर में 'सुपर अल नीनो' के तेज होने पर, गर्मी के कारण कहां सबसे ज्यादा अतिरिक्त मौतें होंगी। वहीं इस नक्शे से सामने आए आंकड़े काफी डराने वाले हैं।

अल-नीनो से कहां होंगी सबसे ज्यादा मौतें?

'अल नीनो हीट मोर्टेलिटी ट्रैकर' (अल नीनो के कारण गर्मी से होने वाली मौतों का ट्रैकर) नामक इस भयावह नक्शे के मुताबिक, अक्टूबर 2026 से मार्च 2027 के बीच 373,000 से ज्यादा अतिरिक्त लोगों की जान जा सकती है। यह नक्शा यह भी बताता है कि इनमें से एक-तिहाई मौतें नाइजीरिया, भारत और ब्राजील में होने का अनुमान है। इससे साफ तौर पर सामने आता है कि इसका सीधा असर भारत पर भी पड़ने वाला है।

3.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया पारा

सुपर अल नीनो की यह स्थिति तब बनी है जब मौसम की इस असामान्य घटना ने, जिसे समुद्र की सतह के तापमान से मापा जाता है, पूर्वी-मध्य प्रशांत महासागर के 'नीनो 3.4' क्षेत्र में पानी के तापमान को सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस (6 डिग्री फारेनहाइट से ज्यादा) ऊपर पहुंचा दिया है। यह तापमान 18 से 24 अक्टूबर के सप्ताह के दौरान दर्ज किया गया था। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के मुताबिक, नवंबर से जनवरी के बीच यह घटना तापमान को सामान्य 'अल नीनो' की तुलना में छह गुना से भी ज्यादा बढ़ा सकती है।

9 महीनों में 857,400 अतिरिक्त मौतें

सुपर अल नीनो को दिखाता हुआ जो यह नक्शा सामने आया है, वो किसी खतरे की घंटी से कम नहीं है। इसके प्रभाव कितने विनाशकारी होंगे, यह जानने के लिए 1996 से 2005 के औसत हालात की तुलना में, मौजूदा 'अल नीनो' के कारण होने वाली अतिरिक्त मौतों का अनुमान लगाया है। यह रिसर्च दुनियाभर के लगभग 3,700 क्षेत्रों को कवर करता है और इसे हर महीने अपडेट किया जाता है, जिसमें अगले छह महीनों के लिए पूर्वानुमान दिए जाते हैं।

भारत में देखने को मिल सकता है भयावह रूप

अल नीनो की वजह से इन नौ महीनों की इस अवधि के अनुमान में लगाई गई आधी से ज्यादा अतिरिक्त मौतें अगले छह महीनों के भीतर होने की आशंका है और भारत पर इसका भयावह रूप देखने को मिल सकता है। इस भीषण गर्मी का सबसे बुरा असर नाइजीरिया पर पड़ने का अनुमान है, जहां इस दौरान गर्मी से जुड़ी 56,000 से ज्यादा मौतें हो सकती हैं।

न्यूज ब्रीफ

सोमालिया में बड़ा आतंकी हमला: 20 सैनिकों की मौत

नई दिल्ली। सोमालिया में एक बड़ा आतंकी हमला हुआ है। इस्लामी चरमपंथी लड़ाकों ने घात लगाकर किए गए हमले में सोमालिया के कम से कम 20 सैनिकों को मार डाला। हमले में बचे एक सैन्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। वहीं, सरकार ने सैन्य वाहनों को नुकसान पहुंचने की बात तो मानी, लेकिन आधिकारिक तौर पर सैनिकों के हताहत होने के बारे में कुछ नहीं बताया। अल-कायदा से जुड़े अल-शबाब समूह ने, जो लगभग दो दशकों से सोमालिया की सरकार के खिलाफ लड़ रहा है, दक्षिणी सोमालिया के जामीका गांव के पास सोमवार को हुए इस हमले की जिम्मेदारी ली है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि घंटों चली लड़ाई के दौरान उनके सैनिकों ने लगभग 75 चरमपंथियों को मार गिराया और 56 को घायल कर दिया। वहीं, अल-शबाब ने दावा किया कि उसने 321 सैनिकों को मार डाला है और कुछ सैनिकों को बंदी बनाने के साथ-साथ सैन्य उपकरण भी जब्त किए हैं। हताहतों की संख्या और सैनिकों को बंदी बनाने या उपकरण जब्त करने के दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

हर्मोन चौकी की कमान नेपाल की महिला सैनिकों के हवाले

काठमांडू। नेपाल की 13 महिला शांति सैनिकों की एक टीम ने माउंट हर्मोन स्थित हर्मोन चौकी की जिम्मेदारी संभाल ली है। इसके साथ ही दुनिया में संयुक्त राष्ट्र की सबसे ऊंचाई पर स्थित स्थायी रूप से संचालित चौकी पर पहली बार पूरी तरह महिला शांति सैनिकों की तैनाती हुई है। संयुक्त राष्ट्र डिसएंगेजमेंट ऑब्जर्वर फोर्स (यूएनडीओएफ) के तहत इस टीम ने अक्टूबर 2026 की शुरुआत में आधिकारिक रूप से अपनी जिम्मेदारी संभाली। यूएनडीओएफ गोलान हाइट्स क्षेत्र में कार्यरत है। समुद्र तल से 2,814 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस चौकी पर तैनात शांति सैनिकों को लगातार निगरानी करनी होती है। उन्हें घटनाओं का पता लगाने और उनकी पुष्टि करने, रिपोर्ट सौंपने तथा गश्ती दलों की सहायता करने की जिम्मेदारी भी निभानी होती है। यहां मौसम की कठिन परिस्थितियों में भी काम करना पड़ता है।

जौहर विवि की 426.46 करोड़ की संपत्ति ईडी ने की अटैच

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय ने उत्तर प्रदेश के रामपुर स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी की जमीन और इमारतों को अटैच किया है। इन संपत्तियों का मूल्य 426.46 करोड़ रुपये आंका गया है, जबकि इनका मौजूदा बाजार मूल्य करीब 1170 करोड़ रुपये बताया गया है। ईडी ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के तहत की है। यह मामला मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट, उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान और अन्य लोगों से जुड़ा है। रामपुर के गांव सिंगनखेड़ा स्थित जौहर नगर में मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी का कैंपस है। इस यूनिवर्सिटी की जमीन और इमारतें मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट के अधीन हैं। ईडी के मुताबिक, इस ट्रस्ट की स्थापना मोहम्मद आजम खान ने की थी और वही इसे नियंत्रित करते हैं।

180 लोगों की जान बचाने वाले कैप्टन स्मित का दुबई में सम्मान

अबू धाबी: संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद ने फ्लाईदुबई फ्लाइट के हीरो पायलट स्मित मच्छार से मुलाकात की है। कैप्टन स्मित मच्छार अब अस्पताल से ठीक होकर बाहर आ गये हैं और मुलाकात के वक्त यूएई के राष्ट्रपति ने उन्हें गले से लगा लिया। अबू धाबी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कैप्टन स्मित मच्छार को 'ऑर्डर ऑफ जायद ' से सम्मानित किया गया। कैप्टन स्मित मच्छार को ये सम्मान अपनी जान पर खेलकर फ्लाइट के यात्रियों की जान बचाने के लिए दिया गया है।

यह था मामला

यह घटना 30 सितंबर को दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट ए1073 में हुई थी। उड़ान के दौरान कॉकपिट में गंभीर घटना हुई, जिसके बाद विमान को सऊदी अरब के तबुक की ओर मोड़ना पड़ा। इस दौरान कैप्टन स्मित मच्छार घायल हो गए। हालात इतने खराब हो गए थे कि विमान की सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगा था।

इजरायल संसदीय चुनाव : प्रधानमंत्री नेतन्याहू की पार्टी ने की जबर्दस्त वापसी

एजेन्सी, तेल अवीव/वॉशिंगटन

इजरायल के संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की पार्टी ने जबर्दस्त वापसी की है। नेतन्याहू की लिकुड पार्टी 27 सीटों पर बढ़त बना चुकी है। लिकुड पार्टी का गठबंधन 56 सीटों पर बढ़त बना चुका है। वहीं विरोधी याशर पार्टी घटकर 21 सीटों पर पहुंच गई है। बेंजामिन नेतन्याहू फिर सत्ता में आते दिख रहे हैं। हालांकि सरकार बनाने के लिए 61 सीटें चाहिए। वोटों की गिनती बढ़ने के साथ बेंजामिन नेतन्याहू की स्थित मजबूत होती जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 57.3 फीसदी मतपेटियों की गिनती के बाद नेतन्याहू समर्थक गुट को 55 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि उनके विरोधी गुट को 49 सीटें मिलती दिख रही हैं। वहीं, अरब पार्टियों के खाते में 16 सीटें जाने का अनुमान जताया गया है। इजरायल की संसद नेसेट में कुल 120 सीटें हैं और सरकार बनाने के लिए कम से कम 61 सांसदों का समर्थन जरूरी होता है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें कहा गया कि नेतन्याहू के समर्थन में ट्रंप के बयान से चुनाव का माहौल बदल गया। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि नेतन्याहू ने अच्छा काम किया है। ट्रंप के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति का समर्थन मिलने से नेतन्याहू को फायदा हुआ।

चुनाव से पहले नेतन्याहू ने भी ट्रंप के साथ अपने संबंधों की खुलकर तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायल के प्रति ऐसी दोस्ती दिखाई है, जैसी पहले देखने को नहीं मिली। नेतन्याहू ने इजरायली मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए ट्रंप के समर्थन का भी जिक्र किया था। इससे पहले, ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इजरायलियों से नेतन्याहू को वोट देने की अपील की थी और कहा था कि दोनों देशों को जो शुरू किया गया है उसे पूरा करने की जरूरत है। ईरान का मुद्दा भी चुनाव में चर्चा का अहम विषय रहा।

हसीना के भागने का वीडियो बनाने वाले अफसर की मौत

परिवार को हत्या का शक ; तख्तापलट के बाद हेलिकॉप्टर से भारत आई थीं पूर्व बांग्लादेशी पीएम

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने का वीडियो रिकॉर्ड करने वाले पूर्व एयरफोर्स अधिकारी केएम तौसीफ सौरी की मौत हो गई है। उनका शव गुरुवार को ढाका की तुराग नदी में मिला। 28 साल के फ्लाइट लेफ्टिनेंट सौरी 27 अक्टूबर से लापता थे। परिवार ने आरोप लगाया है कि हसीना का वीडियो साझा करने के कारण उन्हें परेशान किया गया और उनकी हत्या कर दी गई।

अधिकारियों के मुताबिक मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी मौत डूबने से हुई, उन्होंने आत्महत्या की या उनकी हत्या की गई।

जेब में मिले आईफोन से पहचान हुई

बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार के मुताबिक अधिकारी का शव राजाबाड़ी घाट के पास मिला। सौरी ने सफेद पेंट और काली शर्ट पहनी हुई थी। शुरुआत में पुलिस शव की पहचान

नहीं कर सकी।

उनकी जेब से मिले आईफोन की मदद से पहचान हुई। शव के साथ एक कलाई घड़ी भी मिली। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए ढाका के शहीद सुहरावर्दी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया।

बहन बोली- जासूस भाई का पीछा कर रहे थे सौरी की मौत के बाद उनकी चचेरी बहन मोशफेका जहां ने फेसबुक पोस्ट में हत्या का आरोप लगाया। बांग्ला में लिखी पोस्ट में उन्होंने कहा, मेरे भाई की हत्या कर दी गई। उसका कसूर क्या था? हसीना के भागने का वीडियो शेयर करना?

जहां ने दावा किया कि सौरी ने नहीं बल्कि उनके सहकर्मी ने वीडियो रिकॉर्ड नहीं किया था। बहन ने आरोप लगाया कि एयरफोर्स से रिटायर किए जाने के बाद भी सौरी को मानसिक प्रताड़ना दी जाती रही।

उन्होंने दावा किया कि जासूस लगातार उनका पीछा कर रहे थे। उनकी चचेरी बहन के मुताबिक, सौरी की तबीयत ठीक थी और मौत से पहले उन्हें घर से बाहर बुलाया गया था।

एयरफोर्स से क्यों हटाए गए थे सौरी?

सौरी को एयरफोर्स से क्यों हटाया गया था, इसे लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बांग्लादेशी वेबसाइट 'जागो न्यूज' के मुताबिक, सैन्य जनसंपर्क निदेशालय ने 4 अगस्त 2025 को उनकी सेवा से विदाई पर बयान जारी किया था। इसमें कहा गया था कि सौरी को नियमों के तहत रिटायर किया गया और उन पर कोई आरोप नहीं था।

हालांकि, कुछ रिपोर्टों और सोशल मीडिया पर उनकी विदाई को हसीना के देश छोड़ने के वीडियो से जुड़े विवाद से जोड़ा गया है। उनकी चचेरी बहन का भी आरोप है कि एयरफोर्स छोड़ने से पहले और बाद में सौरी को परेशान किया गया।

'जागो न्यूज' के मुताबिक, उत्तरा पुलिस स्टेशन के अधिकारी शाहीनुर जमान ने गुरुवार को बताया कि उस समय तक सौरी की मौत को लेकर थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई थी।

फिलहाल, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है। जांच में पता चलेगा कि सौरी की मौत कैसे हुई। अभी न उनकी हत्या की पुष्टि हुई है और न ही उनकी मौत का हसीना के वीडियो से कोई संबंध सामने आया है।हसीना के भागने का वीडियो बनाने वाले अफसर की मौतपरिवार को हत्या का शक; तख्तापलट के बाद हेलिकॉप्टर से भारत आई थीं पूर्व बांग्लादेशी क्रू

ढाका28 मिनट पहले

लेखक- मोहम्मद अरिफुल इस्लाम

5 अगस्त 2024 को शेख हसीना हेलिकॉप्टर से भारत आई थीं। यह उनका आखिरी देखा गया वीडियो है। इनसेट- पूर्व एयरफोर्स अधिकारी केएम तौसीफ

5 अगस्त 2024 को शेख हसीना हेलिकॉप्टर से भारत आई थीं। यह उनका आखिरी देखा गया वीडियो है। इनसेट- पूर्व एयरफोर्स अधिकारी केएम तौसीफ

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने का वीडियो रिकॉर्ड करने वाले पूर्व एयरफोर्स अधिकारी केएम तौसीफ सौरी की मौत हो गई है। उनका शव गुरुवार को ढाका की तुराग नदी में मिला।

28 साल के फ्लाइट लेफ्टिनेंट सौरी 27 अक्टूबर से लापता थे। परिवार ने आरोप लगाया है कि हसीना का वीडियो साझा करने के कारण उन्हें परेशान किया गया और उनकी हत्या कर दी गई।

बांग्लादेश में साजिश रचकर गिराई गई थी हसीना सरकार

ढाका। बांग्लादेश में साजिश के तहत शेख हसीना की सरकार गिराई गई थी। उनके खिलाफ चल रहे आंदोलन के दौरान ही छात्र नेताओं ने इस बात पर चर्चा शुरू कर दी थी कि उनके बाद देश की कमान कौन संभालेगा। यह दावा अंतरिम सरकार के सलाहकार रहे मोहम्मद यूनुस के पूर्व प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने किया है। आलम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि छात्रों ने यूनुस से संपर्क करने में फ्रांस की न्यूज एजेंसी स्क्रक के पत्रकार कादरुद्दीन शिशिर की मदद ली थी। वे चाहते थे कि नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस अंतरिम सरकार चलाएं। 5 अगस्त 2024 को हसीना ने बांग्लादेश छोड़ा था। इसके दो दिन पहले ही यूनुस और छात्रों के बीच बातचीत हुई थी।

सुरक्षा एजेंसियों को बातचीत की जानकारी ही नहीं थी

शफीकुल आलम के मुताबिक, छात्र नेताओं को यूनुस तक अपनी बात पहुंचाने के लिए एक भरोसेमंद व्यक्ति की जरूरत थी। ऐसे में स्क्रक की ढाका स्थित फैक्ट-चेकिंग टीम के तत्कालीन संपादक कादरुद्दीन शिशिर ने दोनों पक्षों के बीच संपर्क कराने में मदद की। आलम ने दावा किया कि सुरक्षा एजेंसियों को इस बातचीत की जानकारी नहीं थी। अगर अधिकारियों को इसका पता चल जाता तो शिशिर और स्क्रक की पूरी टीम को खतरा हो सकता था। आलम ने बातचीत का पूरा ब्योरा नहीं दिया। यह भी स्पष्ट नहीं है कि शिशिर की भूमिका केवल शुरुआती बातचीत कराने तक सीमित थी या उन्होंने आगे की बातचीत में भी हिस्सा लिया था। छात्र आंदोलन के प्रमुख नेताओं में शामिल नाहिद इस्लाम ने उन्हें अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार बनाने का प्रस्ताव दिया था। बाद में यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी।

चुनाव हारने के बाद ब्राजील के राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी ने भरी अमेरिका की उड़ान

एजेन्सी, मेट्रोपोल्स

ब्राजील के सीनेटर फ्लेवियो बोल्सोनारो अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए उड़ान भर दी है।

सूत्रों के अनुसार, इस गुप्त यात्रा की योजना बोल्सोनारो परिवार के करीबी एक वकील ने बनाई थी। हालांकि, सूत्रों ने विमान के स्रोत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। बोल्सोनारो परिवार के करीबी सूत्रों का कहना है कि वह अर्जेंटीना की यात्रा पर निकल चुके हैं और वहां से अमेरिका के लिए उड़ान भरने का इरादा रखते हैं, जहां फ्लोरिडा में उतरने की योजना है। ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के बेटे बोल्सोनारो कथित तौर पर अमेरिका में राजनीतिक शरण लेने की योजना बना रहे हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की है कि ट्रंप प्रशासन ब्राजील के सीनेटर फ्लेवियो बोल्सोनारो और उनके परिवार को वीजा जारी करेगा।

'अल्लाहु अकबर' बोलकर नाबालिग ने सर्बिया में इजरायली दूतावास पर किया हमला, सुरक्षा बलों ने मार गिराया

एजेन्सी, बेलग्रेड

सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में बुधवार को इजराइली दूतावास के बाहर एक नाबालिग ने 'अल्लाहु अकबर' बोलते हुए चाकू से पुलिसकर्मी पर हमला बोल दिया। जानकारी के अनुसार नाबालिग को सुरक्षाकर्मियों ने गोली मार दी है। इससे नाबालिग हमलावर की मौके पर ही मौत हो गई है।

सर्बिया की पुलिस ने कहा है कि बेलग्रेड में इजरायली दूतावास के बाहर एक अज्ञात हमलावर ने गार्ड पर चाकू से हमला करने की कोशिश की थी लेकिन आधी रात को जवाबी कार्रवाई में वो मौके पर ही मारा गया। हालांकि सर्बिया की पुलिस ने नाबालिग की पहचान जाहिर नहीं की है। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक सर्बिया के गृहमंत्री इविक डासिक ने कहा है कि पुलिस इस घटना को एक 'आतंकी हमला' मानकर चल रही है।

स्पेन में ट्रेन हादसे में 68 मौतों के बाद हिंसा-लोगों ने पुलिस पर बोतलें-पटाखे फेंके; सिग्नल खराब होने से भिड़ी थीं हाईस्पीड ट्रेनें

मैड्रिड। स्पेन में दो हाईस्पीड ट्रेनों की टक्कर में 68 लोगों की मौत के बाद लोगों का गुस्सा भड़क गया है। गुरुवार को सैकड़ों लोगों ने राजधानी मैड्रिड में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते के इस्तीफे की मांग की है। कुछ लोगों ने उन्हें 'मौत का मंत्री' तक कहा। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी हुई।

लोगों ने पुलिस पर बोतलें और पटाखे फेंके। पुलिस ने भी प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए बल का प्रयोग किया।

रेल सुरक्षा सिस्टम में खराबी आई थी

ट्रेनों के टक्कर की घटना बुधवार की है। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक रेल सुरक्षा सिस्टम

में खराबी आई थी जिसके बाद कंट्रोल सेंटर ने एक ट्रेन को दोबारा चलने की इजाजत दी। आगे पटरी पर खड़ी दूसरी ट्रेन से उसकी टक्कर हो गई।

सिग्नल सिस्टम की खराबी ही हादसे की असली वजह थी या नहीं, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही होगी। परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने भी कहा है कि जांच के बाद हादसे की असली वजह सामने आएगी और जिम्मेदारी तय हो सकेगी।

हादसे के बाद देश की रेल व्यवस्था और यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। इस साल स्पेन में हुआ यह दूसरा बड़ा रेल हादसा है, जिसमें लोगों की जान गई है। इसके पहले जनवरी में हुए हादसे में 46 लोगों ने जान गंवाई थी। उस समय पटरी के जोड़ में खराबी के कारण ट्रेन पटरी से उतर गई थी।

रात भर चला रेस्क्यू, लोगों की तलाश जारी

हादसे के बाद राहत और बचाव दल रातभर मलबे में फंसे लोगों की तलाश करते रहे। क्षतिग्रस्त ट्रेनों से शवों को निकालने के लिए `न की मदद ली गई। बचावकर्मी हादसे की जगह पर लगातार काम करते रहे।

स्पेन के प्रधानमंत्री पेद्रो सांचेज ने हादसे की जगह के पास से टीवी पर देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ है। उन्होंने हादसे पर दुख जताया और मामले की जांच कराने का भरोसा दिया।

स्पेन में दो हाईस्पीड ट्रेनों की टक्क र के बाद हादसे वाली जगह पर बचावकर्मी राहत कार्य करते हुए। तस्वीर 28 अक्टूबर 2026 की है।

सांचेज ने कहा कि जांच में अगर किसी की लापरवाही या सुरक्षा में कमी सामने आती है, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी और कमियों को दूर किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस साल हुए दोनों जानलेवा रेल हादसों की वजह अलग-अलग हो सकती हैं। जरूरत पड़ने पर रेल सुरक्षा के नियमों को और सख्त किया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

एमके संस फाइन ज्वेल्स का आईपीओ लॉन्च

नई दिल्ली। जेम्स एंड ज्वेलरी सेक्टर की कंपनी एमके संस फाइन ज्वेल्स लिमिटेड का 275.40 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। ये कंपनी मुंबई और अहमदाबाद में अपने शोरूम नेटवर्क के माध्यम से सोने, हीरे और अमेरिकन डायमंड के आभूषणों की खुदरा बिक्री करने तथा अलग अलग कैटेगरी की अंगूठियां, हार, चूड़ियां, झुमके, ब्रेसलेट, मंगलसूत्र और ब्राइडल व कस्टमाइज्ड आभूषणों की डिजाइनिंग का काम करती है। कंपनी के इस आईपीओ में निवेशक 30 अक्टूबर तक बोली लगा सकते हैं। लॉन्चिंग के बाद पहले दिन के अंत तक ये आईपीओ ओवरऑल 65 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ था। इसमें रिटेल इन्वेस्टर के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 23 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन आया था। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 2 नवंबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 2 नवंबर को ही अलॉटेड शेयर सफल निवेशकों के डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे।

सब्सक्रिप्शन के लिए खुला कार्वर रोबोवेल्ड का पब्लिक इश्यू

नई दिल्ली। इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स सेक्टर की कंपनी कार्वर रोबोवेल्ड लिमिटेड का 28.29 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। यह कंपनी मेटल कोर वायर्स, वेल्डिंग रॉड्स और गॉजिंग इलेक्ट्रोड्स सहित वेल्डिंग कंज्यूमेबल्स का निर्माण करने, वेल्डिंग स्पेयर पार्ट्स व एक्सेसरीज की आपूर्ति करने तथा फोर्जिंग इंडस्ट्री को फोर्जिंग डाई रीजनरेशन और वेल्डिंग रोबोट रेंटल सर्विसेज जैसे वैल्यू-ऐडेड इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस उपलब्ध कराती है। कंपनी के इस आईपीओ में निवेशक 30 अक्टूबर तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू खुलने के बाद पहले दिन के अंत तक यह आईपीओ ओवरऑल सिर्फ 25 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ था। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 2 नवंबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 3 नवंबर को अलॉटेड शेयर सफल निवेशकों के डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे।

रोमानो ने संयुक्त रूप से इस वार्ता का शुभारंभ किया

भारत और मैक्सिको ने तरजीही व्यापार के लिए की बात, समझौते के बढ़े आसार

■ एजेन्सी, नई दिल्ली

भारत और मेक्सिको ने द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने और निवेश को प्रोत्साहन देने के मकसद से तरजीही व्यापार समझौते (पीटीए) के लिए गुरुवार को बातचीत शुरू कर दी है। दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने 'टर्म्स ऑफ रेफरेंस' (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए हैं।

भारत के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और मेक्सिको के विदेश व्यापार उपमंत्री लुइस रोसेन्डो गुटिरेज रोमानो ने संयुक्त रूप से इस वार्ता का शुभारंभ किया। इनमें प्रस्तावित समझौते की व्यापक रूपरेखा तय की गई है। इनमें वस्तुओं के लिए बाजार पहुंच, सीमा शुल्क प्रक्रियाएं और व्यापार सुविधा, विवाद निपटान, स्वच्छता तथा पादप स्वच्छता उपाय, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार उपचार पर वार्ता जैसे बिंदू शामिल हैं। इससे दोनों देशों के लिए नए आर्थिक अवसर पैदा करने के उद्देश्य से होने वाली बातचीत की रूपरेखा, दायरा, तौर-तरीके और आगे की कार्ययोजना तय होती है।

मंत्रालय ने कहा कि इसके साथ परस्पर लाभकारी और संतुलित पीटीए के लिए बातचीत औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से मजबूत जुड़ाव के कारण मेक्सिको भारतीय निर्यातकों तथा निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है।

दोनों देशों के बीच वाहन, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स, औषधि, कृषि एवं खाद्य उत्पाद, ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, चिकित्सा उपकरण और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं।

दोनों पक्षों ने 2027 की पहली तिमाही में मेक्सिको के एक कारोबारी प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा आयोजित करने की संभावना पर भी चर्चा की।

भारत और मेक्सिको के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2025-26 में 9.11 फीसदी घटकर 7.83 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। इनके बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2024-25 में 8.61 अरब अमेरिकी डॉलर था।

वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का मेक्सिको को निर्यात 5.72 अरब डॉलर और वहां से आयात 2.1 अरब डॉलर रहा। इस दौरान भारत को 3.62 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष हुआ, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 2.9 अरब डॉलर रहा था।

स्टॉक मार्केट में पारस हेल्थकेयर का मामूली बढ़त के साथ प्रवेश

फायदे में आईपीओ निवेशक

■ एजेन्सी, नई दिल्ली

उत्तर भारत, बिहार और झारखंड में 'पारस हेल्थ' ब्रांड के तहत अस्पताल संचालित करने वाली दिग्गज कंपनी पारस हेल्थकेयर लिमिटेड के शेयरों ने गुरुवार को स्टॉक मार्केट में मजबूती के साथ कारोबार की शुरूआत की।

आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 693 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई और एनएसई दोनों प्रमुख एक्सचेंजों पर इसकी लिस्टिंग 3.90 प्रतिशत के मामूली प्रीमियम के साथ 720 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बाजार मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण यह शेयर लुढ़क कर 706 रुपये के स्तर तक आ गया। हालांकि थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस शेयर की चाल में तेजी आ गई। खरीदारी के सपोर्ट से यह शेयर उछल कर 748.85 रुपये के स्तर तक पहुंच गया।

इसके बाद एक बार फिर मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से यह शेयर ऊपरी स्तर से लुढ़क गया। बाजार में दिनभर हुई खरीद-बिक्री के बाद यह शेयर 737.15 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। इस तरह पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 44.15 रुपये यानी 6.97 प्रतिशत का फायदा हो गया।

इस कंपनी का 1,450 करोड़ रुपये का आईपीओ 21 से 23 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण यह ओवरऑल 2.34 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 3.25 गुना (एक्स एंकर) सब्सक्राइब हुआ था।

इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 2.10 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा नॉन-इन्स्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 0.69 गुना सब्सक्रिप्शन दर्ज किया गया था, जिसमें 10 लाख से ऊपर वाले एचएनआई का हिस्सा 0.62 गुना और 10 लाख से नीचे वाले एचएनआई का हिस्सा 0.84 गुना भरा था।

उतार-चढ़ाव के बीच कमजोरी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार सेंसेक्स ने निचले स्तर से की 995 अंक तक की रिकवरी

बाजार की गिरावट के बावजूद ब्रॉडर मार्केट की तेजी से निवेशकों ने कमाए 12.04 लाख करोड़ रुपए

■ एजेन्सी, नई दिल्ली

एशिया के ज्यादातर स्टॉक मार्केट में रौनक रहने के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को लगातार खींचतान का माहौल बना रहा।

आईटी सेक्टर के शेयरों में हो रही जोरदार बिकवाली और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आए उछाल की वजह से बने दबाव और निचले स्तर पर हो रही वैल्यू बाइंग की रस्साकसी के कारण शेयर बाजार में आज दिनभर उतार-चढ़ाव होता रहा। इस उतार-चढ़ाव के बीच सेंसेक्स 995 अंक से ज्यादा टूट गया। इसी तरह निफ्टी भी ऊपरी स्तर से 280 अंक से ज्यादा लुढ़क गया। हालांकि बॉटम लेवल पर पहुंचने के बाद हुई खरीदारी के सपोर्ट से दोनों सूचकांक निचले स्तर से काफी हद तक रिकवरी करने में सफल रहे। इस रिकवरी के बावजूद दोनों सूचकांक लाल निशान में ही बंद हुए।

कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी और आईटी सेक्टर के भारी दबाव की वजह से आज के कारोबार की शुरूआत कमजोरी के साथ लाल निशान में हुई थी।

बॉम्बे कोटेड एंड स्पेशल स्टील्स का आईपीओ कल होगा लॉन्च, 5 नवंबर को हो सकती है लिस्टिंग

■ एजेन्सी, नई दिल्ली

स्टील प्रोसेसिंग सेक्टर की कंपनी बॉम्बे कोटेड एंड स्पेशल स्टील्स लिमिटेड का 183.06 करोड़ रुपये का आईपीओ कल सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च किया जाएगा।

यह कंपनी ऑरिजनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स और ऑरिजनल डिजाइन मैन्युफैक्चरर्स के लिए स्टील कॉइल्स को वैल्यू-एडेड प्रोसेस्ड स्टील प्रोडक्ट्स में बदलने का काम करती है। इसके उत्पादों का उपयोग होम अप्लायंसेज, ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट और फार्मास्युटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे कई उद्योगों में होता है। कंपनी के इस आईपीओ में निवेशक 2 नवंबर तक बोली लगा सकते हैं।

इश्यू की क्लोजिंग के बाद 3 नवंबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 4 नवंबर को सफल निवेशकों के डीमैट अकाउंट में शेयर क्रेडिट कर दिए जाएंगे। इसी दिन जिन निवेशकों को शेयर का अलॉटमेंट नहीं हुआ होगा, उनके लिए रिफंड की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। कंपनी के शेयर 5 नवंबर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर लिस्ट हो सकते हैं।

इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 78 रुपये से लेकर 82 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 182 शेयरों का है। रिटेल इंवेस्टर्स इस इश्यू में कम-से-कम एक लॉट यानी 182 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,924 रुपये का निवेश करना होगा।

रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट में 2,366 शेयर के लिए 1,94,012 रुपये तक की बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 2.23 करोड़ नए शेयर जारी किए जा रहे हैं।

अमेजन ने 250 कर्मचारियों को निकाला

28 अक्टूबर की सुबह ईमेल और टेक्स्ट मैसेज से बताया, जनवरी में 16 हजार लोगों को हटाया था

नई दिल्ली

टेक और ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने अपने डिवाइसेज और सर्विसेज यूनिट से करीब 250 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने इस छंटनी की पुष्टि कर दी है।

यह फैसला ऐसे समय में आया है जब कंपनी ने हाल ही में नए किंडल ई-रीडर्स, टैबलेट्स और 5 नए एलेक्सा-पावर्ड स्मार्ट डिवाइसेज लॉन्च किए हैं। निकाले गए कर्मचारियों में सबसे ज्यादा असर सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट टीम के लोगों पर पड़ा है। हालांकि ये छंटनी कहां की गई है ये अभी पता नहीं चला है।

बुधवार सुबह आया एचआर का मेल, एक्सेस बंद करने की जानकारी मिली

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कर्मचारियों को 28 अक्टूबर की सुबह ईमेल और टेक्स्ट मैसेज के जरिए छंटनी की जानकारी दी गई। यह मेल डिवाइसेज और सर्विसेज यूनिट की ॥ वाइस प्रेसिडेंट चेरी रॉबिन्सन की तरफ से भेजा गया था।

मेल में लिखा गया कि कंपनी ने अपने स्ट्रक्च र का रिव्यू किया है, जिसके बाद रोल खत्म करने का यह फैसला लेना पड़ा। कंपनी के प्रवक्त ा ने बयान जारी कर कहा कि हमने कुछ पोस्ट को खत्म करने का कठिन फैसला लिया है। यह कदम कंपनी के काम को ज्यादा कुशल बनाने और प्रोडक्ट रोडमैप के साथ तालमेल बिठाने के लिए उठाया गया है।

इस साल जनवरी में 16,000 कर्मचारियों को निकाला था

अमेजन में पिछले एक साल के दौरान बड़े पैमाने पर छंटनी देखने को मिली है। इससे पहले इस साल जनवरी में कंपनी ने 16,000 कर्मचारियों की छुट्टी की थी, जबकि पिछले साल अक्टूबर में भी 14,000 लोगों को नौकरी से निकाला गया था।

नए 5 एलेक्सा डिवाइसेज की लॉन्चिंग के दिन ही लिया फैसला

खास बात यह है कि डिवाइसेज डिवीजन में छंटनी का यह फैसला ठीक उसी दिन आया, जिस दिन अमेजन ने अपने 5 नए एलेक्सा-पावर्ड स्मार्ट डिवाइसेज मार्केट में उतारे। कंपनी एप्पल और ओपन-एआई जैसे कंपीटिटर्स से मिल रही कड़ी चुनौती के बीच अपने वॉयस असिस्टेंट को नए अवतार में पेश कर रही है।

लॉन्च हुए नए प्रोडक्ट्स की रेंजः

इको शो 16 : 16 इंच स ीन, बिल्ट-इन फायर टीवी और नाइट विजन कैमरे के साथ, कीमत करीब 499.99 (लगभग ?42,000)।

इको स्टूडियो : बिल्ट-इन कैमरा स्पीकर जो ऑब्जेक्ट पहचान सकता है, कीमत 249.99 (लगभग ?21,000)।

इको डॉट : बिल्ट-इन स्मार्ट होम हब और वाई-फाई एक्सटेंडर के साथ, कीमत 99.99 (लगभग ?8,400)।

इको टाइम : स्लीप-सेंसिंग तकनीक वाली बेडसाइड क्लॉक, कीमत 199 (लगभग 16,700)।

एलेक्सा फोटो फ्रेम : अमेजन फोटोज से सिंक होने वाला डिजिटल फ्रेम, कीमत 199.99 (लगभग 16,800)।

इंजीनियर्स को मैसेज- एआई अपनाएं वरना पीछे छूट जाएंगे

छंटनी की खबर से ठीक एक दिन पहले अमेजन ने अपने सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए जारी किया गया एक इंटरनल मैसेज भेजा। युग में डेवलपर की भूमिका% शीर्षक वाले इस मैसेज में कंपनी के इंजीनियरिंग लीडर्स ने स्पष्ट किया कि अब यह मायने नहीं रखता कि आप कौन सा टूल इस्तेमाल कर रहे हैं, बल्कि परिणाम सबसे ज्यादा जरूरी है। मैसेज में लिखा गया, 'हम सभी को इस बदलाव को अपनाना होगा और सीखने के लिए समय देना होगा, वरना हम पीछे छूट जाने के जोखिम में रहेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग पर एआई का असर अभी बस शुरू ही हुआ है। आगे चलकर बेस्ट प्रैक्टिस जो भी हों, एक बात तय है कि एआई सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग के केंद्र में रहेगा।

माइक्रोसॉफ्ट कर्मचारियों को पैसे लेकर नौकरी छोड़ने का ऑफर

इससे पहले कल माइ ोसॉफ्ट ने करीब 60 हजार कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने का ऑफर दिया था। कंपनी ने इसके बदले ग्रेड के मुताबिक एक साल तक की सैलरी एकमुश्त देने की बात कही। कंपनी एआई और सिस्टम बनाने में हुए खर्च की भरपाई के लिए कर्मचारियों की संख्या कम करने जा रही है।

केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3त बड़ा, जुलाई से लागू

सबसे निचले कर्मचारी को 540 और कैबिनेट सचिव लेवल के अफसर को 7500 महीने का फायदा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के 48 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनर्स की दिवाली थोड़ी और रोशन हो गई है। सरकार ने त्योहार से ठीक 10 दिन पहले उनके महंगाई भत्ते में 3 बढ़ोतरी कर दी है।

ताजा बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों और पेंशनर्स का महंगाई भत्ता यानी ष्ठ 63 हो जाएगा। सरकार इस पर ड़10 हजार करोड़ खर्च करेगी।

बुधवार 28 अक्टूबर को कैबिनेट ने नई दरें 1 जुलाई, 2026 से लागू करने को मंजूरी दी है। पिछले महीनों का एरियर भी दिवाली से पहले खाते में भेजा जाएगा।

अप्रैल में डीए 2% बढ़ाया गया था

अप्रैल में सरकार ने डीए में 2 की बढ़ोतरी की थी। इसके साथ ही महंगाई भत्ता 60 पर पहुंच गया था।

सरकारी फैसले की 3 बड़ी बातें

डीए बढ़ने से सैलरी में बढ़ोतरी बेसिक पे के आधार पर तय होती है

मिनिमम बेसिक सैलरी वालों के लिए: अगर किसी कर्मचारी की बेसिक पे ड़18,000 है, तो 3 की बढ़ोतरी के हिसाब से हर महीने 540 का इजाफा होगा।

हायर पे-स्केल वालों के लिए: अगर किसी वरिष्ठ अधिकारी की बेसिक सैलरी ड़56,100 है, तो उनकी मासिक सैलरी में लगभग 1,683 की सीधी बढ़ोतरी होगी।

एरियर का भुगतान: चूंकि यह फैसला जुलाई से प्रभावी है, इसलिए कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने का बकाया भी आगामी सैलरी के साथ दिया जाएगा।

साल में दो बार रिवाइज होता है भत्ता

केंद्र सरकार हर साल कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए डीए और डीआर में दो बार संशोधन करती है। पहला संशोधन आमतौर पर जनवरी से और दूसरा जुलाई से प्रभावी होता है।

सरकार ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के आंकड़ों के आधार पर महंगाई का आकलन करती है और उसी अनुपात में भत्ते बढ़ाने का निर्णय लेती है।

महंगाई के हिसाब से मिलता है अलाउंस

डीए सरकारी कर्मचारियों के रहन-सहन के खर्च को संतुलित करने के लिए दिया जाने वाला अलाउंस है। यह कर्मचारी की बेसिक सैलरी के प्रतिशत के रूप में तय होता है।

वहीं, डीए रिटायर्ड कर्मचारियों यानी पेंशनर्स को उनकी बेसिक पेंशन पर दिया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य रोजमर्रा की चीजों के बढ़ते दामों के असर को कम करना है।

जावेद अख्तर और मोहम्मद वकील की जोड़ी पेश करेगी 'गूंगूनालो'

मशहूर गीतकार और लेखक जावेद अख्तर अब पार्श्व गायक मोहम्मद वकील के साथ एक खास संगीत परियोजना लेकर आ रहे हैं। इस परियोजना के तहत मोहम्मद वकील, जावेद अख्तर की कुछ चुनिंदा गजलों को अपनी आवाज देंगे। साथ ही, उन्होंने इन गजलों की धुनें भी तैयार की हैं। जावेद अख्तर पद्म भूषण से सम्मानित हैं और हिंदी सिनेमा के जाने-माने गीतकार हैं। वहीं, मोहम्मद वकील 'सा रे गा मा' के मेगा फाइनल के विजेता रह चुके हैं। उन्होंने फिल्म 'वीर-जारा' में भी अपनी आवाज दी है। दोनों कलाकार आने वाले संगीत ऐप 'गूंगूनालो' के जरिए श्रोताओं के सामने संगीत और शायरी का खास मेल पेश करेंगे। इस साझेदारी से गजल पसंद करने वालों को कुछ नया सुनने का मौका मिलेगा। मोहम्मद वकील ने जावेद अख्तर की गजलों पर काम करने का अवसर मिलने पर खुशी जताई है। उन्होंने इसके लिए जावेद अख्तर के प्रति आभार भी व्यक्त किया है।



30 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज होगी फिल्म 'पायरे'

विनोद कापड़ी के निर्देशन में बनी फिल्म 'पायरे' 30 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है। उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले बुजुर्ग दंपती की कहानी पर बेस्ड यह फिल्म अपनी भावनात्मक कहानी के कारण चर्चा में है। फिल्म देखने के बाद अलग-अलग उम्र के दर्शकों के भावुक होने की बात सामने आई है। फिल्म की कहानी, कलाकारों के सशक्त अभिनय और इसके संगीत की कई फिल्मी हस्तियों ने भी तारीफ की है। आयुष्मान खुराना, विशाल भारद्वाज और मनोज बाजपेयी ने फिल्म के ट्रेलर की सराहना की है। वहीं, नसीरुद्दीन शाह, रत्ना पाठक शाह, विवेक अग्निहोत्री और दीपा मेहता ने भी फिल्म और इसके कलाकारों के काम को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। निर्देशक विवेक

आयुष्मान खुराना, विशाल भारद्वाज,विवेक अग्निहोत्री ने ट्रेलर की सराहना की है

अग्निहोत्री ने फिल्म देखने के बाद सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया साझा की। उन्होंने लिखा कि कुछ फिल्मों का असर उनके खत्म होने के साथ खत्म हो जाता है, लेकिन 'पायरे' सिनेमाघर से बाहर आने के बाद भी उनके साथ रही। उन्होंने फिल्म की कहानी और कलाकारों के चयन की तारीफ की। 'पायरे' सिर्फ एक बुजुर्ग दंपती की प्रेम कहानी नहीं है। यह उन परिवारों की स्थिति को भी सामने लाती है, जिनके बच्चे पढ़ाई, नौकरी और बेहतर जीवन की तलाश में दूसरे शहरों या देशों में चले जाते हैं।

चेहरे जिनके जिक्र के बिना दुनिया अधूरी

> "सही जानकारी कई जिंदगियों को बचाने की ताकत रखती है।" -रिचर्ड डॉल

रिचर्ड डॉल

रिचर्ड डॉल, जिन्होंने दुनिया को बताया कि धूम्रपान से बढ़ता है कैंसर का खतरा

रिचर्ड डॉल ब्रिटेन के डॉक्टर और वैज्ञानिक थे। उन्होंने अपने शोध से यह समझने में अहम भूमिका निभाई कि सिगरेट पीने से फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ता है।

लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन में डॉ रिचर्ड डॉल की कांस्य की प्रतिमा।

शिक्षा- रिचर्ड डॉल का जन्म इंग्लैंड में हुआ था। उन्होंने लंदन के सेंट थॉमस हॉस्पिटल मेडिकल स्कूल से चिकित्सा की पढ़ाई की और 1937 में डॉक्टर बने। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने डॉक्टर के रूप में काम किया। युद्ध के बाद उन्होंने बीमारियों के कारणों और उनकी रोकथाम पर शोध करना शुरू किया।

योगदान- रिचर्ड डॉल ने ऑस्टिन ब्रैडफोर्ड हिल के साथ मिलकर धूम्रपान और फेफड़ों के कैंसर पर शोध किया। 1950 में दोनों ने अपने शुरुआती निष्कर्ष प्रकाशित किए। इसके बाद उन्होंने हजारों ब्रिटिश डॉक्टरों की धूम्रपान की आदतों और उनकी सेहत का लंबे समय तक अध्ययन किया।

1951 में शुरू हुए अध्ययन में 34,439 पुरुष डॉक्टरों के धूम्रपान और मृत्यु के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया।

1962 में रिचर्ड डॉल को कैंसर अनुसंधान में योगदान के लिए संयुक्त राष्ट्र का कैंसर अनुसंधान पुरस्कार मिला।

पेट के अल्सर पर शोध से शुरू हुआ वैज्ञानिक सफर

डॉल ने ब्रिटेन के सेंट्रल मिडिलसेक्स अस्पताल में डॉक्टर फ्रांसिस एवरी जोन्स के साथ काम शुरू किया। यहां उन्होंने पेट के अल्सर के कारणों पर शोध किया। मरीजों के रिकॉर्ड और बीमारी से जुड़े संभावित कारकों का अध्ययन करने से उन्हें मेडिकल रिसर्च का अनुभव मिला। 1948 में वे मेडिकल रिसर्च काउंसिल की सांख्यिकी यूनिट से जुड़े। यहां उन्हें ब्रिटेन में फेफड़ों के कैंसर से होने वाली मौतों में बढ़ोतरी के कारणों की जांच का काम मिला।

मरीजों के आंकड़ों से मिला पहला बड़ा संकेत

1950 में रिचर्ड डॉल और ऑस्टिन ब्रैडफोर्ड हिल ने फेफड़ों के कैंसर के मरीजों की आदतों की तुलना दूसरे मरीजों से की। उन्होंने पाया कि फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित लोगों में धूम्रपान करने वालों की संख्या अधिक थी। उनके शोध ने सिगरेट और फेफड़ों के कैंसर के बीच संबंध का मजबूत संकेत दिया। यह अध्ययन ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित हुआ। उस समय सिगरेट पीना आम था, इसलिए इन निष्कर्षों ने धूम्रपान के स्वास्थ्य संबंधी खतरों पर गंभीर चर्चा शुरू की।

करीब 41 हजार डॉक्टरों ने दी जानकारी

अपने शुरुआती निष्कर्षों की आगे जांच के लिए डॉल और हिल ने ब्रिटेन के डॉक्टरों को अध्ययन में शामिल किया। अक्टूबर 1951 में उन्होंने 59,600 डॉक्टरों को धूम्रपान की आदतों से जुड़ी प्रश्नावलियां भेजीं। इनमें से 41,024 जवाब मिले और 40,701 को अध्ययन में शामिल किया गया। डॉक्टरों से मिली जानकारी को आगे उनकी सेहत और मृत्यु के कारणों के रिकॉर्ड से मिलाया गया। इससे शोधकर्ताओं को धूम्रपान की आदतों और स्वास्थ्य पर उनके दीर्घकालिक असर का अध्ययन करने का अवसर मिला।

शोध के बाद रिचर्ड डॉल छोड़ दी सिगरेट

डॉल खुद भी पहले सिगरेट पीते थे, लेकिन शुरुआती शोध के नतीजे सामने आने के बाद उन्होंने धूम्रपान छोड़ दिया। उन्होंने बाद में एक इंटरव्यू में इस बदलाव का जिक्र किया था। उस दौर में सिगरेट पीना आम सामाजिक आदत थी और उसके नुकसान को लेकर जागरूकता सीमित थी। डॉल और हिल के शोध ने धूम्रपान तथा फेफड़ों के कैंसर के संबंध को समझने में मदद की।

धूम्रपान पर बहस को नई दिशा दी

1962 में ब्रिटेन के रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियंस ने धूम्रपान और स्वास्थ्य पर एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी की। इसमें वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर धूम्रपान को फेफड़ों के कैंसर और दूसरी गंभीर बीमारियों से जोड़ा गया। रिपोर्ट में धूम्रपान कम करने के उपायों पर भी जोर दिया गया। डॉल और हिल के शोध ने इस विषय पर वैज्ञानिक प्रमाण जुटाने में अहम भूमिका निभाई थी।

फैमिली टाइम

VEDIC ASTROLOGY DR. AJAI BHAMBI ASTROLOGER

भविष्यफल वैदिक सूर्य राशि पर आधारित है। जन्म कुंडली वैदिक ज्योतिष के आधार पर बनते है। जन्म दिनांक से कुंडली में सूर्य स्थान देखेंगे तो वहीं होगा जो यहां लिखी गई है। जानिए अपना आज का राशिफल।

मेष 14 अप्रैल - 14 मई
लक्ष्य अंक-9| रंग-अलसाती

घर के नवीनीकरण व साज-सज्जा से जुड़ी वस्तुओं की खरीदारी में आपका काफी समय बीतेगा। महिलाएं, घरेलू कार्यों को सहजता व सरलता से पूरा करेंगी व व्यक्तिगत कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगी। किसी महत्वपूर्ण यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।
टिप- नवग्रह मंत्र का जाप करें।

मिथुन 16 जून - 15 जुलाई
लक्ष्य अंक-5| रंग-प्रॉंज

आज का ग्रह गोचर आपके लिए उचित समय का निर्माण कर रहा है। लेकिन इसका भरपूर सहयोग करना भी आपकी क्षमता पर भी निर्भर करता है। साथ ही किसी वरिष्ठ व्यक्ति की मदद आपके लिए धन दायक उम्मीदें साकार करेगी और आपको प्रसन्नता मिलेगी।
टिप- जरूरतमंदों को आर्थिक मदद दें।

सिंह 16 अगस्त - 15 सितंबर
लक्ष्य अंक-9| रंग-पीला

आज का ग्रह गोचर आपके लिए बेहतरीन परिस्थितियां बना रहा है। साथ ही किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति का सहयोग आपके कार्यों को और अधिक सुगम बनाएगा। अपने किसी खास मिशन को लेकर किए गए प्रयास सफल रहेंगे। किसी यात्रा का भी प्लान बनेगा।
टिप- घर की साफ-सफाई पर ध्यान दें।

तुला 16 अगस्त -15 नवंबर
लक्ष्य अंक-4| रंग-बैंगनी

अपने व्यक्तिगत कार्य बिना किसी की सहायता के स्वयं ही निपटाने की कोशिश करें इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। साथ ही आपको बेहतर परिणाम हासिल होंगे। कुछ समय से चल रही पारिवारिक परेशानियां भी आपकी सकारात्मक सोच से सुलझ जाएंगी।
टिप- विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री दें।

धनु 16 दिसंबर - 13 जनवरी
लक्ष्य अंक-5| रंग-हरा

अगर घर में सुधार संबंधी योजना बन रही है तो उसे वास्तु के अनुरूप कराएं, तो सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। आपका आत्मविश्वास और जोश आपकी कई समस्याओं का हल निकालने में सहायक रहेगा। दिन के उत्तरार्ध में तनावपूर्ण परिस्थितियां भी बन सकती हैं।
टिप- धर्म स्थल पर चिंतन-मनन करें।

कुंभ 12 फरवरी - 13 मार्च
लक्ष्य अंक-9| रंग-सफेद

कलात्मक क्रियाकलापों और रुचि पूर्ण कार्यों में खुशी दिन व्यतीत होगा। फोन कॉल द्वारा आपको महत्वपूर्ण सूचना मिलने की संभावना है, जो कि आपकी आर्थिक स्थिति के लिए बहुत ही अधिक लाभदायक साबित होगी।
टिप- लक्ष्मी नारायण भगवान का ध्यान करें।

फिजूल खर्च से नुकसान हो सकता है, तो किसी के लिए घर बदलने का समय उपयुक्त है। किसी का करियर संवरेगा, तो किसी का वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।
जानिए कैसा रहेगा आज आपका दिन।

वृषभ 15 मई - 15 जून
लक्ष्य अंक-8| रंग-गुलाबी

अनुभवी लोगों का आपको सानिध्य मिलेगा। साथ ही आपके सभी सोचे-समझे काम शांतिपूर्ण तरीके से हल हो जाएंगे। बच्चों के भविष्य को लेकर भी कुछ योजनाएं फलीभूत होंगी। परंतु दिल की बजाय दिमाग से काम लें। इससे आप उचित निर्णय ले पाएंगे।
टिप- दुर्गा चालीसा का पाठ करें।

कर्क 16 जुलाई - 15 अगस्त
लक्ष्य अंक-7| रंग-आसमानी

व्यवस्थित दिनचर्या के लिए कुछ योजनाएं बनाएंगे, उसमें कामयाब भी रहेंगे। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ने से आपके व्यवहार में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। विद्यार्थी और युवा वर्ग अपने भविष्य संबंधी योजनाओं को लेकर सजग रहेंगे।
टिप- पशु-पक्षियों के लिए आहार रखें।

कन्या 16 सितंबर - 15 अक्टूबर
लक्ष्य अंक-1| रंग-आसमानी

संबंधियों का आगमन होगा तथा दूसरों के संग चल रहे गिले-शिकवे भी दूर होने से संबंध मजबूत होंगे। पिछली गलतियों से सीख कर आप वर्तमान को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे। आत्म मनन और चिंतन द्वारा कई समस्याओं का हल भी निकालने में भी सफल रहेंगे।
टिप- गायत्री मंत्र का जाप करें।

वृश्चिक 16 अक्टूबर - 15 दिसंबर
लक्ष्य अंक-3| रंग-नीला

आज ग्रह स्थिति आपको अप्रत्याशित रूप से लाभ देने वाली है। साथ ही अगर कोई कोर्ट केस संबंधी मसला चल रहा है, तो आज उसका फैसला आपके हक में हो सकता है, जिससे मन में प्रसन्नता मिलेगी। किसी राजनैतिक व्यक्ति द्वारा आपको कोई खास उपलब्धि हासिल होगी।
टिप- बुजुर्गों का मान-सम्मान करें।

मकर 14 जनवरी - 11 फरवरी
लक्ष्य अंक-8| रंग-पेस्तारिया

अनुभवी लोगों का सानिध्य मिलेगा और किसी पुरानी समस्या का हल मिलने से राहत महसूस करेंगे। बच्चों की शिक्षा से संबंधित कुछ लाभदायक योजनाएं फलीभूत होंगी। इससे बच्चों में आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। सामाजिक गतिविधियों में भी आपका योगदान रहेगा।
टिप- गाय को गुड़ रोटी देकर प्रणाम करें।

मीन 14 मार्च - 13 अप्रैल
लक्ष्य अंक-2| रंग-ग्रे

खर्चों के साथ-साथ आय के स्रोत भी बढ़ेंगे, इसलिए किसी भी तरह का तनाव ना लें। आध्यात्मिक तथा धार्मिक गतिविधियों में समय व्यतीत होगा, जिससे आपको आत्मिक शांति महसूस होगी।
टिप- किसी की आर्थिक मदद करें।

शब्द जाल

आखिर कितना मजबूत है आपका जनरल नॉलेज

प्र	का	गो	स्वा	मी	तु	ल	सी	दा	स	रा
ई	ग	ब	त	न	का	प	ह	श	ट	ज
हि	टा	जी	न	र	आ	र	के	ल	क्ष	ण
प	द्र	न	दे	शा	ला	वि	मा	वा	ज	थ
इं	ल	प	ग	मे	त	भ	द	ड	न	ह
न	स	न	का	र	ता	भा	न	स	र	झ
ल	श	पु	म	ड	आ	उ	स	ठा	द्र	क
वा	न	रो	ना	घ	ग	जा	अ	क	शे	ज
सो	वि	ल	श	जों	च	क	र	च	लो	र्म
ओ	मि	क	म	के	जी	रा	दे	ई	र	नी
त	प	कि	त	अ	रा	व	ली	प	न	क

नीचे दिए गए 12 संकेतों के उत्तर ऊपर बने शब्दजाल में ढूंढिए।

1. उत्तर कोरिया का तानाशाह, 2. ऋतिक रोशन के पिता, 3. सबसे बड़ा पशु मेला, 4. गीतावली के रचयिता, 5. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी, 6. डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जन्म स्थल, 7. संसद का निचला सदन, 8. मेघनाद का एक नाम, 9. कार्टून कॉमन मैन के रचयिता, 10. पुराणों की संख्या, 11. हिटलर का देश, 12. एक पर्वत श्रृंखला।

लॉजिक गेम

इस पहेली में किसी एक डंडे की हेर-फेर कर समीकरण पूरा कीजिए।

78 - 23 = 99

हेक्सा गोन

खेलने के नियम:-
सफेद बॉक्स में 1 से 9 तक के अंकों को इस तरह से लिखें कि तीर की पीछ में आने वाले बॉक्स के अंकों का योग उसी तीर वाले त्रिभुज में लिखे अंक जितना हो। इस पहेली में किसी भी अंक को एक बार ही लिख सकते है।

नोट : आज की पहेलियों के सही उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किए जाएंगे।

मिनी क्रॉसवर्ड

संकेतों के आधार पर इस मिनी क्रॉसवर्ड को पूरा कीजिए।

बाएं से दाएं:
1. किसी वस्तु का चमकना (5)। 5. होंठ, ओष्ठ (2)। 6. सुख, उपवन, बगीचा (3)। 7. अंग्रेजी वर्ष का पांचवां महीना (2)। 8. मेघ, बादल (2)। 9. उम्र में अधिक, ज्येष्ठ (2)।

ऊपर से नीचे:-
2. गंभीरता, गहनता (4)। 3. कपोत (2)। 4. पनाला, नाली (4)। 6. आमदनी, आय (3)। 8. मिट्टी का बना गोलाकार पात्र (2)।



मिरर गेम

किसी शब्द का प्रतिबिंब दर्पण में कैसा दिखेगा?

बता सकते हैं कि शब्द 'सनसनाना' का प्रतिबिंब दर्पण में कैसा दिखेगा?

(a) ननसनाना (b) ननसनाना
(c) ननसनाना (d) ननसनाना

गेस द पिक

इस तस्वीर में तीन बॉलीवुड अभिनेताओं के चेहरे छुपे हैं। क्या आप उनको पहचान कर सकते हैं?

मंगलवार को प्रकाशित पहेलियों के हल

नंबर गेम का हल

17	×	72	/	68	18
×	4	×	4	–	4
28	+	18	–	22	24
/	4	/	4	+	4
14	×	54	/	27	28
34	4	24	4	73	4

'उल्टा गए' का उत्तर
चूहे के दादा जी हाथी के फुफेरे भाई के मित्र हैं।

'शब्द खोज' का हल
1. कायनात। 2. मनाना। 3. नायक। 4. नामक। 5. कनात। 6. तना। 7. नाका। 8. नाना। 9. नाम। 10. नाक।

मिरर गेम का उत्तर
1. (d), 2. (c).

वर्ड फन का हल

ज	ल	ज
ग	ल	ना
त	क	ना

22 साल की खिलाड़ी को थमा दी ट्रॉफी, जीता दिल

वडोदरा, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जिम्बाब्वे को तीसरे वनडे में आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। इस जीत के साथ ही कप्तान स्मृति मंधाना ने मैदान के बाहर भी अपने अंदाज से प्रशंसकों का दिल जीत लिया। सीरीज जीतने के बाद उन्होंने ट्रॉफी खुद रखने के बजाय वनडे में पदार्पण करने वाली 22 वर्षीय खिलाड़ी जिन्तिमणि कलिता को सौंप दी। स्मृति के इस कदम ने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की याद ताजा कर दी, जो अक्सर जीत की ट्रॉफी युवा खिलाड़ियों के हाथों में थमाकर उन्हें खास महसूस कराते थे।

मुकाबले में भारतीय गेंदबाज वैष्णवी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 39 रन देकर पांच विकेट झटके और जिम्बाब्वे की टीम को 131 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने प्रतीका रावल के नाबाद 59 और शेफाली वर्मा के नाबाद 51 रनों की बदौलत महज 17 ओवर में दो विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। इससे पहले भारतीय टीम ने टी20 सीरीज में भी जिम्बाब्वे का 3-0 से सफाया किया था। स्मृति मंधाना के नियमित कप्तानी दौर की शुरुआत दोनों सीरीज में भारत के दमदार प्रदर्शन के साथ हुई।

धोनी की परंपरा ने फिर जीता दिल

सीरीज जीतने के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में स्मृति मंधाना ट्रॉफी लेने पहुंचीं। इसके बाद उन्होंने जिन्तिमणि कलिता को ट्रॉफी सौंप दी, जिन्होंने इसी वनडे सीरीज में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। कप्तान के इस फैसले ने एक बार फिर उस परंपरा की याद दिलाई, जिसके लिए धोनी खास तौर पर पहचाने जाते रहे हैं। धोनी बड़े टूर्नामेंट या सीरीज जीतने के बाद अक्सर टीम के सबसे युवा खिलाड़ी अथवा हाल में पदार्पण करने वाले खिलाड़ी को ट्रॉफी थमा देते थे। उनका मानना था कि जीत पूरी टीम की होती है और युवा खिलाड़ियों को भी उस खुशी का बराबर हिस्सा मिलना चाहिए। साल 2007 के टी20 विश्व कप की जीत के बाद यह अंदाज खास तौर पर चर्चा में आया था। बाद में भी उन्होंने कई मौकों पर युवा खिलाड़ियों को यह सम्मान दिया।

युवा खिलाड़ी को दिया यादगार पल

स्मृति मंधाना का यह कदम भी इसी भावना को दर्शाता है। जिन्तिमणि कलिता ने सीरीज के तीन वनडे मुकाबलों में एक विकेट लिया। भले ही उनका प्रदर्शन आंकड़ों के लिहाज से बहुत बड़ा नहीं रहा, लेकिन कप्तान से ट्रॉफी हासिल करना उनके लिए यादगार अनुभव बन गया। स्मृति ने सीरीज में टीम के दबदबे, गेंदबाजों की सटीक लाइन-लेंथ और वैष्णवी शर्मा के प्रदर्शन की भी सराहना की। उन्होंने बताया कि यास्तिका भाटिया और हरलीन देओल जैसी खिलाड़ियों को मौका देना टीम की रणनीति का हिस्सा था। भारत की इस जीत ने जहां टीम की ताकत दिखाई, वहीं स्मृति के ट्रॉफी सौंपने के अंदाज ने यह संदेश भी दिया कि एक अच्छी कप्तान वही है, जो जीत का श्रेय पूरी टीम के साथ बांटना जानती है।

मैदान पर गुंडागर्दी करना रऊफ पर पड़ा भारी! लगा भारी जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

लाहौर के मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ एक विकेट की रोमांचक जीत के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने जमकर जश्न मनाया। एक तरफ जहां टीम जश्न में डूबी थी, वहीं टीम के स्टार तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने अपनी घटिया हरकत से एक बार फिर मुश्किलें बटोरने का काम किया। मैदान पर खेल भावना की धज्जियां उड़ाने और अंपायर से उलझने के जुर्म में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने हारिस रऊफ को कड़ी फटकार लगाई है। इस हरकत के लिए आईसीसी ने रऊफ पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना ठोक दिया है। यह पूरा ड्रामा पाकिस्तानी पारी के 46वें ओवर के खत्म होने पर देखने को मिला। नॉन-स्ट्राइकर एंड पर खड़े हारिस रऊफ पहले तो अंपायर से वाइड गेंद मांगने लगे। फिर इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स से फालतू में बहसबाजी करने लगे। अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद के मना करने के बावजूद रऊफ का गुस्सा शांत नहीं हुआ। उन्होंने हवा में बल्ला उठाया, अंपायर को अनदेखा करके उनसे टकराते हुए निकले और इंग्लिश खिलाड़ी की तरफ बदतमीजी से बढ़ते रहे।

लटक रही है बैन की तलवार!

आईसीसी ने उनकी इस हरकत को खेल की गरिमा के खिलाफ मानते हुए आचार संहिता का उल्लंघन पाया और उनके खाते में 1 डिमेरिट पॉइंट जोड़ दिया। पिछले दो साल में रऊफ की यह तीसरी हरकत है, जिससे उनके कुल डिमेरिट पॉइंट अब बढ़कर 5 हो चुके हैं। यानी अब उन पर बैन की तलवार भी लटक रही है। रऊफ की हरकत के अलावा इस मैच में रनों ओवर रेट के लिए इंग्लैंड टीम पर भी गाज गिरी है। तय समय सीमा में 3 ओवर कम फेंकने की वजह से आईसीसी मैच रेफरी जेफ क्रो ने इंग्लिश कप्तान हैरी ब्रूक और पूरी टीम पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगा दिया।

अब गेंदबाज नहीं, भारतीय बल्लेबाज तय करते हैं मैच का अंजाम

35 गेंदों का शतक भी अब आम, टीम इंडिया की बैटिंग ने बदले टी20 क्रिकेट के नियम

नई दिल्ली, एजेंसी

अभिषेक शर्मा ने 17 सितंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ सिर्फ 30 गेंदों में शतक ठोककर सनसनी मचाया था। अब एक महीने बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ 35 गेंदों में सेंचुरी जड़कर उन्होंने फिर बता दिया कि भारतीय टी20 बैटिंग किस रफ्तार से आगे बढ़ रही है। कभी ऐसे कारनामे सालों तक याद रखे जाते थे, लेकिन अब भारत के बल्लेबाज एक के बाद एक ऐसे धमाके कर रहे हैं कि पिछला रिकॉर्ड भी जल्द पुराना पड़ने लगता है। यही भारतीय टी20 बैटिंग का नया लेवल है, जहां रिकॉर्ड बनाना ही नहीं, उन्हें पीछे छोड़ना भी आम होता जा रहा है।

वेलिंगटन में अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी की जोड़ी क्रीज पर उतरी तो न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के पास रणनीति बनाने का वक्त था, लेकिन उसे आजमाने का मौका नहीं मिला। दोनों ने सिर्फ 7.1 ओवरों में 133 रन जोड़ दिए। अभिषेक का बल्ला ऐसा चला कि उनके सामने हर गेंदबाज बेबस नजर आया। अभिषेक अपने ही सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड को तोड़ने की तरफ बढ़ रहे थे। उनका व्यक्तिगत रिकॉर्ड 30 गेंदों में शतक का है, जो फुल मेंबर टीमों के बीच सबसे तेज शतकों में शामिल है। इस बार उन्होंने 35 गेंदों में सेंचुरी पूरी की। दूसरी तरफ वैभव सूर्यवंशी ने भी अपने बेखौफ अंदाज से साफ कर दिया कि उनके लिए उम्र नहीं, गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाने की क्षमता मायने रखती है। दोनों की बल्लेबाजी का असर स्कोरबोर्ड पर ही नहीं, विपक्षी टीम की सोच पर भी दिखा।

मैंने सोचा, ये कैसे कर पाए! श्रेयस अय्यर भी हैरान

इस तूफानी बल्लेबाजी की असली तस्वीर भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर के बयान में नजर आई। अभिषेक और वैभव के आउट होने के बाद जब संजू सैमसन और श्रेयस अय्यर बल्लेबाजी के लिए आए, तब उन्हें पिच और गेंद की हरकत का अंदाजा हुआ। अय्यर ने मैच के बाद बताया कि जब वह और संजू बल्लेबाजी करने उतरे, तब गेंद सीम कर रही थी। पहली गेंद में ऐसी हरकत थी, जिससे बल्लेबाजों को परेशानी हो सकती थी। अय्यर के मन में सवाल उठा कि जब गेंद ऐसी हरकत कर रही थी, तो अभिषेक और वैभव ने इतनी आसानी से रन कैसे बना लिए? यही इस भारतीय बल्लेबाजी की खासियत है। जिस गेंद पर दूसरे बल्लेबाज संभलकर खेलने की सोचते हैं, भारतीय टी20 विशेषज्ञ उसी पर बाउंड्री खोजने की कोशिश करते हैं। गेंदबाज की ताकत और उसकी योजना को समझने के साथ वे उसी अपनी शर्तों पर खेलने के लिए मजबूर कर देते हैं।

अब गेंदबाज नहीं, बल्लेबाज तय करते हैं मुकाबले की शर्तें | क्रिकेट का पारंपरिक नियम है कि गेंदबाज गेंद डालता है और बल्लेबाज उस पर प्रतिक्रिया देता है। लेकिन अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन और ईशान किशन जैसे बल्लेबाज इस क्रम को उलटने की कोशिश करते हैं। ये शुरुआत से ही गेंदबाज को रक्षात्मक होने पर मजबूर

वैभव से कहा... ठंडा पानी मत पीना

न्यूजीलैंड में महिला प्रशंसक की सलाह ने जीता 15 साल के क्रिकेटर का दिल

वेलिंगटन, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट के युवा सितारे वैभव सूर्यवंशी अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से लगातार क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत रहे हैं। मैदान पर गेंदबाजों के छक्के छुड़ाने वाले वैभव इस बार अपने खेल नहीं, बल्कि एक महिला प्रशंसक के अनूठे स्नेह को लेकर चर्चा में हैं। न्यूजीलैंड में भारत की जीत के बाद महिला ने वैभव को ठंडे मौसम में सेहत का ध्यान रखने की सलाह दी। उनका यह अंदाज ऐसा था, मानो कोई अपने घर के बच्चे को विदेश में भी संभलकर रहने की हिदायत दे रहा हो। इस बातचीत का वीडियो इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन गया है।

यह प्यारा वाकया न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारत की जीत के बाद का बताया जा रहा है। मैच समाप्त होने के बाद वैभव सूर्यवंशी प्रशंसकों से मुलाकात कर रहे थे। इसी दौरान उत्तर प्रदेश के बलिया की रहने वाली एक महिला प्रशंसक ने युवा बल्लेबाज को अपनेपन के साथ सलाह दी। इंटरनेट पर प्रसारित वीडियो में महिला कहती सुनाई देती है, 'वैभव, ठंडा पानी मत पीना। गरम करके ही पीना।' महिला की बातों में एक बड़े का अपने छोटे के प्रति स्नेह और चिंता साफ झलकती है। न्यूजीलैंड के ठंडे मौसम में खेल रहे वैभव को लेकर उनकी यह सहज सलाह लोगों को खूब पसंद आ रही है। महिला ने न तो किसी रिकॉर्ड की बात की और न ही बल्लेबाजी की तारीफ में लंबे शब्द कहे, बल्कि सीधे उनकी सेहत की चिंता जताई।

कम उम्र में बड़ी पहचान, प्रशंसकों के दिलों में स्थान

जनवरी मात्र 15 साल की उम्र में वैभव सूर्यवंशी ने अपनी निडर बल्लेबाजी और आक्रामक अंदाज से क्रिकेट जगत में अलग पहचान बनाई है। उनकी बल्लेबाजी के चर्चे लगातार होते रहते हैं, लेकिन यह घटना उनके प्रति प्रशंसकों के लगाव का एक दूसरा पहलू सामने लाती है। क्रिकेट में अक्सर शतक, छक्के और नए कीर्तिमान सुर्खियां बनते हैं, लेकिन कभी-कभी मैदान के बाहर का एक छोटा-सा संवाद भी लोगों के दिलों को छू जाता है।

मैदान पर चौके-छक्के, मैदान के बाहर अपनापन

वैभव ने भी मुस्कुराते हुए महिला की बात सुनी। इस छोटे से पल ने दिखाया कि प्रशंसकों के लिए उनके पसंदीदा खिलाड़ी केवल मैदान पर प्रदर्शन करने वाले सितारे नहीं होते, बल्कि उनसे भावनात्मक जुड़ाव भी बन जाता है। महिला की सलाह में प्रशंसक से बढ़कर परिवार के किसी सदस्य जैसा अपनापन दिखाई दिया। वीडियो सामने आने के बाद क्रिकेट प्रेमी महिला के इस व्यवहार की सराहना कर रहे हैं। कई लोगों को यह पल अपने घर के बड़ों की याद दिला रहा है, जो बाहर रहने वाले बच्चों को मौसम, खानपान और सेहत का ध्यान रखने की हिदायत देते हैं। यही वजह है कि वैभव और महिला प्रशंसक की यह बातचीत लोगों के बीच चर्चा बटोर रही है।

विमेंस प्रीमियर लीग ऑक्शन में यूपी ने 6 ऑलराउंडर खरीदे

डब्लूपीएल सबसे बैलेंस टीम ; मुंबई का मिडिल ऑर्डर दमदार ; 5 टीमों की स्ट्रेंथ-वीकनेस

□ एजेंसी नई दिल्ली

विमेंस प्रीमियर लीग 2027 ऑक्शन में पांचों टीमों ने अपनी जरूरत के हिसाब से स्क्वॉड में बदलाव किए। यूपी वॉरियर्ज ने 6 ऑलराउंडर्स पर भरोसा जताया। ऋष्क ने अपने कोर ग्रुप को मजबूत किया। मुंबई इंडियंस ने भारतीय खिलाड़ियों की बेंच स्ट्रेंथ बढ़ाई।

हालांकि, ऑक्शन में खिलाड़ियों को खरीदना सिर्फ पहला कदम है। टीमों के लिए असली चुनौती नए और पुराने खिलाड़ियों के बीच तालमेल बनाने, सही कॉम्बिनेशन चुनने और मैदान पर अपनी कमजोरियों को दूर करने की होगी।

ऑक्शन से पहले पांचों टीमों के पास कुल 27 स्लॉट खाली थे। इनमें 25 खिलाड़ियों को खरीदा गया। ऋष्क और दिल्ली के पास एक-एक स्लॉट खाली रह गया। दोनों के पर्स में सिर्फ 5-5 लाख बचे हैं।

1. यूपी वॉरियर्जः मोलिन्यू सबसे महंगी खिलाड़ी, राणा-आशा को 30-30 लाख में लिया

2026 सीजन के पॉइंट्स टेबल में आखिरी स्थान पर रही यूपी वॉरियर्ज ने सोफी मोलिन्यू पर ड़1.10 करोड़ खर्च किए। सोफी ने ऑस्ट्रेलिया को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जिताया था। उनके अलावा टीम ने ग्रेस हैरिस, स्नेह राणा, आशा शोभना और सुषमा वर्मा को ड़30-30 लाख में शामिल किया।

स्ट्रेंथः मेग लैनिंग, फीबी लिचफील्ड, हरलीन देओल और प्रतीका रावल जैसे बल्लेबाजों से मजबूत टॉप ऑर्डर मिला है। दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा जैसे ऑलराउंडर्स बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में भी योगदान दे सकते हैं।

वीकनेसः टीम के पास विदेशी खिलाड़ियों के 6 विकल्प हैं, लेकिन सभी को एक साथ प्लेइंग-इ्रढ्ढ में शामिल करना संभव नहीं होगा। सामान्य नियम के तहत चार विदेशी खिलाड़ी खेल सकते हैं। स्कॉटलैंड की कैथरीन ब्राइस को शामिल करने पर एसोसिएट देश के खिलाड़ियों से जुड़े विशेष नियम के तहत पांच विदेशी खिलाड़ियों का विकल्प मिल सकता है।

ऑक्शन का हिसाब

25 खिलाड़ी बिके, ₹1.90 करोड़ बचे

टीम	खरीदे खिलाड़ी	खर्च	बचा पर्स	ऑक्शन के बाद स्क्वॉड
यूपी वॉरियर्ज	8	₹2.60 करोड़	₹1.15 करोड़	18
RCB	4	₹1.10 करोड़	₹5 लाख	17
दिल्ली कैपिटल्स	4	₹1.05 करोड़	₹5 लाख	17
गुजरात जायंट्स	3	₹80 लाख	₹45 लाख	18
मुंबई इंडियंस	6	₹70 लाख	₹20 लाख	18
कुल	25	₹6.25 करोड़	₹1.90 करोड़	88

2. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः चैंपियन कोर मजबूत, नए बल्लेबाजों पर नजर

डिफेंडिंग चैंपियन ऋष्क ने ऑक्शन में जेस जोनासन को ड़40 लाख, तेजल हसबनिस और क्लो ट्रायन को 30-30 लाख और वृंदा दिनेश को ड़10 लाख में खरीदा।

स्ट्रेंथः स्मृति मंधाना, एलिस पेरी, जॉर्जिया वोल और ऋचा घोष की मौजूदगी बल्लेबाजी को मजबूती देती है। गेंदबाजी में लॉरिन बेल, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, पूजा वस्त्राकर और अरुंधति रेड्डी विकल्प हैं।

वीकनेसः मिडिल ऑर्डर में तेजल हसबनिस और वृंदा दिनेश को अपनी भूमिका साबित करनी होगी। शुरुआती विकेट गिरने पर पारी संभालना और आखिरी ओवरों में रन गति बढ़ाना अहम होगा।

3. दिल्ली कैपिटल्सः 15 साल की उमा काशवी पर दांव लगाया

दिल्ली कैपिटल्स ने 15 साल की उमा काशवी पर दांव लगाया है। कर्नाटक की काशवी विमेंस प्रीमियर लीग के ऑक्शन में बिकने वाली सबसे युवा खिलाड़ी हैं। वे 15 साल 202 दिन की आयु में दिल्ली का हिस्सा बनी। फ्रेंचाइजी ने किरण नवगिरे को ड़75 लाख में खरीदा। वे सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी रहीं। टीम ने स्कॉटलैंड की कर्स्टी गॉर्डन और नाजमा खान को भी ड़10-10 लाख में शामिल किया।

स्ट्रेंथः शेफाली वर्मा, लौरा वोल्वार्ट और जेमिमा रोड्रिग्स से टॉप ऑर्डर को स्थिरता और तेजी मिलती है। किरण नवगिरे के आने से बल्लेबाजी में एक और आक्रामक विकल्प जुड़ा है। मारिजाने कैप, एनाबेल सदरलैंड और चिनेल हेनरी बल्ले तथा गेंद, दोनों से योगदान दे सकती हैं।

वीकनेसः दिल्ली 4 बार फाइनल तक पहुंचने के बावजूद अब तक खिताब नहीं जीत सकी है। ऐसे में टीम को बड़े मैचों में दबाव संभालने और सही समय पर सही कॉम्बिनेशन चुनने पर ध्यान देना होगा। विकेटकीपिंग में ममता मडिवाला एकमात्र प्लेयर हैं।

4. गुजरात जायंट्सः 3 खिलाड़ियों पर ड़80 लाख खर्च कर स्क्वॉड पूरा किया

गुजरात जायंट्स ने ऑक्शन में जी कमालिनी को ड़40 लाख, आयरलैंड की ऑलराउंडर ऑर्ला प्रेंडरगास्ट को ड़30 लाख और 16 साल की समायरा राघव को ड़10 लाख में खरीदा। टीम ने कुल ड़80 लाख खर्च किए।

स्ट्रेंथः बेथ मूनी, एश्ले गार्डनर और सोफी डिवाइन जैसे अनुभवी विदेशी खिलाड़ी बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों करती हैं। मूनी विकेटकीपिंग का विकल्प भी देती हैं, जबकि जॉर्जिया वेयरहैम स्पिन और बल्लेबाजी में उपयोगी हैं। भारतीय गेंदबाजी में रेणुका सिंह ठाकुर, काश्वी गौतम, राजेश्वरी गायकवाड़ और तनुजा कंवर से अलग-अलग परिस्थितियों में मदद मिलेगी।

वीकनेसः बल्लेबाजी में मूनी और गार्डनर की भूमिका अहम रहेगी। शुरुआती विकेट जल्दी गिरने पर मध्यक्रम को जिम्मेदारी उठानी होगी। जी कमालिनी से बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग के विकल्प बढ़ सकते हैं, लेकिन उन्हें लगातार प्रदर्शन करना होगा।

5. मुंबई इंडियंसः मजबूत विदेशी कोर, भारतीय बल्लेबाजी की परीक्षा

मुंबई इंडियंस ने ऑक्शन में 6 भारतीय खिलाड़ियों को खरीदा। श्वेता सहरावत को 20 लाख, जबकि दिशा कासट, लतिका इनामदार, भारती रावल, सानिका चालके और अक्षिता भगत को ड़10-10 लाख में शामिल किया।

चोटिल फर्ग्यूसन भारत के खिलाफ आखिरी 2 टी-20 से बाहर

फिशर टीम में शामिल; भारत सीरीज में 3-0 से आगे

□ एजेंसी नागोया

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के आखिरी 2 मैचों से बाहर हो गए हैं। उनके दाएं पैर की पिंडली में चोट लगी है। न्यूजीलैंड ि केट बोर्ड ने गुरुवार को बताया कि मैट फिशर को टीम में शामिल किया गया है। सीरीज का चौथा मैच शु वार को ऑकलैंड में खेला जाएगा। फर्ग्यूसन को यह चोट 24 अक्टूबर को दूसरे मैच के दौरान लगी थी। स्कैन में मामूली खिंचाव की पुष्टि हुई है। उन्हें वापसी में करीब एक सप्ताह और लग सकता है। फर्ग्यूसन 2 मैच में एक विकेट ही ले सके हैं। फर्ग्यूसन 2 मैच में एक विकेट ही ले सके हैं।

मैट हेनरी भी टी-20 सीरीज से बाहर

तेज गेंदबाज मैट हेनरी भी टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। दूसरे मैच के दौरान उनके दाएं जांघ के अगले हिस्से में दर्द हुआ था। उन्हें ठीक होने में एक से दो सप्ताह लग सकते हैं।

हेनरी को पहले से तय वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आगामी वनडे सीरीज के लिए ब्लैककैप्स में लौटना था। ह्वंष्ट ने कहा कि वह अब भी तय कार्य म के अनुसार वापसी कर सकते हैं।

रैंडेल को न्यूजीलैंड ए में बुलाया

सेंट्रल स्टैग्स के तेज गेंदबाज ब्रेट रैंडेल को न्यूजीलैंड ए टीम में बुलाया गया है। वह भारत ए के खिलाफ दूसरे मैच में फिशर की जगह लेंगे। काइल जैमीसन के तय वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत वे वेलिंगटन में ही रहेंगे। वे शनिवार को फोर्ड ट्रॉफी के दूसरे दौर में कैंटरबरी के लिए खेलने के लिए उपलब्ध हैं। जैमीसन सोमवार को वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम से दोबारा जुड़ेंगे।

कोच को वनडे सीरीज में वापसी की उम्मीद

मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि फर्ग्यूसन और हेनरी 4 नवंबर से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली वनडे सीरीज में खेलेंगे।

वॉल्टर ने कहा, 'हम लॉकी और मैट के लिए निराश हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में चोटें खेल का हिस्सा हैं, लेकिन मैचों से बाहर होना आसान नहीं होता।'

लातेहार में जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष शिविर आयोजित, निःशुल्क जांच व ऑपरेशन की मिलेगी सुविधा

उपायुक्त संदीप कुमार ने फीता काटकर किया शिविर का शुभारंभ, 18 वर्ष तक के बच्चों को मिलेगा लाभ

रफ्तार मीडिया संवाददाता

लातेहार। जिले के जरूरतमंद बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार, 29 अक्टूबर 2026 को लातेहार के टाउन हॉल में जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उपायुक्त संदीप कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जिला प्रशासन के तत्वावधान में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और अमृता अस्पताल, कोच्चि के सहयोग से आयोजित इस शिविर में जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों की निःशुल्क हृदय जांच एवं उपचार की व्यवस्था की गई है। जांच के दौरान जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित पाए जाने वाले बच्चों को आवश्यक चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराने के साथ जरूरत के अनुसार निःशुल्क हृदय ऑपरेशन की सुविधा से जोड़ने की पहल की जा रही है।

जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचे शिविर का लाभ : उपायुक्त

शिविर के उद्घाटन के अवसर पर उपायुक्त संदीप कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों का बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस प्रकार के शिविर जरूरतमंद बच्चों की समय पर पहचान करने और उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि शिविर का लाभ अधिक से अधिक पात्र बच्चों तक पहुंचाया जाए, ताकि कोई भी जरूरतमंद बच्चा आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें और हृदय रोग की आशंका होने पर उनकी जांच अवश्य कराएं।

समय पर पहचान और उपचार पर जोर

इस विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की समय रहते पहचान करना और उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं अमृता अस्पताल, कोच्चि के सहयोग से बच्चों को जांच, चिकित्सा परामर्श तथा आवश्यकतानुसार आगे के उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस पहल से जिले के जरूरतमंद परिवारों को बच्चों के हृदय रोग के इलाज में सहायता मिलने की उम्मीद है। निःशुल्क जांच और आवश्यकतानुसार ऑपरेशन की सुविधा बच्चों के स्वस्थ भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

ये रहे उपस्थित

मौके पर सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, डॉ. ब्रिजेश पीके, डॉ. निशान सेल्वम, डॉ. विष्णु संतोष, राज्य समन्वयक मुकेश, झारखंड परियोजना समन्वयक आदित्य, टेक्नीशियन मधु सहित संबंधित पदाधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित थे।

पलामू में कानून-व्यवस्था और अनुसंधान कार्य अलग-अलग

रफ्तार मीडिया संवाददाता

मेदिनीनगर : 29 अक्टूबर को पलामू पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के प्रावधानों के अनुरूप अनुसंधान में गुणवत्ता सुधार के लिए गुरुवार को गांधी स्मृति टाउन हॉल में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की। इसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक, पलामू ने की। कार्यशाला में जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी और अनुसंधानकर्ता शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में कानून-व्यवस्था और आपराधिक मामलों के अनुसंधान का कार्य अलग-अलग किया गया है। फिलहाल इसे प्रयोग के तौर पर लागू किया गया है। इसका उद्देश्य अनुसंधानकताओं को नियमित विधि-व्यवस्था की ड्यूटी से मुक्त कर मामलों की समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण जांच सुनिश्चित करना है। कार्यशाला में प्राथमिकी दर्ज करने, गिरफ्तारी, तलाशी, जब्ती, साक्ष्य संकलन, वैज्ञानिक जांच और आरोप-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और नए कानून के प्रावधानों का पालन करने का निर्देश दिया गया।

धनबाद के कतरास में लिलोरी स्थान के पूजा कराने वाले मुन्ना पंडित की निर्मम हत्या

रफ्तार मीडिया संवाददाता

धनबाद : धनबाद जिले के कतरास थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया है। तेलियाबांध स्थित आमटांड़ बस्ती में 50 वर्षीय मुन्ना पंडित की अज्ञात अपराधियों ने बेरहमी से हत्या कर दी। गुरुवार को उनका शव उनके ही घर के अंदर लहूलुहान हालत में बरामद हुआ। शुरूआती जांच-पड़ताल में सामने आया है कि हत्यारों ने पहले तार से उनका गला कसने की कोशिश की और फिर शरीर पर चाकू से कई ताबड़तोड़ वार किए। मृतक मुन्ना पंडित की पहचान कतरास के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल लिलोरी स्थान में पूजा-पाठ कराने वाले पुरोहित/व्यक्ति के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही कतरास थाना पुलिस फौरन मौके पर पहुँची। मामले की गंभीरता को देखते हुए बाघमारा पुलिस अनुमंडल के एसडीपीओ अजीत कुमार विमल और कतरास थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने भी घटनास्थल का बारीकी से जायजा लिया और साक्ष्य जुटाए। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक के गले पर तार कसने के निशान और शरीर पर चाकू से वार किए जाने के गहरे जख्म मिले हैं। पुलिस इस ब्लाइंड मर्डर केस की गुत्थी सुलझाने के लिए डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक टीम की मदद ले रही है। फिलहाल हत्या के पीछे की असल वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस जघन्य हत्याकांड को किसने और किन कारणों से अंजाम दिया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और जल्द ही आरोपियों को दबोचने का दावा कर रही है।

पीसीपीएनडीटी एक्ट के उल्लंघन पर तोपचांची जांच घर सील, मशीनों पर लगा प्रशासन का ताला, मार्च 2026 में दिया गया था नोटिस

जांच के दौरान मिला अनुचित पार्टीशन, भारी गंदगी और खराब शौचालय, उपायुक्त के आदेश पर हुई सख्त कार्रवाई

जांच घर में प्रैक्टिस कर रहे डॉ. स्वतंत्र कुमार को दिया जाएगा कारण बताओ नोटिस, स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कंप

रफ्तार मीडिया संवाददाता

धनबाद : धनबाद जिले के तोपचांची में पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों और निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने वाले जांच घरों के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी और कड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार को तोपचांची बाजार स्थित 'तोपचांची जाँच घर' को प्रशासन की टीम ने औचक छापेमारी कर सील कर दिया। इसके साथ ही जांच घर में मौजूद अल्ट्रासाउंड व अन्य मशीनों को भी सील कर दिया गया है।

कमियों का अंबार, मार्च 2026 में थमाया गया था नोटिस

जिला दंडाधिकारी नारायणा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई जाँच के दौरान तोपचांची जाँच घर में भारी अनियमितताएं पाई गईं। निरीक्षण में कमरे के अंदर अनुचित पार्टीशन (बंटवारा), चारों तरफ गंदगी और शौचालय की बेहद खराब स्थिति सामने आई। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इस अवैध संचालन और खामियों को लेकर संचालक रतीलाल साव को गत मार्च 2026 में ही नोटिस जारी किया गया था। इसके बावजूद स्थिति में सुधार न होने पर 16 अक्टूबर को उनकी रिपोर्ट की उच्चस्तरीय समीक्षा की गई, जिसके बाद उपायुक्त के निर्देश पर इस संस्थान को सील करने का कड़ा निर्णय लिया गया।

मशीनें सील, डॉक्टर को कारण बताओ नोटिस

गुरुवार को इसी निर्देश के अनुपालन में प्रशासन ने पूरी सख्ती दिखाते हुए जाँच घर और उसमें रखी गई तमाम मशीनों पर ताला जड़ दिया। वहीं, इस जाँच घर में प्रैक्टिस कर रहे डॉ. स्वतंत्र कुमार को भी नियमानुसार कारण बताओ (शो-कॉज) नोटिस जारी करने की बात कही गई है। इस पूरी कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक टीम में डॉ. विकास राणा, पूजा रत्नाकर और डॉ. तबरेज सहित कई अन्य अधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। जिला प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से तोपचांची और आसपास के इलाकों में अवैध रूप से संचालित होने वाले अन्य डायग्नोस्टिक सेंटरों और जांच घरों में भी हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्वास्थ्य मानकों से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ आगे भी इस तरह की छापामारी जारी रहेगी।

कतरास में अवैध गर्भपात के दौरान महिला की मौत से सनसनी, सेंट्रल डायग्नोस्टिक सेंटर पर उठे सवाल, भ्रूण लिंग जांच के भी लगे आरोप

घटना के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था और अवैध क्लिनिकों के संचालन पर खड़े हुए गंभीर सवाल, पुलिस जांच में जुटी परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप, कतरास थाना प्रभारी ने निष्पक्ष जांच और कार्रवाई का दिया भरोसा

रफ्तार मीडिया संवाददाता

धनबाद : धनबाद जिले के कतरास क्षेत्र में गर्भपात (अबॉर्शन) के दौरान एक महिला की संदिग्ध मौत का मामला सामने आने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। मृतका की पहचान किरण देवी के रूप में हुई है। इस घटना के बाद न केवल अवैध रूप से गर्भपात कराने का मामला गरमा गया है, बल्कि भ्रूण के लिंग की जाँच (सेक्स डिटरमिनेशन) किए जाने के गंभीर आरोपों ने सनसनी और बढ़ा दी है। इस पूरे प्रकरण में 'सेंट्रल डायग्नोस्टिक सेंटर' का नाम सामने आने के बाद मामला और भी संवेदनशील हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, किरण देवी की मौत के बाद स्थानीय स्तर पर चचाओं का बाजार गर्म है कि अवैध तरीके से गर्भपात कराने के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी, जिससे उनकी जान चली गई। इसके साथ ही मामले में भ्रूण लिंग जाँच से जुड़े गंभीर आरोप भी लगाए जा रहे हैं। हालांकि, इन तमाम गंभीर आरोपों की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इस घटना ने कतरास और आसपास के इलाकों में धड़ल्ले से चल रहे अवैध नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक सेंटरों की पोल खोल दी है। मृतका के परिजन चंद्रिका कुमार ने इस घटना पर गहरा दुख जताते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जाँच और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस मामले में संज्ञान लेते हुए कतरास थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा है कि पुलिस हर पहलू से मामले की बारीकी से जाँच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जाँच के आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस यह भी खंगाल रही है कि जिस सेंटर का नाम सामने आ रहा है, उसके पास वैध लाइसेंस था या नहीं और इस अवैध कृत्य में कौन-कौन लोग शामिल हैं। फिलहाल, किरण देवी की अकाल मौत ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली और प्रशासनिक निगरानी पर बड़े सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। अब सबकी निगाहें पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त जाँच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे यह साफ हो सकेगा कि इस त्रासदी के पीछे असल सच्चाई क्या है।

धनबाद में थैलेसीमिया पीड़ित जितेंद्र साव को 10 दिनों से नहीं मिल रहा ए-पॉजिटिव ब्लड

टोटो चलाकर अस्पतालों के चक्कर लगाने को मजबूर

रफ्तार मीडिया संवाददाता

धनबाद : धनबाद में थैलेसीमिया के मरीजों को हर महीने आसानी से और निश्शुल्क रक्त उपलब्ध कराने के तमाम दावों के बीच एक मरीज की दर्दनाक दास्तां ने स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। धनसार नई दिल्ली निवासी थैलेसीमिया पीड़ित जितेंद्र साव पिछले दस दिनों से ए-पॉजिटिव ब्लड के लिए सरकारी और निजी अस्पतालों के चक्कर काटने को विवश हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि टोटो चलाकर अपने परिवार का किसी तरह भरण-पोषण करने वाले जितेंद्र को खुद बीमारी की हालत में भी टोटो चलाते हुए अस्पतालों में रक्त की तलाश करनी पड़ रही है। थैलेसीमिया एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जिसमें पीड़ित मरीजों को नियमित अंतराल पर रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है। जितेंद्र साव को भी हर महीने ब्लड चढ़ाया जाता है, लेकिन इस बार एक महीना दस दिन बीत जाने के बावजूद उन्हें एक यूनिट रक्त नसीब नहीं हो पाया है।

पिछले दस दिनों से वे लगातार ए-पॉजिटिव ब्लड की व्यवस्था के लिए दर-दर भटक रहे हैं, मगर अब तक कोई इंतजाम नहीं हो सका है। शहर में दर्जनों सामाजिक संस्थाएं समय-समय पर बड़े पैमाने पर रक्तदान शिविर आयोजित करती हैं। इन शिविरों में एकत्र होने वाला रक्त जरूरतमंदों की मदद के उद्देश्य से सरकारी अस्पतालों के ब्लड बैंक में जमा कराया जाता है। इसके बावजूद यदि थैलेसीमिया जैसे गंभीर रोग से जूझ रहे मरीज को समय पर रक्त उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, तो यह पूरी व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है। जितेंद्र साव की यह लाचारी केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं है, बल्कि उन तमाम जरूरतमंद मरीजों की पीड़ा को बयां करती है, जिन्हें समय पर रक्त न मिलने के कारण अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ती है। ऐसे में जरूरत है कि जिला स्वास्थ्य विभाग और संबंधित ब्लड बैंक इस मामले का तत्काल संज्ञान लें और ए-पॉजिटिव रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि जितेंद्र को समय पर खून मिल सके और उन्हें इस तरह की जिल्लत भरी ठोकरें न खानी पड़ें।

बाबूलाल मरांडी से मिले भाजपा जिला महामंत्री जगेश्वर प्रजापति, रामगढ़ की जनसमस्याओं पर हुई चर्चा

रामगढ़ (रफ्तार मीडिया संवाददाता): भाजपा रामगढ़ जिला महामंत्री जगेश्वर प्रजापति ने आज रांची स्थित आवासीय कार्यालय में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माननीय श्री बाबूलाल मरांडी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान रामगढ़ जिले से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं, क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा आम जनता को हो रही परेशानियों के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही, जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान और आम लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने को लेकर विचार-विमर्श हुआ। मुलाकात के दौरान जनता की समस्याओं के प्रति गंभीरता दिखाते हुए उनके समाधान की दिशा में प्रभावी पहल करने तथा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने पर जोर दिया गया।

समाचार सार

दुमका में शादी का झांसा देकर दो साल तक यौन शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार, छह महीने के बच्चे की मां ने दर्ज कराई थी एफआईआर

शिकारीपाड़ा /दुमका (रफ्तार मीडिया संवाददाता) : दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती के साथ शादी का प्रलोभन देकर दो वर्षों तक यौन शोषण करने और फिर मुकर जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पाकुड़ जिले के पाकुड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर गांव निवासी अनिल किस्कू के रूप में हुई है, जो पहले से ही शादीशुदा और दो बच्चों का पिता है। पीड़िता द्वारा थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार, एक फुटबॉल मैच देखने के दौरान उसकी मुलाकात अनिल से हुई थी, जिसके बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। आरोपी ने अपनी पहली शादी और बच्चों की बात युवती से छिपाई तथा शादी का झांसा देकर लगातार उसका यौन शोषण करता रहा। इस दौरान पीड़िता ने छह महीने पहले एक बच्चे को भी जन्म दिया। जब पीड़िता ने उस पर शादी का दबाव बनाया, तो वह पहले टालमटोल करता रहा और बाद में साफ मुकर गया। आखिरकार तंग आकर पीड़िता ने शिकारीपाड़ा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने कांड संख्या 111/26 दर्ज करते हुए बीएनएस की धारा 69 के तहत मामला पंजीबद्ध किया। इसी बीच, गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अनिल किस्कू शिकारीपाड़ा बाजार आया हुआ है, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है, जबकि पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए दुमका स्थित फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है।

जैतूखाड़ में पुल निर्माण की मांग,रत्नावली कुमारी ने दी आंदोलन की चेतावनी

पलामू (रफ्तार मीडिया संवाददाता): लेस्लीगंज पश्चिमी जिला परिषद सदस्य प्रत्याशी रत्नावली कुमारी ने नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड के जैतूखाड़ गांव में मलय नदी पर पुल निर्माण की मांग उठाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है. उन्होंने कहा कि आजादी के 80 साल बाद भी जिला मुख्यालय से महज आठ किलोमीटर दूर बसे इस गांव के करीब 150 दलित परिवारों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ रही है। पुल नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई और मरीजों को अस्पताल पहुंचाना चुनौती बना हुआ है। मजबूर ग्रामीणों ने अपने पैसे और श्रमदान से नदी में पाइप डालकर अस्थायी रास्ता बनाया है। रत्नावली कुमारी ने पूर्व और वर्तमान जनप्रतिनिधियों से सवाल किया कि वर्षों से इस समस्या का समाधान क्यों नहीं हुआ। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ग्रामीण कार्य मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और पलामू के उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत से पुल निर्माण की दिशा में ठोस पहल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि दलितों के विकास का दावा करने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए गांव की यह तस्वीर आत्ममंथन का विषय है। गांव के सैकड़ों युवा सेना और पुलिस में रहकर देश की सेवा कर रहे हैं, लेकिन उनके गांव को आज भी पुल नसीब नहीं है। रत्नावली ने जल्द गांव पहुंचकर वास्तविक स्थिति का आकलन करने की बात कही। साथ ही चेतावनी दी कि पुल निर्माण की दिशा में ठोस पहल नहीं होने पर ग्रामीणों के साथ लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

शिकारीपाड़ा में दर्दनाक सड़क हादसा: ओवरलोडेड हाइवा की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

शिकारीपाड़ा/दुमका (रफ्तार मीडिया संवाददाता) : दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के कालीपाथर के पास बुधवार की रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक काजल दास की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि काजल दास अपनी बाइक से शिकारीपाड़ा से रामपुरहाट की ओर जा रहे थे, तभी कालीपाथर के समीप पत्थर खदान से ओवरलोड बोल्डर लादकर बंगाल की ओर जा रहे हाइवा और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हो गई । टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। इस अचानक हुई दुर्घटना से मृतक के घर में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। काजल दास अपने पीछे अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चों को छोड़ गए हैं, जिनके सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले बोल्डर लदा ओवरलोडेड हाइवा को जब्त कर थाने ले आई है और ब्लॉक मैदान में खड़ा कर दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

नारायणपुर के शिमला-बुधूडीह अगलगी मामले में सक्रिय हुए भाजपा जिलाध्यक्ष

जामताड़ा : नारायणपुर प्रखंड के पबिया मंडल क्षेत्र के शिमला-बुधूडीह गांव में 28 अक्टूबर को शॉर्ट सर्किट से भाजपा समर्थक नंद किशोर मंडल के घर में आग लगने की घटना के बाद गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित शरण पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और घटना की जानकारी ली। साथ ही परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों से बातचीत की। भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित शरण ने कहा कि आग लगने की घटना से प्रभावित परिवार के प्रति उनकी संवेदना है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वे पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे, ताकि उनकी स्थिति की जानकारी लेकर सहायता के लिए आवश्यक पहल की जा सके। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार को सरकारी मदद दिलाने के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी और अंचल अधिकारी से बात की गई है। इसके अलावा थाना प्रभारी से भी मुलाकात कर घटना के संबंध में चर्चा की गई। सुमित शरण के अनुसार, संबंधित अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवार अकेला नहीं है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता परिवार के साथ खड़े हैं और उन्हें हरसंभव सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। सुमित शरण ने कहा कि आगजनी जैसी घटना के बाद प्रभावित परिवार को राहत पहुंचाना जरूरी है। प्रशासन को मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए नियमानुसार सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करनी चाहिए। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता निमाई सेन और मंडल महामंत्री अंकुल यादव उपस्थित थे।

पीआरजीआई/आरएनआई पंजीयन संख्या RNI NO. JHHIN/26/3481 स्वतत्वाधिकारी,संपादक एवं प्रकाशक गौरव कुमार, कार्यकारी संपादक अरविंद कुमार, उत्तम निवास, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, अरगोड़ा थाना के पास, हरमू, रांची, झारखंड 834002 से प्रकाशित, एसएच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, रातू काठीटांड़ नियर टेंडर बगीचा एचपी पेट्रोल पंप, पीओ रातू, रांची 835222 से मुद्रित, फोन नंबर 6203592707,ईमेल -raftaarhr@gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेवार) समस्त विवादों का क्षेत्राधिकार रांची न्यायलय रहेगा।